दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल
रायपुर, शनिवार, 24 मई 2025 कृष्ण पक्ष-द्वादशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 102 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर एक बार पलटी मारी है। पहले कहा था कि उन्होंने संघर्ष विराम कराया। फिर कहा कि नहीं कराया। अब फिर से कहा कि उन्होंने ही कराया है। डोनाल्ड ट्रंप ने तय कर लिया है कि वे पलटी मारने में नीतीश कुमार का रिकॉर्ड तोड़कर दुनिया का सबसे बड़ा पल्टूराम बनकर ही दम लेंगे। ऐसा लगता है कि उन पर उम्र का असर पड़ रहा है वे सोचते कुछ हैं। कहते कुछ हैं। करते कुछ हैं और होता कुछ है।

ट्रंप की धमकी : एपल को अमेरिका में ही आईफोन का निर्माण करना होगा

■ अगर यूएस में नहीं बनाया आईफोन तो लगाएंगे 25 प्रतिशत टैरिफ

वाशिंगटन(ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर एपल को धमकी दी है। उन्होंने शुक्रवार को खुली धमकी देते हुए कहा कि एपल को अमेरिका में ही आईफोन का निर्माण करना होगा। अगर वह अमेरिका से बाहर भारत या अन्य किसी देश में ऐसा करेंगे तो यह एपल पर भारी पड़ेगा। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर कहा कि अगर प्रौद्योगिकी कंपनी ने ऐसा नहीं किया तो एपल के उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा।

शुक्रवार को ट्रूथ सोशल पर ट्रंप ने पोस्ट कर यह धमकी दी। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, मैंने बहुत पहले ही एपल के टिम कुक को इस बारे में बता दिया था कि मुझे उम्मीद है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में बेचे जाने वाले उनके आईफोन का निर्माण संयुक्त राज्य अमेरिका में किया जाएगा, न कि भारत या किसी अन्य स्थान पर। अगर ऐसा नहीं होता है, तो एपल को अमेरिका को कम से कम

25 प्रतिशत टैरिफ का भुगतान करना होगा। **बीते सप्ताह भी दी थी ऐसी ही धमकी :** इससे पहले बीते सप्ताह भी उन्होंने ऐसा ही दावा किया था। तब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत में एपल का हाल

गौरतलब है कि एपल चीन पर ट्रंप के टैरिफ के चलते अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को समायोजित कर रही है। इस बाबत वह आईफोन निर्माण को भारत में स्थानांतरित करने पर विचार कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में एपल भारत में अपनी विनिर्माण क्षमता को लगातार बढ़ा रहा है। कंपनी फॉक्सकॉन और विस्ट्रॉन जैसे अनुबंध निर्माताओं के जरिए से देश में आईफोन बनाती है। ये कोशिशें ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बढ़ सकती है आईफोन की कीमत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि आईफोन की कीमतों में नाटकीय रूप से बढ़ोतरी हो सकती है। इसके चलते एपल की बिक्री और मुनाफे को नुकसान हो सकता है। इतना ही नहीं एपल भी अब अमेजन वालमार्ट और अन्य प्रमुख कंपनियों के साथ व्हाइट हाउस के निशाने पर आ गई है। दरअसल, ये कंपनियां ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ से पैदा हुई अनिश्चितता और मुद्रास्फीति के दबाव का जवाब देने की कोशिश कर रही हैं।

पाकिस्तान के विरुद्ध नया डोजियर सौंपेगा भारत

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारत पहलगाम आतंकवादी हमले से उत्पन्न परिस्थितियों के बीच पाकिस्तान के खिलाफआतंकवाद के वित्तपोषण को लेकर बहुपक्षीय संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) को नया डोजियर देने की तैयारी में है। सूत्रों ने यहां बताया कि भारत एफएटीएफसे मांग करेगा कि पाकिस्तान को पुनः 'ग्रे सूची' (संदिग्ध देशों की सूची) में रख कर उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। पेरिस स्थित यह संस्था धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण पर नजर रखती है और इसमें भारत सहित 39 देश शामिल हैं।

एनआईए ने लॉरेंस गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया

नयी दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने खूंखार लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक प्रमुख सहयोगी को गिरफ्तार किया है जो गिरोह के सदस्यों को फर्जी पासपोर्ट की मदद से देश से भागने में मदद कर रहा था। एनआईए ने शुक्रवार को बताया कि लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के पासपोर्ट मॉड्यूल को चलाने वाले राहुल सरकार को एजेंसी की पटियाला हाउस स्थित विशेष अदालत में पेश किया गया जहां से उसे एनआईए की हिरासत में भेज दिया गया।

मतदाताओं को मोबाइल जमा कराने की सुविधा : ईसी

नयी दिल्ली (वार्ता)। चुनाव आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केन्द्रों के बाहर मोबाइल जमा करने की सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है। आयोग ने इसके साथ ही प्रत्याशियों को मतदान केंद्रों से 100 मीटर बाहर अपने बस्ते लगाने की छूट देने का फैसला किया है जहां वे मतदाताओं को अनौपचारिक रूप से मतदाता-पर्चिया उपलब्ध करा सकेंगे। अब तक इसे कम से कम 200 मीटर दूर रखने की व्यवस्था लागू थी।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने जापानी सांसद यासुहिरो हनाशी से मुलाकात की

जेडी(यू)। सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में भारत के एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) की आतंकवाद निरोध पर शोध समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष और जापान के पूर्व न्याय मंत्री यासुहिरो हनाशी से मुलाकात की। अपनी बैठक में सांसदों ने आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ भारत के एकजुट और दृढ़ रुख पर प्रकाश डाला।

रूस, जापान और अबू धाबी में भारतीय प्रतिनिधिमंडल

वाशिंगटन(ए.)। भारत का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल 33 देशों की राजधानियों का दौरा कर रहा है। सात अलग-अलग दलों में 51 सांसदों के अलावा कई राजनयिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री और नौकरशाह भी शामिल हैं। आतंकवाद पर पाकिस्तानी सरकार की नीतियों को बेनकाब करने के लिए इन प्रतिनिमंडलों को भेजा गया है। डीएमके सांसद कनिमोझी की अगुवाई में एक दल रूस की राजधानी मॉस्को पहुंचा, जबकि दो अन्य दल जापान और यूएई का दौरा कर चुके हैं।

विशेष कामांडो की व्यूह रचना में फंसे चार नक्सली मारे गए

■ राज्य में दो दिन पहले छत्तीसगढ़ में 27 नक्सली ढेर

गढ़चिरौली/बीजापुर (ए.)। महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित गढ़चिरौली जिले में शुक्रवार को एक संयुक्त अभियान में पुलिस की विशेष कमांडो इकाई सी-60 और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने मुठभेड़ के दौरान चार माओवादियों को मार गिराया। अधिकारी ने एक बयान में बताया कि कवांडे इलाके में हाल ही में खोले गए एफओबी (फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस) के पास महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर माओवादियों की मौजूदगी के बारे में मिली खुफिया जानकारी के आधार पर बृहस्पतिवार दोपहर एक अभियान शुरू किया गया।

बयान में कहा गया कि 10 से अधिक सी-60 पार्टियों (300 कमांडो) और सीआरपीएफ के एक घटक ने भारी बारिश के बीच कवांडे और नेलगुंडा क्षेत्रों से इंद्रावती नदी के तट की ओर अभियान शुरू किया।

अधिकारी ने बताया कि पूर्वी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में शुक्रवार की सुबह जब घेराबंदी और तलाश की जा रही थी, तभी माओवादियों ने सी-60 कमांडो पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने प्रभावी जवाबी कार्रवाई दो घंटे तक रुक-रुक कर गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि करीब दो घंटे तक रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही और बाद में सुरक्षा बलों ने चार माओवादियों के शव बरामद किए। बयान के अनुसार, घटनास्थल से एक स्वचालित 'सेल्फ-लोडिंग राइफल', दो .303 राइफल, एक भरमार बंदूक, वॉकी-टॉकी, शिविर सामग्री और नक्सली दस्तावेज बरामद किए गए। इससे दो दिन पहले महाराष्ट्र के पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

12.30 करोड़ के इनामी नक्सली ढेर

बसवाराजू पर था 10 करोड़ का इनाम, सभी की हुई शिनाख्ती

छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई, जिसमें डीआरजी (जिला सुरक्षा बल) के जवानों ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। इस मुठभेड़ में डीआरजी के जवानों ने सीपीआई (माओवादी) के महासचिव बसवराजू समेत 27 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए सभी नक्सलियों की पहचान कर ली गई है। इनमें से बसवराजू पर 10 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था, जो देश के सबसे वांछित नक्सलियों में से एक था। इसके अलावा एक नक्सली पर 25 लाख रुपए, चार पर 10-10 लाख रुपए और 21 नक्सलियों पर 8-8 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

दस लाख के ईनामी डिप्टी कमांडर सहित 24 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

बड़े नक्सली लीडर बसवराजु के मौत के बाद दो दिन बाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कंपनी नंबर 02 के डिप्टी कमांडर राकेश सहित कुल 24 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। दस लाख के ईनामी कंपनी कमांडर सहित 24 नक्सलियों पर 87.05 लाख का ईनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाला सभी 24 माओवादी फायरिंग, आईडी ब्लास्ट, आगजनी जैसे अन्य घटनाओं में शामिल थे. सीआरपीएफ डीआईजी देवेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक डॉ.जितेन्द्र यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूलेण्डन यार्क, डीएसपी शरद जायसवाल, उप पुलिस अधीक्षक विनीत साहू एवं अन्य अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादियों को अधिकारियों ने 50-50 हजार रुपये नगद राशि प्रदान किया।

आतंकवाद, माओवाद हिंसा अब बर्दाश्त नहीं : मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शांति और बुनियादी ढांचागत सुविधाओं को विकास की आवश्यक शर्त बताया है और कहा है कि उनकी सरकार ने पिछले 11 वर्ष में पूर्वोत्तर क्षेत्र में अवसंरचना-विकास और शांति के लिए जो काम किए हैं, उससे पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्य आज निवेशकों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मोदी ने शुक्रवार को यहां पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों के विकास के विषय पर केन्द्रित दो दिवसीय निवेशक सम्मेलन-नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करते शांति के महत्व को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने कहा, आतंकवाद हो या अशांति फैलाने वाले माओवादी, (उनके प्रति) हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस (रत्ती भर भी बर्दाश्त न करने) की नीति पर चल रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पूर्वोत्तर में विभिन्न संगठनों के साथ पिछले कुछ वर्षों में कई शांति समझौते किए हैं और 10 हजार से अधिक युवाओं ने हथियार छोड़ कर मुख्य धारा को अपनाया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र की उनकी योजना में क्षेत्र के युवाओं के लिए विकास के अवसरों का सृजन सबसे उच्च प्राथमिकता रखता है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्ष में हमने पूर्वोत्तर में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए जो कुछ किया है, वह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि वह क्षेत्र ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पूर्वोत्तर में पर्यटन की अपार संभावना

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपने पूर्वोतर क्षेत्र में विकास और व्यापर की संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग के विकास तथा कोलकाता और कालादान (म्यांमार) बंदरगाह सम्पर्क परियोजना पर काम कर रहा है। मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों और पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों के सम्मिलित प्रयासों से पूर्वोत्तर में निवेश का शानदार माहौल बना है। पूर्वोत्तर क्षेत्र की विविधता उसकी बड़ी शक्ति है। सम्मेलन का आयोजन केंद्र सरकार के पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) द्वारा किया गया है। मंत्रालय के प्रभारी मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि और उनके मार्गदर्शन से आज अवसरों से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पूरी दुनिया में बेनकाब हो गया पाकिस्तान : शाह

नयी दिल्ली (वार्ता)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों पर भारत की सैन्य कार्रवाई के विरोध में और आतंकवादियों के समर्थन में भारत पर जवाबी कार्रवाई करने से दुनिया भर में पाकिस्तान की पहचान आंतकवाद का समर्थन करने वाले देश की बन गयी है और वह पूरी तरह बेनकाब हो गया है। श्री शाह ने शुक्रवार को यहां रूस्तमजी स्मृति व्याख्यान और सीमा सुरक्षा बल अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नए कानूनों पर अमल जरूरी : शाह

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के साथ राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की और कहा कि नागरिकों को अधिकार दिलाने के लिए नए आपराधिक कानूनों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लड़खड़ा गई है देश की विदेश नीति : राहुल

नयी दिल्ली (वार्ता)। लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को मोदी सरकार पर विदेश नीति को कमजोर करने पर आरोप लगाया और विदेशमंत्री एस जयशंकर की कार्यशैली पर भी सवाल उठायें। गांधी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, जयशंकर को यह जवाब देना चाहिए कि कुछ देश पाकिस्तान को भारत के बराबरी पर क्यों रख रहे हैं और एक भी देश पाकिस्तान की निंदा करने में हमारा साथ क्यों नहीं दे रहा है। कांग्रेस नेता ने यह सवाल भी किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारत,पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की विदेश नीति लड़खड़ा गयी है।

बैडमिंटन खेलने के बाद युवक की थमी सांसें

■ बैडमिंटन कोर्ट के सामने बैठा तो अचानक रूक गईं दिल की धड़कनें

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के सप्रे शाला परिसर में मौजूद बैडमिंटन कोर्ट में एक युवक घंटेभर जमकर खेला। फिर वह सुस्ताने के लिए कोर्ट के किनारे जैसे बैठे बेहोश हो गया। इसके बाद आनन-फानन अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद लोग अचंभित हैं, उन्हें समझ नहीं आ रहा कि ऐसा क्या कारण था। बहरहाल, ये तो जांच का विषय है। बल्कि शहर में जो भी सुन रहा है, अवाक रह जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने जो घटना बताई है, उसके मुताबिक अमलीडीह के खुशी इन्क्लेव निवासी हिमांशु श्रीवास्तव पहली बार बैडमिंटन अकादमी पहुंचे और संभवतः रोज खेलने के लिए रजिस्टर करवाया। इसके बाद हिमांशु बैडमिंटन लेकर कोर्ट में उतरे। बताते हैं कि हिमांशु थोड़े ओवरवेट थे। करीब एक घंटा बैडमिंटन खेलने के बाद वे कोर्ट के किनारे ही बैठे तथा एक और खिलाड़ी से बात करने लगे। इसी दौरान अचानक अचेत हुए और खलबली मच गई। एंबुलेंस बुलाकर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

युवक की अचानक मौत से खिलाड़ियों में शोक की लहर

जवान व्यक्ति की खेलते हुए मृत्यु से खिलाड़ी जगत में भी दुख है। अब तक जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक हिमांशु शंकरनगर की किसी कार्पोरेट कंपनी में मैनेजर थे। वे कुछ अरसा पहले ही भिलाई के सेक्टर-4 से रायपुर में शिफ्ट हुए थे। हिमांशु और परिवार के बारे में अभी बहुत अधिक जानकारी नहीं मिल पाई है, सिर्फ यही पता चला है कि पत्नी के साथ खुशी एन्क्लेव में मकान लिया था। बैडमिंटन अकादमी की ओर से इस दर्दनाक घटना के तुरंत बाद कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई।

गरमा-गरम

शत-शत नमन... साय ने शहीद जवान नंदलाल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

हमारे जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी : सीएम साय

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बीजापुर जिले के उसूर क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान अदम्य साहस का परिचय देते हुए शहीद सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के कांस्टेबल सोलंकी मेहुल भाई नंदलाल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और पार्थिव शरीर को कंधा देकर उनके गृह राज्य रवानगी से पूर्व अंतिम विदाई दी। मुख्यमंत्री ने आज माना स्थित चौथी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल परिसर पहुंचकर शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किए और उन्हें नमन किया। साय ने इस मौके पर शहीद के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और ईश्वर से उन्हें इस कठिन समय में शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद मेहुल भाई की वीरता और देशभक्ति हमेशा याद रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष से नक्सल विरोधी अभियान तेज हुआ है और हमारे जवानों ने नक्सलवाद से डटकर मुकाबला कर बड़ी सफलताएं हासिल की है। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद के समूल नाश का अपना संकल्प हम पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी।

सरकार शहीद परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहयोग करेगी। कांस्टेबल सोलंकी मेहुल भाई का बलिदान वीरता और राष्ट्र के प्रति समर्पण की सर्वोच्च परंपरा को दर्शाता है।

विशेष विमान से गुजरात भेजा गया पार्थिव देह

नक्सल ऑपरेशन में शहीद सीआरपीएफ के जवान मेहूल भाई नंदलाल सोलंकी को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने श्रद्धांजलि दी। सुकमा और बीजापुर में गत दिवस हुए नक्सल मुठभेड़ में सीआरपीएफ के जवान मेहूल भाई नंदलाल सोलंकी शहीद हो गए थे. उनका पार्थिव शरीर माना स्थित 4थी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल परिसर में लाया गया।गमगीन माहौल में मुख्यमंत्री साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ बल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जवानों ने उन्हें अंतिम सलामी दी। श्रद्धांजलि के बाद शहीद जवान का पार्थिव शरीर विशेष विमान से एयरलिफ़्ट कर गुजरात भेजा गया।

राम मंदिर के शिखर को स्वर्ण जड़ित करने की प्रक्रिया शुरू

अयोध्या(आईएएनएस)। राम मंदिर के शिखर को स्वर्ण जड़ित करने की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई है। मंदिर के सभी शिखरों को स्वर्ण जड़ित किया जाएगा। दो-तीन दिन के अंदर इस काम को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने आईएएनएस से बातचीत में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सब कुछ तय प्रक्रिया के तहत हो। जो लोग मंदिर के शिखर पर स्वर्ण स्थापित करेंगे, वे लोग भी पहुंच चुके हैं। आज इस काम को शुरू कर दिया जाएगा। यह कोशिश रहेगी कि इस काम को तय समय तक संपन्न कर लिया जाए। इसके अलावा, उन्होंने राम मंदिर की समीक्षा किए जाने के बारे में भी बताया। कहा कि हमने यह समीक्षा सिर्फ यह जानने के लिए की थी कि सब कुछ तय समय के तहत हो पाएगा या नहीं। समीक्षा के बाद मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि सब कुछ निर्धारित समय में संपन्न हो जाएगा। इस दिशा में कोई दिक्कत नहीं होगी।

राम मंदिर निर्माण से संबंधित सभी धार्मिक कार्यों की शुरुआत तीन जून से होगी और समापन पांच जून को होगा। इसके साथ ही मंदिर के मुख्य निर्माण कार्य भी संपन्न हो जाएंगे। इसके बाद रखरखाव का काम शुरू होगा। मंदिर के शेष परिसर में निर्माण कार्य की प्रक्रिया जारी रहेगी। कार्य प्रगति को देखते हुए मंदिर समिति का मानना है कि सितंबर-अक्टूबर तक यह कार्य भी पूरा हो जाएगा।

सप्त मंदिर का निर्माण भी पूरा हो चुका है। यहां पर ऋषि-मुनियों की मूर्तियां स्थापित की जाएंगी।

मंदिर के द्वार का निर्माण 30 जून तक संपन्न हो जाएगा

नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि कल मैंने मुख्य रूप से मंदिर के द्वार, सभागृह और अतिथि गृह के निर्माण की समीक्षा की थी। मुझे लगता है कि मंदिर के द्वार का निर्माण 30 जून तक संपन्न हो जाएगा। द्वार के निर्माण में कुछ कठिनाइयां आई थीं, क्योंकि द्वार हमारी आशा के अनुरूप नहीं बन पाया था, जिसके बाद शीर्ष स्तर से इसे दोबारा से बनाए जाने के निर्देश दिए गए थे। इस वजह से इसके निर्माण कार्य में थोड़ा विलंब हो गया। पहले हमने तय किया था कि मंदिर का पहला द्वार मई तक पूरा कर लिया जाए, लेकिन अब जून तक पूरा हो जाएगा। अगस्त तक द्वार संख्या 11 का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इसके बाद इसे खोलकर द्वार संख्या 3 का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। साथ ही, राम मंदिर निर्माण के संबंध में बुलाई गई दो दिवसीय समीक्षा बैठक के उद्देश्य के बारे में भी बताया। कहा कि इस बैठक में मुख्यतः अब तक हुए निर्माण कार्य की समीक्षा की जाएगी। इसके बाद आगे क्या कदम उठाए जाने हैं, इसके बारे में भी फैसला किया जाएगा। बैठक में देखेंगे कि निर्माण कार्य में कहीं कोई दिक्कत तो नहीं आ रही है। अगर कहीं कोई दिक्कत होगी, तो उसे तत्काल दूर किया जाएगा। भगवान राम, उनके भ्राता लक्ष्मण और मां सीता की मूर्ति आज किसी भी कीमत पर अयोध्या पहुंच जाएगी। इसके बाद इन मूर्तियों को मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित कर दिया जाएगा।

मप्र. के स्कूली पाठ्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर को शामिल करने की उठी मांग

भोपाल(आईएएनएस)। भारतीय सेना ने अपने शौर्य और पराक्रम के बल पर पाकिस्तान को सबक सिखाया है। मध्य प्रदेश के राजनेताओं ने मांग की है कि स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए। ताकि ऑपरेशन सिंदूर के बारे में अगली पीढ़ी जान सके। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राज्य के भाजपा और कांग्रेस के नेता ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय सेना की बड़ी सफलता मानते हैं। उनका मानना है कि सेना के शौर्य और पराक्रम को अगली पीढ़ी को भी जानना जरूरी है। यह तभी संभव है जब स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम में इसे शामिल किया जाए। उत्तराखंड मदरसा बोर्ड ने ऑपरेशन सिंदूर को पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय पहले ही ले लिया है। ऐसे ही भोपाल से भाजपा के सांसद आलोक शर्मा ने ऑपरेशन सिंदूर को स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाए जाने की मांग करते हुए कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर को स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाए जाने से आने वाली पीढ़ी को पता चलेगा कि किस प्रकार से देश की सेना के वीर सैनिकों ने हिंदुस्तान की रक्षा की और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया।

पूर्वोत्तर के आर्थिक विकास के लिए अदाणी ग्रुप 1 लाख करोड़ रुपए निवेश करेगा

नई दिल्ली(आईएएनएस)। पूर्वोत्तर राज्यों के तेज आर्थिक विकास के लिए अगले एक दशक में अदाणी समूह असम और अन्य पूर्वोत्तर इलाकों में एक लाख करोड़ रुपए निवेश करेगा। यह ऐलान चेयरमैन गौतम अदाणी ने शुक्रवार को किया। प्रधानमंत्री मोदी, पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में 'राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट' को संबोधित करते हुए अरबपति कारोबारी ने कहा कि उनका फोकस ग्रीन एनर्जी, स्मार्ट मीटर, हाइड्रो-पंप स्टोरेज, पावर ट्रांसमिशन, सड़क और राजमार्ग, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स और ह्यूमन कैपिटल डेवलपमेंट है।

पूर्वोत्तर राज्य बन रहे भारत का डिजिटल गेटवे : पीएम मोदी

नई दिल्ली(आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नॉर्थ ईस्ट को भारत का डिजिटल गेटवे बताया। नॉर्थ ईस्ट में एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट इकोसिस्टम को लेकर केंद्र सरकार की क्या प्लानिंग है और अब तक उन्होंने कैसे इस पर काम किया है इसकी जानकारी भी पीएम मोदी ने दी।

पीएम मोदी ने कहा, "बीते दशक में 21,000 करोड़ रुपए नॉर्थ ईस्ट के एजुकेशन सिस्टम पर निवेश किए गए हैं। करीब 850 नए स्कूलों का निर्माण किया गया है। 9 नए मेडिकल कॉलेज बनाए गए हैं। मिजोरम में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन का कैंपस बनाया गया है। करीब 200 नए स्किल डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट स्थापित किए गए हैं।" शुक्रवार को 'राइजिंग नॉर्थईस्ट इंवेस्टर समिट' के मंच से सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस भव्य मंच पर आकर मन गौरव से भर गया है और यहां भविष्य को लेकर अपार विश्वास नजर आता है। उन्होंने कहा, "अभी कुछ समय पहले यहां भारत मंडपम में हमने अष्टलक्ष्मी महोत्सव मनाया था और आज हम यहां नॉर्थईस्ट में इंवेस्टमेंट का उत्सव मना रहे हैं। इस कार्यक्रम का हिस्सा बड़ी संख्या में आए इंडस्ट्री लीडर्स बने हैं, जो दिखाता है कि नॉर्थईस्ट को लेकर सभी में उत्साह, उमंग और नए सपने हैं।"

प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर को देश का विविधता से परिपूर्ण हिस्सा बताया। बोले, "भारत, दुनिया के समक्ष सबसे डायवर्स नेशन के रूप में अपनी एक अलग पहचान बनाता है और नॉर्थईस्ट इस डायवर्स नेशन का डायवर्स हिस्सा है। ट्रेड से ट्रेडिशन तक, टेक्सटाइल से टूरिज्म तक पूर्वोत्तर राज्य की डायवर्सिटी इसकी बहुत बड़ी ताकत है।" उन्होंने आगे कहा, ÷एक समय था जब नॉर्थ ईस्ट को केवल फ्रंटियर रिजन के रूप में जाना जाता था, वहीं आज नॉर्थ ईस्ट ग्रोथ का फ्रंट रनर बन रहा है।"

देश 2047 तक विकसित भारत बनने की राह पर अग्रसर : मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश 2047 तक विकसित भारत बनने की राह पर अग्रसर है और इस सपने को पूरा करने के लिए पूर्वी भारत का विकास मायने रखता है। उन्होंने विकसित भारत के लक्ष्य में नॉर्थईस्ट की महत्ता पर जोर देते हुए कहा,पूर्वोत्तर भारत का सबसे अहम अंग है। हमारे लिए ईस्ट का मतलब, एम्पावर, एक्ट, स्ट्रेंथ और ट्रांसफॉर्म से है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में पूर्वोत्तर राज्यों में एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजरा है, जो आंकड़ों तक सीमित न होकर जमीन पर महसूस होने वाला बदलाव है। उन्होंने इंफ्रास्ट्र र को लेकर कहा कि हमने इंफ्रास्ट्र र को केवल ईंट और सीमेंट से नहीं देखा बल्कि उसे इमोशनल कनेक्ट का रास्ता बनाया। हमने लुक ईस्ट से आगे बढ़कर एक्ट ईस्ट का मंत्र अपनाया।

घुसपैठियों पर एक्शन

दिल्ली पुलिस ने 121 अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ा

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर भारत में अवैध रूप से रह रहे 121 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। जिन्हें डिपोर्ट किया जाएगा।

दिल्ली में पकड़े गए अवैध बांग्लादेशियों को लेकर उनके निर्वासन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के माध्यम से की जा रही है। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि एक सप्ताह में अवैध प्रवासियों को हिरासत में लिया गया है। इन सभी से पूछताछ की जा रही है। कैसे भारत में एंट्री मिली और कैसे यहां तक पहुंचे हैं। वहीं इस मामले पर पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) निधिन वलसन ने कहा कि देश में बाहर से आकर रह रहे अवैध प्रवेश और ठहरने में कथित रूप से शामिल एक संदिग्ध सिंडिकेट की जांच के लिए नरेला औद्योगिक क्षेत्र पुलिस स्टेशन में भी मामला दर्ज किया गया है। जिसकी जांच की जा रही है। जानकारी के लिए बता दें कि बीती 15 मई को दिल्ली में पुलिस ने छह जिलों में तीन दिनों के अंदर 361 से ज्यादा अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ा था। इनमें से ज्यादातर को बांग्लादेशी वापस डिपोर्ट कर दिया गया है। कागजी कार्रवाई पूरी नहीं होने तक बाकी को लामपुर और शाहजादपुर स्थित डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। जांच में बांग्लादेश से भारत में घुसने का नया रूट भी सामने आया है।

पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया था कि बाहरी जिला पुलिस ने सबसे ज्यादा 200 से ज्यादा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया।

हम तुम्हारी सांसें रोक देंगे, पाकिस्तानी सेना के अधिकारी ने उगला जहर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की सेना पर आतंकी संगठनों को पालने-पोसने के आरोप लगते रहते हैं। अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें पाकिस्तानी सेना के अधिकारी भारत के खिलाफ जहर उगलते और आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद की भाषा बोलते नजर आ रहे हैं। वीडियो पाकिस्तानी सेना के एक शीर्ष अधिकारी का है, जो एक इवेंट के दौरान वही भाषा और शब्द इस्तेमाल कर रहे हैं, जो पूर्व में आतंकी हाफिज सईद कर चुका है। ऐसा लगता है कि स्क्रिप्ट एक ही है, बस बोलने वाले अलग हैं।

बोली हूबहू आतंकी हाफिज सईद की भाषा

वीडियो पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी का है, जो पाकिस्तान की यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भारत के खिलाफ जहर उगलते हुए कहा कि 'अगर आप हमारा पानी रोकेंगे तो हम आपकी सांसें रोक देंगे।' इस बयान को भारत के सिंधु जल समझौते को स्थगित करने से जोड़कर देखा जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने यह सख्त कदम उठाया था। पाकिस्तानी सेना के अधिकारी का यह बयान बिल्कुल आतंकी हाफिज सईद के पुराने बयान जैसा है, जिसने कहा था कि 'अगर तुम पानी रोकेंगे तो इंशाअल्लाह, हम आपकी सांसें रोक देंगे और फिर इन नदियों में खून बहेगा।' सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने सेना के अधिकारी और आतंकी की भाषा में इतनी समानता पर सवाल उठाए हैं।

'कोई भी संस्था महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती' : सुको

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मातृत्व अवकाश से जुड़ा एक अहम फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि अनुसार मातृत्व अवकाश मातृत्व लाभ का एक अभिन्न अंग है और महिलाओं के प्रजनन अधिकारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि कोई भी संस्था किसी महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती। यह ऐतिहासिक आदेश तमिलनाडु की एक महिला सरकारी शिक्षिका की आरे से दायर याचिका पर आया। महिला को दूसरी शादी से हुए बच्चे के जन्म के बाद मातृत्व अवकाश देने से मना कर दिया गया था।

भारत-अमेरिका ने पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते पर की प्रगति : गोयल

नई दिल्ली(आईएएनएस)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण की बातचीत चल रही है। इस बातचीत में केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा है कि दोनों देश एक पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते पर पहुंचने के लिए काम कर रहे हैं। भारत ने विकास और जनसांख्यिकी के दृष्टिकोण को देखते हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के सामने अपने महत्व को उजागर करते हुए एक अहम भागीदार के रूप में खुद की छवि पेश की है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने गुरुवार (अमेरिकी समय) को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ÷पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते के लिए सचिव हॉवर्ड लुटनिक के साथ एक सकारात्मक और उपयोगी बैठक हुई।" इससे पहले केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा था कि अमेरिका के साथ सकारात्मक बातचीत चल रही है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने संवाददाताओं से कहा, ÷भारत की विकास दर को देखते हुए, अगले 25-30 वर्षों में एक बड़ी, महत्वाकांक्षी, युवा आबादी वस्तुओं और सेवाओं की मांग में इजाफा करेगी। हमारा मानना है कि अमेरिका के साथ एक अच्छा समझौता करने के लिए भारत एक आकर्षक अवसर पेश करता है।"

दोनों देश अवसर बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि दोनों देश "अपने व्यवसायों और लोगों के लिए अवसरों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" भारत और अमेरिका 2025 की शरद ऋतु की सहमत समयसीमा से पहले टैरिफ को कम करने के लिए बीटीए के पहले चरण पर हस्ताक्षर करने के लिए काम कर रहे हैं, क्योंकि समझौते के लिए संदर्भ की शर्तें पहले ही अंतिम रूप दे दी गई हैं।

बांग्लादेश में तख्तापल्ट की आशंका, सेना की नाराजगी बनी वजह

ढाका। भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में बीते लंबे समय से राजनीतिक उथल-पुथल मची हुई है। शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद से अब तक बांग्लादेश स्थिर नहीं हो पाया है। वर्तमान में बांग्लादेश की कमान अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के हाथों में हैं। हालांकि, इसके बाद भी देश के हालात बुरे होते जा रहे हैं। ऐसे में खबर आ रही है कि बांग्लादेश के अंतरिम प्रमुख मुहम्मद यूनुस अपने पद से जल्द ही इस्तीफा दे सकते हैं।

निद इस्लाम ने मुहम्मद यूनुस से मुलाकात भी की और कहा- ÷हम उनके इस्तीफे के बारे में सुन रहे हैं। इसलिए मैं इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए उनसे मिलने गया था। उन्होंने (मुहम्मद यूनुस) मुझे बताया कि वह इस बारे में सोच रहे हैं। उन्हें लगता है कि मौजूदा स्थिति ऐसी है कि वह काम करना जारी नहीं रख सकते।

क्यों इस्तीफे की सोच रहे हैं मुहम्मद यूनुस

बीबीसी बांग्ला की रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस के लिए प्रभावी ढंग से काम करना लगातार मुश्किल होता चला जा रहा है। राजनीतिक दलों में आम सहमति नहीं बन पा रही है। कथित तौर पर राजनीतिक गतिरोध को लेकर बढ़ती निराशा के कारण ही यूनुस इस्तीफा देने का मन बना रहे हैं। हालांकि, हाल के दिनों में मुहम्मद यूनुस और बांग्लादेश की सेना के प्रमुख के बीच भी तकरार की खबरें आई हैं। ऐसे में यूनुस का इस्तीफा एक बड़ा कदम हो सकता है। बांग्लादेश की नेशनल सिटिजन पार्टी के नेता निद इस्लाम ने खुलासा किया है कि मुहम्मद यूनुस इस्तीफा देने का सोच रहे हैं।

ये विवाद हुआ क्यों?

विदेश सचिव मोहम्मद जशीम उद्दीन, जिन्हें सितंबर 2024 में बांग्लादेश के 27वें विदेश सचिव के तौ पर नियुक्ति मिली थी,

उन्होंने हाल ही में यूनुस सरकार के एक फैसले का विरोध किया था। यह फैसला था- रोहिंग्या शरणार्थियों को बांग्लादेश में सुरक्षित पनाह देने और उनके लिए मानवीय कॉरिडोर बनाए जाने का। बताया जाता है कि मोहम्मद यूनुस और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार खलील-उर रहमान रोहिंग्याओं की मदद के लिए यह योजना लेकर आए थे।

कश्मीर के पुंछ में एसआईए का छापा

जम्मू(आईएएनएस)। जम्मू कश्मीर में स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) ने पुंछ में कई जगहों पर छापेमारी की है। मामला नार्को टेररिज्म से जुड़ा बताया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से आतंक विरोधी गतिविधियों पर पुलिस बल नजर बनाए हुए है। दरअसल, पिछले कुछ महीनों से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को जिंदा रखने के लिए पाकिस्तान नार्को टेररिज्म का सहारा ले रहा है। इसके तहत आतंकियों के साथ जम्मू-कश्मीर में मादक पदार्थों को भेज कर उससे अर्जित राशि का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किया जा रहा है। राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ में कई जगहों पर छापेमारी की। आतंकियों से कथित तौर पर जुड़े एक घर पर छापेमारी की जा रही है। 17 मई को राज्य एसआईए ने मध्य और उत्तरी कश्मीर में करीब 11 जगहों पर व्यापक छापे मारे थे। इससे पहले 11 मई को एसआईए ने अनंतनाग, पुलवामा, कुलगाम और शोपियां समेत 20 स्थानों पर छापे मारे थे। स्लीपर सेल मॉड्यूल की चल रही जांच के तहत दक्षिण कश्मीर में ये छापेमारी की गई थी।

संक्षिप्त खबरें

लेखकों से 200 शब्दों में निबंध आमंत्रित

रायपुर।/नवप्रदेश । 28 मई को स्वातंर्त्य वीर विनायक दामोदर सावरकर जयंती के उपलब्ध में महाराष्ट्र मंडल की साहित्य समिति ने वीर सावरकर पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की है। इसमें भाग लेने के लिए लेखकों से 200 शब्दों में निबंध शनिवार, 24 मई तक आमंत्रित किया गया है। समिति प्रमुख कुमुद लाड ने बताया कि सावरकर जयंती पर बुधवार को उत्कृष्ट निबंध स्पर्धा के परिणामों की घोषणा कर विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। लेकिन उसके पहले उस निबंध का सभी श्रोताओं के समक्ष वाचन भी किया जाएगा। प्रतिभागियों का लेख चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल कार्यालय अथवा कुमुद लाड को गुरुवार, 24 मई तक मिल ही जाए। पहले निबंध ऑनलाइन या ऑफलाइन जमा करने की अंतिम तिथि 22 मई रखी गई थी, जिसे अब दो दिन बढ़ा दिया गया है।

राज्यपाल से पूर्व नेताप्रतिपक्ष एवं हस्त शिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष ने भेंट की

रायपुर।/नवप्रदेश । राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में पूर्व नेताप्रतिपक्ष नारायण चंदेल एवं छत्तीसगढ़ हस्त शिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर शंकर अग्रवार भी उपस्थित थे।

श्री नारायणा हॉस्पिटल में स्पाईग्लास कॉलेन्जियोस्कोपी वर्कशॉप का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित श्री नारायणा हॉस्पिटल में 20 और 21 मई को दो-दिवसीय स्पाईग्लास कॉलेन्जियोस्कोपी वर्कशॉप का आयोजन किया गया. सुप्रसिद्ध गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. भाविक शाह ने कोलेन्जियोस्कोपी के बारे में बताया कि यह पांच मिलीमीटर से भी छोटी एक दूरबीन होती है, जो पित्त की नली में जाकर वहाँ की बीमारियों को ठीक कर सकती है। इस दो दिवसीय वर्कशॉप में एक मरीज की पित्त की नली में कई दिनों से एक बड़ी सी पथरी फंसी हुई थी, ईआरसीपी द्वारा लगातार तीन बार प्रयास करने के बावजूद भी यह पथरी नहीं निकल पा रही थी, यहाँ तक कि मरीज को किसी अन्य हास्पिटल में पेट को खोलकर ऑपरेट करने का भी सुझाव दिया गया, लेकिन श्री नारायणा हॉस्पिटल में डॉ. भाविक शाह ने कोलेंजियोस्कॉपी द्वारा पहले इस पथरी को तोड़कर छोटे-छोटे टुकड़े किए और उसके बाद पथरी को वहां से पूरी तरह से निकाल दिया।इसी तरह एक अन्य मरीज की पांच साल पहले ईआरसीपी हुई थी, जिसमें मरीज को पित्त की नली में एक स्टेंट डाला गया था, मरीज स्टैंट को निकलवाना ही भूल गया, इसके बाद पिछले 6 महीने से उन्होंने अलग-अलग हॉस्पिटल्स जाकर ईआरसीपी द्वारा इस स्टैंट को निकालने की भरसक कोशिश की, लेकिन कहीं पर भी सफलता नहीं मिली।तमाम हॉस्पिटल्स ने उनका पेट खोलकर ही सर्जरी करने का एकमात्र इलाज बताया, लेकिन यहां श्री नारायणा हॉस्पिटल की इस विशेष कोलेन्जियोस्कॉपी वर्कशाप में मरीज का पुराना स्टैंट सफलतापूर्वक निकाल दिया, वो भी बिना ऑपरेशन के और बिना किसी अन्य तकलीफ के, ऐसे और भी अन्य चार मरीजों को कोलेन्जियोस्कोपी वर्कशॉप में स्वास्थ्य लाभ मिला।

रामकुण्ड की खाली जमीन में सड़क एवं पार्किंग का मोहल्लेवासियों ने किया विरोध

रायपुर/नवप्रदेश। चुड़ामणि वार्ड के अंतर्गत आने वाले शीतला मंदिर से लगे मंदिर तालाब और घोड़ारी तालाब के बीच से रास्त बनाए जाने के विरोध में रामकुंड पारा के निवासियों ने छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के नेतृत्व में एक रैली निकाली। तालाब से लगे जमीन में एक मंदिर के लिए कार पार्किंग बनाए जाने का भी विरोध मोहल्लेवासी कर रहे हैं। राजधानी में चुड़ामणि वार्ड के अंतर्गत रामकुंड पारा एक ऐतिहासिक एवं प्राचीन मोहल्ला है। यहां पर कई मंदिर तथा तालाब है, इस समय एक नया मंदिर भी बन गया है, जहां पर समाज के उच्च वर्ग के लोग आते हैं। शीतला मंदिर के बाजू से लगी जमीन पर भी निगम द्वारा एक सड़क निकाली जा रही है। मोहल्ला वासियों का कहना है कि इसमें तालाब पाटा जा रहा है, जो कि अनुचित है। हम इसका विरोध करते हैं, इस पूरे आंदोलन में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय भी शामिल हो गए हैं।

शराब घोटाला : सुको की लगातार फटकार से मोदी सरकार का षड्यंत्र उजागर

■ **मोदी-शाह के अधिनायकवाद में केंद्रीय जांच एजेंसियां केवल भयादोहन का हथियार**

रायपुर/नवप्रदेश । कथित शराब घोटाले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में केंद्रीय जांच एजेंसी, ईडी को मिल रहे लगातार फटकार पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि अब यह पूरी तरह से स्थापित हो चुका है कि ईडी, सीबीआई, आईटी जैसे संवैधानिक जांच एजेंसियां मोदी सरकार के इशारे पर दुर्भावनापूर्वक भाजपा के मोर्चा संगठन के तौर पर काम कर रही है, भाजपाई चिह्नित करके अपने राजनैतिक प्रतिद्वंदियों को टारगेट कर रहे हैं, सत्ता में बैठे लोग षडयंत्र रच रहे हैं, भाजपा नेता पटकथा लिख रहे हैं और ईडी उस पर अमल कर रही है। विगत 5 मई को छत्तीसगढ़ के कथित शराब घोटाले की सुनवाई के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने ईडी की जांच पर सवाल उठाते हुए कहा था कि बिना सबूत आप केवल आरोप लगाते हैं, इस तरीके से अभियोजन पक्ष इस कोर्ट के सामने टिक नहीं पाएगा, माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि ईडी ने कई मामलों में यही तरीका अपनाया है। आज एक बार फिर माननीय सर्वोच्च न्यायालय

ने लगभग इसी तरह के तमिलनाडु के कथित शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच पर रोक लगाते हुए ईडी को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि प्रवर्तन निदेशालय संविधान का उल्लंघन कर रही है, और सारी हदें पार कर रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने ईडी से पूछा कि आप व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर सकते हैं, लेकिन कंपनियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज नहीं कर सकते? आप देश के संघीय ढांचे का पूरी तरह से उल्लंघन कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि मोदी-शाह के अधिनायकवाद में केंद्रीय जांच एजेंसियों को केवल भयादोहन का हथियार बना दिया गया है। विगत 11 वर्षों से पूरे देश में यही खेल चल रहा है। विपक्ष के नेताओं को टारगेट करके कार्यवाहियां शुरू की जाती है, और जो भाजपा के शरण में आ जाता है उसके खिलाफ जांच रोक दी जाती है। चिंतामणि महराज, अजीत पावर, हेमंता विसवा सरमा, मुकुल राय, शुभेंदु अधिकारी, एकनाथ शिंदे, नारायण राणे, छगन भुजबल, प्रफुल्ल पटेल, अशोक चौहान, रेड्डी ब्रदर्स, येदुरप्पा, जैसे सैकड़ों उदाहरण हैं, जहां भाजपा के बड़े नेता भ्रष्टाचार का आरोप लगाए, केंद्रीय जांच एजेंसियों को काम पर लगाया और जब वह भाजपा के सहयोगी हो गए या भाजपा में शामिल हो गए तो उनके खिलाफ जांच की कार्रवाई रोक दी गई। अजीत पवार, प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल हेमंता विसवा सरमा, नारायण राणे जैसे कई तो ऐसे नेता है जिनके पाप मोदी वॉशिंग मशीन में धूल गए और उनके खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियां सीबीआई, आईटी, ईडी न्यायालय में आवेदन दे देकर मुकदमे वापस लिए हैं।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि करप्शन पर जीरो टॉलरेंस मोदी जी का केवल जुमला है, असलियत यह है कि भाजपा भ्रष्टाचारियों का अड्डा है, और मोदी सरकार का मतलब भ्रष्टाचारियों के सुरक्षा की गारंटी है। राजनीतिक तौर पर भारतीय जनता पार्टी विपक्ष के जिन नेताओं का मुकाबला नहीं कर पाती, उनके खिलाफ षडयंत्र रचकर केंद्रीय जांच एजेंसियों का डर दिखाती है, उनके खिलाफ फर्जी मामले संस्थित किए जाते हैं। इसी तरह न्यायालय के माध्यम से मोदी सरकार के इशारे पर रचे गए षड्यंत्र लगातार उजागर हो रहे हैं।

छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने संभावित निर्णय का किया घोर विरोध

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने कतिपय समाचार पत्रों में प्रकाशित उन समाचारों का तीव्र विरोध किया है, जिनमें राज्य सरकार द्वारा सप्ताह में पाँच कार्य दिवसों की कार्य संस्कृति को समाप्त कर पुनः छह दिवसीय कार्य प्रणाली लागू करने की संभावनाएँ व्यक्त की गई हैं।

फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि सप्ताह में पाँच कार्य दिवस की व्यवस्था पूर्ववर्ती सरकार द्वारा अत्यंत विचार-विमर्श कर, कर्मचारियों एवं आम जनता दोनों के हित में लागू की गई थी। इस निर्णय से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को न केवल अपने घरेलू कार्यों, बल्कि पारिवारिक सदस्यों के इलाज जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों को भी सुगमता से निभाने का अवसर प्राप्त हुआ है। शनिवार और रविवार को वे अपने स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत कार्यों के लिए समय निकाल पाते हैं।

वर्मा ने यह भी कहा कि यह कहना पूर्णतः अनुचित है कि पाँच दिवसीय कार्य प्रणाली से कार्य प्रभावित हो रहा है। वास्तविकता यह है कि अधिकारी-कर्मचारी देर रात तक कार्य करते हैं तथा विधानसभाओं के सत्रों और वर्षांत में अवकाश के दिनों में भी आठ-आठ घंटे से अधिक कार्य करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में राज्य के विभिन्न कैडरों में केवल 60प्रतिशत पद ही भरे हुए हैं, और यही 60प्रतिशत कार्मिक समस्त शासकीय योजनाओं का 100प्रतिशत कार्यभार वहन कर रहे हैं।

नवा रायपुर सहित अन्य कार्यालयों में कार्यरत शासकीय सेवक प्रातः 10.00 बजे कार्यालय पहुंचते हैं, और उन्हें नियमानुसार सायं 5.30 बजे तक कार्यालय छोड़ देना चाहिए, किंतु इसके उपरांत भी मंत्रालय, संचालनालय एवं अन्य कार्यालयों में देर रात तक कार्य करते हुए अधिकारी-कर्मचारियों को देखा जा सकता है।

फेडरेशन ने यह भी स्मरण कराया कि पूर्व में माह के दो शनिवार को अवकाश की व्यवस्था पहले से ही प्रचलित थी। वर्तमान में भारत सरकार एवं अधिकांश राज्यों में पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू है, ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य में इस व्यवस्था को केवल प्रोपेगंडा के आधार पर समाप्त करना एक अत्यंत संवेदनहीन एवं कर्मचारी विरोधी कदम होगा।

फेडरेशन ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सरकार से यह मांग की है कि शासकीय सेवकों पर बंधुआ मजदूरों की भांति अतिरिक्त कार्यभार डालने की बजाय नियमित भर्ती कर रिक्त पदों की पूर्ति की जाए, जिससे कार्यों का निष्पादन अधिक प्रभावी रूप से हो सके।

बाल शिविर में बच्चों के प्रदर्शन से पालक भी अभिभूत

■ **ग्रीष्मकालीन ऑनलाइन प्रयास से गजब का आ रहा बदलाव प्रशिक्षणार्थियों में**

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति की ओर से एक मई से शुरू हुए ऑनलाइन बाल संस्कार शिविर में शामिल हो रहे बच्चों में तीन सप्ताह में ही गजब का बदलाव बच्चों के माता-पिता भी महसूस कर रहे हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाश जारी होने के बावजूद उनमें सुबह से जो अनुशासन दिख रहा है और आध्यात्म के प्रति उनकी रुचि बढ़ रही है, इसे देखकर अभिभावक अभिभूत हैं।शिविर में नियमित शामिल 13 वर्षीय यशस्वी व नौ वर्षीय युक्ता रोकडे के पिता अजय व मां मेघना रोकडे कहतीं हैं कि इस शिविर के माध्यम से बच्चे शिष्टाचार सीख रहे हैं। भगवान से जुड़ रहे हैं। नियमित शिविरार्थी अवनी मिश्रा के पिता प्रणव और मां अंजलि मिश्रा के अनुसार यह शिविर बच्चों के लिए अपनी जड़ों से, अपनी संस्कृति से जुड़ने का एक शानदार अवसर है। अर्नव के पिता सारंग और मां रेणुका जोशी कहतीं हैं कि शिविर में बच्चों को शिक्षाप्रद कहानियां सुनाई जा रहीं हैं। यह बच्चों के संस्कार निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सानवी ओर अविशा गुप्ता के पिता विशाल और माता साधना गुप्ता के मुताबिक शिविर में बढ़िया क्लास लगाई जा रही हैं। हम भी अपने बच्चों को हमारे धर्म और संस्कृति के बारे में इतने विस्तार से नहीं बता पाते, जितना यहां बताया जा रहा है।

नकदी रहित उपचार योजना के तहत दुर्घटना में घायल व्यक्ति का होगा नि:शुल्क इलाज

■ **स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने बताया इन अस्पतालों में मिलेगा लाभ**

रायपुर/नवप्रदेश । सड़क दुर्घटना में चोटिल होने वालों के लिए भारत सरकार ने नकदी रहित उपचार स्कीम शुरू की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि यह एक बेहद जनउपयोगी योजना है, जिसमें सड़क दुर्घटना होने पर पीड़ितों को आयुष्मान योजना के अंतर्गत पंजीकृत अस्पताल में नकदी रहित मुफ्त उपचार सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने बताया कि योजना के तहत दुर्घटना में हताहत व्यक्ति सात दिन तक डेढ़ लाख रुपए तक का नि:शुल्क इलाज के लिए पात्र होगा. इस तरह से एक ही परिवार के दो व्यक्ति की दुर्घटना होती है तो 3 लाख तक, और 3 लोग हताहत होते हैं तो 4.5 लाख तक मुफ्त इलाज हो सकेगा. इसमें वे सभी हास्पिटल शामिल होंगे, जिन्हें आयुष्मान योजना के तहत शामिल किया गया है। श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि अगर किसी की दुर्घटना होती है और उसे नजदीकी आयुष्मान संबद्ध हास्पिटल में ले जाया जाता है. लेकिन वहां भी इलाज के संसाधन नहीं हैं, या स्पेशलिस्ट डॉक्टर नहीं है, तो वह हास्पिटल तुरंत दूसरे अस्पताल में केस भेजेगा और पोर्टल में इसे अपडेट करेगा, ताकि विशेषज्ञ वाली जगह में तुरंत इलाज शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि अभी ट्रामा और पॉलीट्रामा के अंतर्गत कुछ और सक्षम हास्पिटल को इस योजना के तहत शामिल किया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके।

इसके लिए सभी मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस जनहितकारी और महत्वपूर्ण योजना को राज्य में तत्काल प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया है।

युक्तियुक्तकरण के खिलाफ शालेय शिक्षक संघ ने खोला मोर्चा

■ **28 मई को मंत्रालय के घेराव का किया ऐलान**

रायपुर/नवप्रदेश । युक्तिकरण की वजह से भले ही सरकार कह रही हो कि न तो स्कूल बंद होंगे और न ही शिक्षकों के पद समाप्त होंगे. लेकिन शालेय शिक्षक संघ इसे अन्याय करार देते हुए इसके विरोध में 28 मई को मंत्रालय के घेराव का ऐलान किया है।

शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने कहा है कि

राज्य का कोई भी शिक्षक तथा शिक्षक संगठन एकल शिक्षकीय व शिक्षक विहीन शालाओं में शिक्षक उपलब्ध कराने की कार्यवाही का विरोध नहीं कर रहा है. उनके विरोध का प्रमुख बिंदु 2008 के विभागीय सेट अप की तुलना में प्राथमिक तथा पूर्व माध्यमिक शालाओं में एक एक शिक्षक कम करने की कवायद को लेकर है। वीरेंद्र दुबे ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग अपने ही वर्तमान में भी लागू सेट अप को अप्रासंगिक बता रहा है, तथा 15 वर्षों से लागू आरटीई एक्ट 2009 को ढाल बनाने का प्रयास कर रहा है, जबकि आरटीई एक्ट पूरे देश के लिए न्यूनतम मापदंड तय करता है न कि अधिकतम. अर्थात् न्यूनतम मापदंड लागू करना बाध्यता है, किंतु न्यूनतम से अधिक शिक्षक और संसाधन उपलब्ध कराने पर रोक नहीं है।

हाइवा ने युवक को रौंदा

रायपुर/नवप्रदेश। शारदा कालोनी सिलतरा के पास हाइवा क्रमांक ने रोड पार कर रहे युवक को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी केअनुसार मृतक पंकज शुक्ला वंदना ग्लोबल कंपनी सिलतरा में काम करता था। बताया जाता है कि वह पैदल कहीं जा रहा था, तभी शारदा कालोनी सिलतरा के पास रोड पार कर रहा था, तभी हाइवा क्रमांक सीजी 04 क्यूएच 3408 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पंकज को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं वाहन चालक को हिरासत में लिया है।

अवैध शराब के साथ चार कोचिया गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने अवैध शराब के साथ चार कोचियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 92 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 1190 रुपए जब्त किया है।मिली जानकारी के अनुसार मंदिरहसौक्द पुलिस ने ग्राम नारा तालाब के पास अवैध शराब बेचते आरोपी मदन साहू 72 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब और 200 रुपए बिक्री रकम जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी लक्ष्मी नारायण कोसले 32 वर्ष और सचिन मरकाम 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 46 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 990 रुपए जब्त किया है। इसी तरह उरला पुलिस ने आरोपी सोनू पाराधी 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है पुलिस ने इसके पास से 30 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

माना मंडल एवं सदर मंडली ने निकाली तिरंगा यात्रा

■ **भारत की कूटनीतिक व रणनीतिक विजय**

रायपुर /नवप्रदेश। तिरंगा यात्रा माना मंडल एवं सदर मंडली पर निकाली गई माना मंडल की अटल गार्डन में प्रभारी मंत्री केदार कश्यप एवं मोती लाल साहू जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर,अकबर अली, पार्षद अनामिका सिंह विनय निर्मलकर द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर निकली जो पूरे मंडल में भ्रमण की तथा सदर बाज़ार मंडल की कोतवाली चौक से मालवीय रोड होते हुए

जयस्तम्भ चौक से पं. श्यामप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यपर्ण कर समापन किया गया जिसमें हमारे लाडले विधायक सुनील सोनी वर्धमान सुराना मुरली शर्मा, अजय साहू के. के. अवधिया, राधेश्याम बुन्देला राघवेन्द्र ठाकुर, विनय ओझा, प्रणीण देवड़ा, बिहारी होतवानी, राजू बिरनानी, भूपेन्द्र डागा, मुकेश कंदोई, हाजी मुन्ना, शाहिद खान, सदाशिव सोनी, नारायण बंछोर, निखिल फड़ताले मोहित नथवानी, बबलू देवांगन, लक्ष्मी देवांगन रामकृष्ण पवार, पंकज चौरसिया, आदि

व्यापारिक संगठन | **कैट टीम ने एक राष्ट्र-एक चुनाव पर बैठक की**

कैट का 26 को एक राष्ट्र-एक चुनाव पर सेमीनार

रायपुर /नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट के प्रदेश कार्यालय में कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी जी अध्यक्षता में मिटिंग हुई। मिटिंग में कैट द्वारा आगामी 26 मई को एक राष्ट्र - एक चुनाव पर सेमीनार का आयोजन वृन्दावन हाल सिविल लाईन में किया जायेगा। मिटिंग में कैट, युवा कैट , महिला कैट एवं

ट्रांसपोर्ट कैट के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी जी ने बताया कि मार्च-अप्रैल 2021 के दौरान चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में हुए चुनावों का भी संभावित योगदान माना जा रहा है, इसलिये एक राष्ट्र, एक चुनाव जैसी महत्त्वपूर्ण अवधारणा पर तर्कपूर्ण चर्चा करना आवश्यक हो गया है। उन्होनें ने बताया कि नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार देश में प्रत्येक वर्ष कम-से-कम एक चुनाव होता है। दरअसल प्रत्येक राज्य में प्रत्येक वर्ष चुनाव भी होते हैं। उस रिपोर्ट में नीति आयोग ने तर्क दिया कि इन चुनावों के चलते विभिन्न प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नुकसान होते हैं। चुनाव की अगणनीय आर्थिक लागतः बिहार जैसे बड़े आकार के राज्य के लिये चुनाव से संबंधित सीधे बजट की लागत लगभग 300 करोड़ रुपए है। हालाँकि इसके अलावा अन्य वित्तीय लागतें एवं अगणनीय आर्थिक लागतें भी हैं।

प्रत्येक चुनाव के दौरान सरकारी तंत्र चुनाव ड्यूटी और संबंधित कार्यों के कारण अपने नियमित कर्तव्यों से चूक जाता है। चुनावी बजट में चुनाव के दौरान उपयोग किये जाने वाले इन लाखों मानव-घंटे की लागत की गणना नहीं की जाती है। पारवानी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता सरकार की कार्यकारिणी को भी प्रभावित करती है, क्योंकि चुनावों की घोषणा के बाद न तो किसी नई महत्त्वपूर्ण नीति की घोषणा की जा सकती है और न ही क्रियान्वयन। प्रशासनिक लागतें: सुरक्षा बलों को तैनात करने तथा बार-बार उनके परिवहन पर भी भारी और दृश्यमान लागत आती है।

सुविचार

हक के वास्ते लड़ने के लिए गज भर का कलेजा चाहिए। तलुवे चाटने के लिए छोटी सी जुबान काफी है। - अज्ञात

फिर पाकिस्तान की गीदड़भभकी

आपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की कार्यवाही से लगता है कि पाकिस्तान ने कोई सबक नहीं सिखा है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ने फिर एक बार भारत को गीदड़भभकी दी है। की यदि भारत ने सिंधू नदी का जल रोका तो पाकिस्तान भारत की सांसे रोक देगा। गौरतलब है कि पूर्व में कुख्यात आतंकवादी हाफिज सईद ने भी इसी तरह की धमकी दी थी और बिलावल भुट्टो ने भी सिंधु नदी के जल को लेकर खून बहाने की बात की थी भारत ने जब पाकिस्तान के खिलाफ बड़ी सैन्य कार्यवाही की और उसके आतंकी अड्डों को खत्म कर दिया साथ ही सौ से ज्यादा आतंकवादियों को जहन्नूम रसीद कर दिया और इसके बाद पाकिस्तान के दर्जन भर एयरबेसों को निशाना बनाया तो पाकिस्तान घुटनों पर आ गया और संघर्ष विराम की फरियाद करने लगा अब जबकि दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम हो गया है तो पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता फिर धमकी चमकी देने लगे हैं। एक ओर तो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ लगातार भारत के साथ बातचीत की पेशकश कर रहे हैं और दूसरी ओर पाकिस्तानी सेना अभी भी हेकड़ी दिखाने से बाज नहीं आ रही है। लगता है कि आर्मी चीफ असीम मुनीर की फील्ड मार्शल बन जाने से पाकिस्तानी सेना को ऐसा लग रहा है कि उसने बहुत बड़ा तीर मार लिया है। यही वजह है कि रस्सी जल गई है लेकिन बल नहीं गया है वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए पाकिस्तानी सेना फिर से गीदड़भभकी दे रही है इधर भारत ने शाहबाज शरीफ की पेशकश को ठुकराते हुए साफ कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ अब कोई बातचीत नहीं की जाएगी। शाहबाज शरीफ के हालिए पेशकश पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ अब सिर्फ पीओके पर ही बातचीत होगी। पाकिस्तान यह बताये कि वह कब पीओके खाली कर रहा है। गौरतलब है कि पीओके में पाकिस्तान की सरकार और पाकिस्तानी सेना के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर चुके हैं और वे पीओके के भारत विलय की मांग जोर शोर से उठा रहे हैं। भारत ने जब पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर सिंदूर चलाया था तब पीओके के लोगों को यह उम्मीद बंधी थी कि भारत पीओके पर कब्जा कर लेगा और इस तरह उनका चीर प्रतिक्षित सपना साकार हो जाएगा। किन्तु भारत ने ऐसा नहीं किया । दरअसल भारत पीओके पर कब्जा करने के लिए अनुकूल स्थिति की प्रतिक्षा कर रहा है। जब संघर्ष विराम हुआ तब भारत की विपक्षी पार्टियों ने भी सरकार पर यह कहकर निशाना लगाया था कि भारत ने इतनी जल्दी संघर्ष विराम करके पीओके पर कब्जा करने का सुनहरा अवसर गंवा दिया है। किन्तु भारत इस मामले में फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। पीओके भारत का ही हिस्सा है और उसे लेने के लिए भारत संकल्पित है किन्तु वह इस बारे में सही समय पर सही कदम उठाएगा। पाकिस्तान को भी यही चिंता खाये जा रही है कि पता नहीं कब तक भारत और बड़ी सैन्य कर पीओके पर कब्जा कर ले और एक बार फिर पाकिस्तान के दो टुकड़े हो जायें। यही वजह है कि एक ओर पाकिस्तान की सरकार भारत से वार्ता की पहल कर रही है। तो वहीं दूसरी ओर पाकिस्तानी सेना अपनी हेकड़ी दिखा रही है। ऐसा लगता है कि पाकिस्तानी सेना इस तरह की धमकी देकर फिर भारत को सैन्य कार्यवाही के लिए उकसा रही है।

बांग्लादेश में तख्तापलट की संभावना

बांग्लादेश की सेना ने वहां के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद युनूस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जिसकी वजह से मोहम्मद युनूस अपने पद से इस्तीफा देने का विचार कर रहे हैं। उनका कहना है कि बांग्लादेश के मौजूदा हालातों में उनका काम कर पाना मुश्किल हो रहा है। बांग्लादेश में भी पाकिस्तान की तरह ही सरकार पर सेना का प्रभुत्व रहता आया है। आखिरकार बांग्लादेश पाकिस्तान का ही हिस्सा रहा है। जिसे भारत ने 1971 में पाकिस्तान से काटकर अलग देश बनवा दिया था किन्तु बांग्लादेश भी पाकिस्तान की राह पर ही चलने लगा है। इसमें हैरत वाली कोई बात नहीं है। पाकिस्तान की तरह ही बांग्लादेश में जब सेना के नेतृत्व में लोकतांत्रिक सरकार बनी और उसने बेहतर काम करके दिखाया तो अमेरिका के इशारे पर बांग्लादेश की सेना ने शेख हसीना का तख्तापल्ट दिया और अमेरिका ने अपने पिटठू मोहम्म्द युनूस को बांग्लादेश की बागडोर सौंप दी। जिनके नेतृत्व में बांग्लादेश में हिंसा का तांडव हुआ। अब बांग्लादेश की सेना की मोहम्मद युनूस की कार्यप्रणाली बुरी तरह खफा हो गई है और उन्हें पद से हटाकर अब बांग्लादेश की सेना के आर्मी चीफ खुद सत्ता की बागडोर संभालने के इच्छुक बन गये हैं। बांग्लादेश की सेना वहां जल्द चुनाव कराने की मांग करती आ रही है लेकिन मोहम्मद युनूस अपनी कुर्सी पर काबिज रहने के लिए चुनाव से कतराते रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर मोहम्मद युनूस और सेना के बीच मतभेद इस कदर गहरा गये हैं कि अब बांग्लादेश की सेना मोहम्मद युनूस की छुट्टी करने पर उतारू हो गई है। ऐसे में बांग्लादेश में कभी भी तख्तापल्ट हो सकता है और मोहम्मद युनूस बांग्लादेश छोड़कर लौट के बुद्धु घर को आये की तर्ज पर वापस अमेरिका लौट सकते हैं।

ज्योति के नापाक रिश्ते

डॉ शाहिद अली

यह भी जरूरी है कि सोशल मीडिया पर एक्टिव जासूसी गतिविधियों पर भी नज़र रखना होगी। दिखने में भोली सी सूरत लेकिन बेहद चालाक ज्योति मल्होत्रा के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ब्लॉग पर फालोवर्स की संख्या लाखों में है जिसका एकाउंट अब जांच के बाद बंद कर दिया गया है। ज्योति मल्होत्रा के संपर्कों का नेटवर्क का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह बंगाल के कोलकाता, बैरकपुर, नदिया और चिकन नेक तक उसका कनेक्शन अपनी गतिविधियों को अंज़ाम देने के लिए इस्तेमाल करती थी। ज्योति की जासूसी के नापाक रिश्ते कहां फैले हैं और इस जासूसी कांड में बहुत सी खुफ़िया जानकारी आना अभी बाकी है लेकिन हमें ऐसे राष्ट्रद्रोहियों से हर पल सतर्क रहने की जरूरत है।

आपरेशन सिंदूर की सफलता के साथ भारत में पाकिस्तान की जासूस ज्योति मल्होत्रा को गिरफ्त में लेना एक बड़ी घटना है। ज्योति मल्होत्रा के साथ जासूसी से जुड़े 12 अन्य लोगों को भी हिरासत में ले लिया गया है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले और भारत में आतंकवादी घटनाओं से जैसे-जैसे पर्दा उठ रहा है उसमें जासूसी के नापाक रिश्ते को पकड़ना बड़ी सफलता है। हालांकि यूट्यूबर ज्योति के खूबसूरत चेहरे के पीछे खतरनाक मनसूबों का खुलासा होना बाकी है लेकिन यह चिंता का विषय है कि सोशल मीडिया की आड़ में भारत की गोपनीय और सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां पाक के हाथों तक जा रही थी। इससे भारत की सैन्य कार्रवाइयों और नागरिकों की सुरक्षा के लिए बड़े खतरे का संकेत मिला है। इस ख़तरे को समय रहते पहचान कर ज्योति मल्होत्रा का पकड़ा जाना हमें चौकन्ना करता है।

ज्योति ने राष्ट्रद्रोह का घिनौना कृत्य कारित किया

सोशल मीडिया के सबसे बड़े टूल यूट्यूब, टेलीग्राम और इंस्टाग्राम को औजार बनाकर ज्योति मल्होत्रा ने राष्ट्रद्रोह का घिनौना कृत्य कारित किया है। जासूसी के इस कृत्य में जब तक सारे खुलासे और इस नापाक रिश्ते के गुनहगारों की गिरफ्तारियां नहीं हो जाती हैं तब तक ये कहना कठिन होगा कि इससे कितना नुक़सान भारत को हुआ है। लेकिन यह बात साफ़ है कि भारत में हो रहे आतंकी हमलों में पाक जासूसों के नकाब उतरने लगे हैं। आईएसआई की खतरनाक गतिविधियों से ज्योति के संपर्कों की कड़ियां अब एनआईए खोल रही है। आईएसआई एजेंट अली हसन के साथ ज्योति के चैट से कई बड़े राज सामने आ सकते हैं। एनआईए की पूछताछ में ज्योति मल्होत्रा के द्वारा स्वर्ण मंदिर और पंजाब के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के साथ साथ कश्मीर के पर्यटक स्थलों की लोकेशन सोशल मीडिया के प्लेटफार्म से शेयर करने के सबूत मिले हैं। पाक दूतावास से ज्योति मल्होत्रा के गहरे संबंधों और अपने ट्रेवल ब्लॉग पर पोस्ट ट्रिप की स्टोरीज ने इस संदेह को मजबूत किया है कि ज्योति का ये सारा काम दरअसल पाक खुफिया एजेंसियों के मिशन का एक हिस्सा था। ज्योति मल्होत्रा की पाक दूतावास के अधिकारी दानिश से दोस्ती और आइएसआई से नजदीकियां तथा विदेश यात्राएं इतना बताने के लिए काफी है कि दाल में कुछ काला है। ज्योति के डिलीट चैट रिकवर होने पर जासूसी से जुड़े बड़े खुलासे संभव हैं।

ज्योति की रहस्यमयी यात्राएं अभी सवालों के घेरे में

एनआईए के लिए बड़ी चुनौती होगी आतंकी संगठनों से ज्योति मल्होत्रा जैसे जासूसी संपर्कों के ताने-बाने को दबोचना। ज्योति के खूबसूरत मायाजाल में जासूसी के ढेरों राज़ अभी सामने आएंगे। बाघा बॉर्डर और पाकिस्तान में ज्योति की रहस्यमयी यात्राएं अभी सवालों के घेरे में है।

ज्योति के कब्जे से जो वीडियो मिले हैं उससे भी ये पता चलता है कि वो लंबे समय से पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रही थी। ज्योति की डायरी भी बहुत कुछ कह रही है। ज्योति से पूछताछ में पुलिस के अलावा आईबी, एनआईए और भारतीय सैन्य अधिकारियों की टीम लगातार पिछले पांच दिनों से जुटी हुई है। जासूसी के ऐसे भी डिजिटल सबूत जांच एजेंसियों को हाथ लग रहे हैं जिसमें फर्जी ढंग से पाकिस्तानियों के नाम सेव हैं इन लोगों से ज्योति मल्होत्रा लगातार संपर्कों में थी। ज्योति मल्होत्रा बातचीत के लिए एंक्रिप्शन कोड का इस्तेमाल करती रही है। ऐसी तकनीक जो किसी एप्स मैसेज या कॉल को कोड में बदलकर काम करता है। इसके मैसेज थोड़े देर बाद आटोमेटिक डिलीट हो जाते हैं। ज्योति मल्होत्रा के ऐसे गोपनीय मैसेज संदिग्ध गतिविधियों को जन्म देते हैं।

भारत और पाक के बीच हाल ही मे बनीं तनावपूर्ण परिस्थितियों में ज्योति मल्होत्रा के जासूसी संपर्कों का खुलासा बेहद जरूरी है। यह भी जरूरी है कि सोशल मीडिया पर एक्टिव जासूसी गतिविधियों पर भी नज़र रखना होगी।

दिखने में भोली सी सूरत लेकिन बेहद चालाक ज्योति मल्होत्रा के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ब्लॉग पर फालोवर्स की संख्या लाखों में है जिसका एकाउंट अब जांच के बाद बंद कर दिया गया है। ज्योति मल्होत्रा के संपर्कों का नेटवर्क का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह बंगाल के कोलकाता, बैरकपुर, नदिया और चिकन नेक तक उसका कनेक्शन अपनी गतिविधियों को अंज़ाम देने के लिए इस्तेमाल करती थी। ज्योति की जासूसी के नापाक रिश्ते कहां फैले हैं और इस जासूसी कांड में बहुत सी खुफ़िया जानकारी आना अभी बाकी है लेकिन हमें ऐसे राष्ट्रद्रोहियों से हर पल सतर्क रहने की जरूरत है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1875 में 24 मई को ही सैयद अहमद खान ने अलीगढ़ में मुहम्मदीन एंग्लो ओरिएंटल स्कूल की स्थापना की जो वर्तमान में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के नाम से प्रसिद्ध है। 1689 में आज ही के दिन ब्रिटिश संसद ने प्रोटेस्टेंट ईसाइयों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी दी। 1883 में आज ही के दिन ब्रुकलिन और मैनहट्टन को जोड़ने वाले ब्रुकलिन ब्रिज को यातायात के लिए खोला गया था। 1931 में 24 मई को ही पहली वातानुकूलित यात्री ट्रेन अमेरिका के वाल्टमोर ओहियो मार्ग पर चलाई गई थी। 1959 में आज ही के दिन साम्राज्य दिवस का नाम बदलकर राष्ट्रमंडल दिवस किया गया था। 1985 में आज ही के दिन बांग्लादेश में चक्रवाती तूफान से 10 हजार से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई थी। 1986 में 24 मई को ही मार्गरेट थैचर इजरायल का दौरा करने वाली ब्रिटेन की पहली प्रधानमंत्री बनीं थीं। 1994 में आज ही के दिन न्यूयार्क सिटी में 1993 में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर बम हमला करने वाले चार आरोपियों को 240 वर्ष कैद की सजा सुनाई गई थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मैं हिसाब

मैं हिसाब रखता भी तो किस-किस चीज का रखता, तुम्हारी यादों में बेहोश लम्हें का, या तेरा नाम ले कर चलती साँसों का, या तुम्हारी मदहोश करती बातों का, एक दिन तुम हिसाब मांगोगे ये नही जनता था। - **नमन कुमार मिश्रा**

सब मेरे हैं

सब मेरे हैं मैं सबका संसार लूं, दिया अपना, अब तेरा साभार लूं, अलग नहीं मैं, सब जीव एक है, फिर क्यों व्यर्थ मोल अहंकार लूं, भूमि मेरी जीवन मेरा निर्णय मेरा, फिर क्यों किसी का विचार लूं, सब जग जन्मा धरा एक थी, फिर क्यों किसी का व्यवहार लूं, जब है वसुधैव कुटुम्बकम मेरा, फिर क्यों मैं अनर्गल संस्कार लूं।

- **ललित उपाध्याय**

खास पाती

भारत तेरी शान निराली तीज

भारत तेरी शान निराली तीज त्योहार सजे घरवाली पति को ही परमेश्वर माने करती सबकी वो रखवाली व्रत उपवास भी करती रहती घर में सबकुछ सहती रहती अपना धर्म निभाना जाने कोई बोले तो चुप रहती जनम-जनम का साथ निभाने अक्सर ही वो तत्पर रहती कुल की मर्यादा के खातिर सबकुछ वो न्यौछावर करती धन्य उसे, प्राचीन विरासत को सदैव सम्मानित करती सहनशक्ति का सँचय करके नहीं कभी अपमानित करती। - **जे डी कुदाल**

ताल, तलैया, नदिया सबको, बात बतानी

ताल, तलैया, नदिया सबको, बात बतानी है। बन कर बच्चा हमको तो बस नाव तैरानी है।। बैठा कर नौका में, सूनापन, मन के हिस्से का, हमराज बनाना है तुमको अपने हर किस्से का, होना है तुम-सा निर्मल, सब पीर बहानी है।। बन कर बच्चा... किश्त-किश्त में घटती जाती, मन की कश्ती, रीतापन, मन-घट का, बूँद-बूँद जिससे रिसती, सूखे इस मन-घट को, भरता बस पानी है ।। बन कर बच्चा...

- **अलका अग्रवाल**

मैं अपने खाली समय को टीवी पर

मैं अपने खाली समय को टीवी पर चीखते चिल्लाते एंकरों की चल रही न्यूज देखकर खराब नहीं करता । बल्कि अपना खाली समय, अलमारी में रखी पुस्तकों को सजाने संवारने और उन्हें पढ़ने में व्यतीत करता हूं।क्योंकि, किताबें साथ देती हैं सफ़र में किताबों का सफ़र में इक मज़ा है ।। - **संजय कुमार गिरि**

सुना है नारी ही नारी की दुश्मन

सुना है नारी ही नारी की दुश्मन है हर स्त्री को अपने भीतर भी विचरण करना चाहिए बुद्ध की तरह सोचना चाहिए जब वो खुद को अपने अंदर से सुनेगी अपनी विषमताएँ, विडम्बना छटपटाहट और कष्ट उसे चलचित्र से लगेंगे चलते वृहत्चक्र में नारी स्वंय अपनी आत्मा के अंतर्द्वंद के जाल में जकड़ी महसूस करेगी खुलने लगेंगे दरवाजे और टूटेगा स्वत ही रूह का ताला सृष्टि की सर्वश्रेष्ठ रचना उसे समझ आएगी उसे दूसरी नारी का दर्द समझ आएगा तब वे नारी की दुश्मन नहीं कहलाएगी वृहत समुंदर हो जाएगी।

- **अनिता कपूर**

सुनो ना, अब दिल की हालत

सुनो ना, अब दिल की हालत ऐसी है कि शब्द भी संकोच करते हैं, कुछ टूटे लम्हे हैं, जो बस पलकों पर टिके रहते हैं। जब मिलूँगी तुमसे, तो शायद कह सकूँगी – कैसे हर दिन की सुबह सिर्फउजाले का भ्रम बन गई थी। कैसे रातें तेरे नाम की चुप्पियों से भर गई थीं। तुम बिन, हर मौसम सूखा लगा, जैसे किसी ने मन की धरती से हरियाली छीन ली हो। कभी-कभी तुम्हारी याद आती नहीं, बल्कि ठहर जाती है – कमरे के कोने में, तकिये की सिलवटों में, या अधूरी चाय के प्याले में। तुम बिन जीवन एक मरुभूमि हो गया – जहाँ न फूल उगते हैं, न कोई परिंदा रुकता है। पर जब मिलूँगी तुमसे – तो शायद मेरे भीतर फिर से कोई कोंपल फूटेगी, कोई गीत जन्म लेगा, और मेरे सपने शब्दों से नहीं, बस तुम्हारी आँखों से पूरे होंगे। - **रश्मि अभय**

जिंदगी नहीं है खेल जरा सोच

जिंदगी नहीं है खेल जरा सोच समझ के खेल वक्त और मौका मिलता नहीं है बार बार गवां न देना इसको खुद पर कर लो जरा एतबार क्या मालूम सिक्का जिंदगी का कब होगा हैड या टेल। - **बेनू सतीश कॉत**

खंड- (1) : राष्ट्र की बात

ट्रैक्टर ट्रॉली का सच

विजय कुमार गुप्ता

शारदा ट्रैक्टर की ट्रॉली सड़क पर चल रही,
सूर्य अस्त होने को है और फ्लाई ओवर का नजारा,
गाडियां तो चींटी कछुए की चाल चल रहीं
पुल पर सारी गाडियां जाम में फंस रहीं।
ट्रॉली के पीछे मेरी कार भी रेंगती रही,
ट्रॉली में दो मजदूरों के अलावा एक सुंदर सुडौल लगभग 11 वर्षीय बालक,
ट्रॉली को ही क्रिकेट का पिच बना रहा,
और अंतराष्ट्रीय खिलाड़ियों सा बल्ला घुमा रहा।
जैसे हर बाल पर छक्का चौका जड़ दिया,
दोनों हाथ ऊपर हवा में लहरा रहा, मस्त उत्साह में झूम रहा।
एक किसान मालिक का बेटा है वो, या ट्रैक्टर मालिक का।

क्रमशः

QUIZ TIME

1) जीजी टाऊ ए प्रणाली क्या है जो हाल ही में खबरों में थी?

2) किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 का आयोजन होगा?

3) होमी भाभा चेयर योजना का प्रबंधन किस संगठन द्वारा किया जाता है?

4) भारत की पहली योग नीति किस राज्य ने शुरू की है?

5) हाल ही में उत्तरी कश्मीर में देखी गई मार्कहोर बकरी किस देश का राष्ट्रीय पशु है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) त्रिस्तरीय तारा प्रणाली (2) लद्दाख (3) डिपार्टमेंट ऑफएटॉमिक एनर्जी (4) उत्तराखंड (5) पाकिस्तान

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:43, सूर्यास्त : 19:05, चन्द्रोदय : 27:07, चन्द्रास्त : 15:07, अयन उत्तरायण, ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वतः 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (कालयुक्त),युगाब्द : (कलि संवत) 5127, मास : ज्येष्ठ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : द्वादशी, नक्षत्र : रेवती, योग : आयुष्मान, प्रथम करण : बव (11:54 तक), द्वितीय करण : बालव (22:29 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृषभ, चंद्र : मीन, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : वृषभ (अस्त, पूर्व , मार्गी), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:57 से 12:51, अमृत काल : 11:35 से 13:04, सर्वार्थ सिद्धि योग : 16:02 से 29:42+, अमृत सिद्धि योग : 16:02 से 29:42+, विजय मुहूर्त : 14:37 से 15:31, गोधूलि मुहूर्त : 19:04 से 19:25, सायाह्न सन्ध्या : 19:05 से 20:09, निशिता मुहूर्त : 24:02+ से 24:45+, ब्रह्म मुहूर्त : 28:18+ से 29:00+, राहुकाल : 09:00 से 10:30, गुलिक काल : 07:23 से 09:03, यमगण्ड : 15:44 से 17:25, दुर्मुहूर्त : 08:23 से 09:17, वर्ज्य : 26:55+ से 28:22+।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन बाकी दिनों के तुलना में बेहतर रहने वाला है। आपके किसी नई नौकरी के प्रयास बेहतर रहेंगे।

वृषः आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। कोई लेनदेन से संबंधित मामला आपको परेशान करेगा।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपका बिजनेस में आप कुछ नये उपकरणो को भी शामिल कर सकते हैं।

कर्कः आज का दिन आपके मान सम्मान को बढ़ाने वाला रहेगा। किसी काम को लेकर आप लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं।

सिंहः आज का दिन आपके लिए खर्चो भरा रहने वाला है। आपके खर्च बेतहाशा बढ़ेंगे। व्यवसाय में भी आप परिवर्तन करने के बारे में सोच सकते हैं।

कन्याः आज का दिन आपके लिए किसी से दूर रहने के लिए रहेगा। आप किसी बाहरी व्यक्ति के मामले में पड़े, तो आपको बेवजह टेंशन रहेगी।

तुलाः आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा। आपको कुछ अपरिचित लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

धनुः आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है।

मकरः आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आप किसी वाद-विवाद से दूर रहें, नहीं तो समस्या बढ़ सकती हैं।

कुंभः आज का दिन आपके लिए नुकसानदायक रहने वाला है। आपको अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देना होगा।

मीनः आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

ऊपर से नीचे

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 056 का हल

पी	चि	दं	ब	र	म			स
ट		भ	ला	ई		अ	स	म
ना	म			स	मा	धि		झ
	ज		बे		न	का	र	ना
बा	बू		आ	य	क	र		
	र	की	ब				प्र	था
ज			रू	प	क		ज	न
हा		पा		ना	म	ची	न	
ज	हां	प	ना	ह		ता	न	ना

न्यूज गैलरी

शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती आज भिलाई आएंगे

भिलाई। चार प्रमुख पीठों में से द्वारिकापीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती 24 मई को भिलाई नेहरू नगर आएंगे। यहां आयोजित दीक्षा समारोह में श्रद्धालुओं को दीक्षित करेंगे और उनसे मिलेंगे। गंगाजली एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष आईपी मिश्रा ने बताया कि शंकराचार्य स्वामी सदानंद महाराज सुबह 10 बजे 27/9 नेहरू नगर वेस्ट में सुबह 10 बजे आएंगे। यहां सुबह 11 से 12 बजे तक श्रद्धालुओं से मिल?ंगे। दीक्षार्थियों को दीक्षा देंगे। दोपहर में विश्राम के बाद शाम 6 बजे अमरकंटक एक्सप्रेस से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

सेजेस में समर कैम्प का समापन

कुम्हारी। पीएम श्री सेजेस विद्यालय में सात दिनों से चल रहे समर कैम्प का गुरुवार को समापन हुआ। शिविर में बच्चों ने ब्यूटी पार्लर कोर्स और मिट्टी के बर्तन बनाने की कला सिखाई गई। लक्ष्मी जंघेल ने ब्यूटी पार्लर और वेदराम चक्रधारी ने मिट्टी कला के तहत मिट्टी के बर्तन बनाना सिखाया। रूंगटा कॉलेज से प्रशिक्षक के रूप में माइक्रोबायोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अर्पण डे ने मशरूम कल्टीवेशन की जानकारी दी। स्मार्ट किड्स एवं फाइन आर्ट एकेडमी पदुम नगर की डायरेक्टर नमिता ने ड्राइंग एवं पेंटिंग कला सिखाई। उन्होंने बच्चों को मंडला आर्ट और डोकरा आर्ट की जानकारी दी। इसमें लगभग 80 बच्चे शामिल हुए। विद्यालय की शिक्षिका ऋतु राव और रेवाती मारकंडे ने टॉय मेकिंग कला के तहत घरेलू वस्तुओं की सहायता से गुडिय़ा, चिडिय़ा और भालू बनाना सिखाया। विभिन्न प्रकार के आभूषणों का निर्माण और कैंडल मेकिंग रितु दुबे ने सिखाया। कुमारी सत्य यादव ने साबुन बनाना सिखाया। कंप्यूटर से वीडियो और पोस्टर मेकिंग की जानकारी दी गई।

रिक्त पदों पर भर्ती हेतु दावा आपत्ति

दुर्ग। एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-01 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत 6 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और 7 आंगनबाड़ी सहायिकाओं। इसी प्रकार निगम रिसाली अंतर्गत 2 आंगनबाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-1 कार्यालय (जुनवानी) में कार्यालयीन समय में सीधे अथवा पंजीकृत डाक द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। केन्द्रों में प्राप्त आवेदनों के मूल्यांकन पश्चात मूल्यांकन समिति द्वारा अंतिम पत्रक का प्रकाशन किया है।

'सुशासन तिहार' के अवसर पर सांस्कृतिक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सरकारी योजनाओं से बदली जिंदगियां, हितग्राहियों ने साझा किए अपने अनुभव

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। सुशासन तिहार के उपलक्ष्य में 22 मई की शाम सिविक सेंटर भिलाई में जिला स्तरीय एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 6 बजे हुई, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, युवाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर रेडियो जॉकीज़ (आरजे) अनिमेश जैन द्वारा विभिन्न रोचक गतिविधियों का संचालन किया गया, जिससे माहौल में जीवंतता बनी रही। स्थानीय कलाकारों ने मंच पर नृत्य, गायन और कविता पाठ जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। इवेंट का प्रमुख आकर्षण था शासकीय योजनाओं पर आधारित क्विज और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता। प्रश्नोत्तरी में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, प्रधानमंत्री आवास जैसी प्रमुख योजनाओं से जुड़े प्रश्न शामिल किए गए थे।

सुशासन तिहार के अवसर पर विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि किस तरह इन योजनाओं ने उनकी जिंदगी को बेहतर बनाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, आयुष्मान भारत और नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना जैसी योजनाओं ने आमजन के जीवन में वास्तविक बदलाव लाए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना की एक हितग्राही महिला उमा ने बताया कि पहले वह कच्चे मकान में रहती थीं, जिससे उन्हें बारिश और गर्मी के मौसम में काफी परेशानी होती थी। अब पक्का मकान मिलने से उनका परिवार सुरक्षित और सुखमय जीवन जी रहा है। कृषक पवन साहू ने बताया कि उन्हें सरकार की तीन योजनाओं का लाभ मिला है। उन्होंने 21 क्विंटल धान 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से बेचा और दो साल का बोनस भी प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि इस आय से उन्होंने कृषि कार्य के लिए अत्याधुनिक मशीनें खरीदीं। साथ ही, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उन्हें 5 लाख रूपए तक का निःशुल्क ईलाज भी मिल रहा है। अनिता जो एक मोटर शॉप में काम करती हैं, ने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि को बचत खाते में जमा किया और उसी पैसों से तीर्थ यात्रा की। उन्होंने कहा कि यह योजना कामकाजी महिलाओं के लिए एक बड़ी राहत है। वहीं नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित सुमिता यादव ने बताया कि अब उन्हें बच्चों की पढ़ाई के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। छात्रवृत्ति से बच्चों की शिक्षा निर्बाध रूप से जारी है। इस जानकारीपूर्ण प्रतियोगिता के माध्यम से आम जनता को सुशासन के महत्व से जोड़ना, शासन की योजनाओं की जानकारी देना और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना था। इसके अलावा लोगों को सरकारी योजनाओं के लाभों से अवगत कराया गया। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को स्थानीय दुकानों और स्टॉल्स की ओर से डिस्काउंट वाउचर, कूपन प्रदान किए गए। साथ ही लोगों को शासन की योजनाओं पर आधारित जनमन पत्रिका एवं प्रचार सामग्रियां वितरित की गई।

बीएसपी अपने आवासों को किराए पर नहीं देता है और न ही किसी आवंटी को किराए पर देने का अधिकार

संयंत्र ने तीन आवासों को अवैध कब्जे से मुक्त कराया, सख्त कार्यवाही जारी

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग द्वारा 23 मई 2025 को प्रवर्तन अभियान चलाकर तीन बीएसपी आवासों को अवैध कब्जाधारियों से खाली कराया गया। इसमें एक लाइसेंसी आवास भी शामिल है। संबंधित क्वार्टर 3जी-31-01, 2ई-32-01 और 3जी, क्रॉस स्ट्रीट-02, सेक्टर-2 को खाली कराकर मेंटेनेंस ऑफिस को सौंप दिया गया। नगर सेवाएं विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र की प्रवर्तन अनुभाग टीम ने यह कार्यवाही करते हुए यह सुनिश्चित किया कि लाइसेंसी आवासों पर अवैध रूप से रह रहे व्यक्तियों को बाहर निकाला जाए। इस क्रम में कुछ अन्य परिसरों के निवासियों को भी तत्काल आवास खाली करने का नोटिस जारी किया गया है।

संयंत्र प्रबंधन ने जनता से अपील करते हुए स्पष्ट किया है कि बीएसपी अपने आवासों को किराए पर नहीं देता है और न ही किसी आवंटी को बीएसपी आवास को किराए पर देने का अधिकार है। इसके बावजूद कुछ लोग बीएसपी के आवासों को अपनी संपत्ति बताकर अवैध रूप से किराए पर चढ़ा देते हैं और इससे आर्थिक वसूली करते हैं। संयंत्र प्रबंधन ने आगाह किया है कि ऐसे फर्जीवाड़े का शिकार हुए लोगों को नजदीकी पुलिस थाने और नगर सेवाएं विभाग को तुरंत सूचित करना चाहिए। बीएसपी प्रबंधन ऐसे अवांछनीय लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर रहा है और यह अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा। प्रबंधन द्वारा सभी अनधिकृत निवासियों को तत्काल स्वेच्छा से आवास खाली करने की सलाह दी गई है।

अनुपालन न करने की स्थिति में अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध जबरन बेदखली तथा विधिक कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त, बीएसपी प्रबंधन ने यह भी घोषणा की है कि यदि कोई व्यक्ति बिजली चोरी, अनधिकृत व्यवसाय संचालन, अथवा टाउनशिप क्षेत्र में अन्य अवैध गतिविधियों में लिप्त पाया गया, तो उसके विरुद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी, जिसमें एफआईआर दर्ज करना भी शामिल है। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन उसके आवासीय परिसरों की सुरक्षा, अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने की दिशा में समय समय पर ऐसे ठोस कदम उठाता रहा है।

आयुष मंत्रालय केन्द्रीय टीम ने किया कार्यक्रमों का अवलोकन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। आयुष मंत्रालय की केन्द्रीय टीम पी.आई.बी. टीम एवं संचालनालय आयुष छ.ग. रायपुर की टीम द्वारा जिले में क्रियान्वित आयुष विभाग के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर भिलाई-3, स्पेशिलिटी क्लीनिक, आयुष विंग, जिला चिकित्सालय दुर्ग एवं मोहनलाल बाकलीवाल शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय में आयुष विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। एन.सी.डी. क्लीनिक, पंचकर्म, लाईफस्टाईल क्लीनिक, ओ.पी.डी. एवं आई.पी.डी. में चलाये जा रहे गतिविधियों एवं दी जा रही सुविधाओं की जानकारी का अवलोकन एवं मरीजों से फीड बेक प्राप्त किया गया। जिले में आयुष विभाग द्वारा मुख्य रूप से सुप्रजा कार्यक्रम, मस्कुलो स्केलेटल कार्यक्रम, आयुर्विद्या कार्यकम, एन.सी.डी. (नान कम्युनिकेबल रोग) कार्यक्रम, लाईफ स्टाईल क्लीनिक, कारूण्य कार्यक्रम चलाया जा रहा है। डॉ. सुनील दास संयुक्त संचालक आयुष विभाग व जिला आयुष अधिकारी डॉ. दिनेश चंद्रवंशी द्वारा आयुष विभाग की गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इस दौरान डॉ. सुनील दास, संयुक्त संचालक आयुष विभाग छग, डॉ.गजेन्द्र बघेल, सहायक संचालक आयुष, डॉ. गदाधर पंडा सीजीएमएससी तकनीकी अधिकारी उपस्थित थे।

सफाई अभियान का आयुक्त ने पार्षद के साथ किया निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत बारिश से पहले चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सुबह वार्ड 38 बैधनाथ पारा से महावीर कालोनी में अभियान चलाया गया। इस दौरान नालियों की सफाई कर कचरा उठाया।

निगम कमिश्नर सुमीत अग्रवाल ने एमआईसी प्रभारी नरेंद्र बंजारे, पार्षद रामचंद सेन, उपअभियंता विनोद मांझी, उपअभियंता उमायन्ती ठाकुर, पीआईयू कुणाल, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पंकज चंद्रवंशी के साथ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

कमिश्नर ने पार्षद के साथ वार्ड क्षेत्र बड़ी व छोटी नालियों की वृहद रुप से सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र सहित अन्य चौराहों का निरीक्षण कर निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होने कहा कि मानसून के पहले शहर के सभी 60 वार्डों, जलभराव वाले इलाकों में वृहद सफाई अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्र के नाली को बेहतर सफाई करवाये साथ ही नाली सफाई के दौरान दिक्कत होने पर पुराने ओर बंद हो चुके नल कनेक्शन को हटवाए जाएंगे।

जेआरडी सुशासन में 107 आवेदनों का किया निराकरण

दुर्ग/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन जेआरडी स्कूल में किया गया। शिविर में महापौर अलका बाघमार सहित अन्य एमआईसी मेंबर पहुंचे और नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों के समाधान की जानकारी ली। शिविर में मांग से संबंधित 85 और शिकायत से संबंधित 22 आवेदन मिले थे। सभी 107 आवेदनों का निराकरण किया गया। महापौर ने कहा कि पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील शासन ही लोकतंत्र की वास्तविक पहचान है। हमारी सरकार इस दिशा में सतत संकल्पित है। पीएम मोदी और मुख्यमंत्री साय के जनसेवा और सुशासन के प्रति यह अभियान एक सशक्त कदम है। शिविर में आयुक्त सुमित अग्रवाल, एमआईसी मेंबर लीना देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, पार्षद गुलाब वर्मा, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, वीपी मिश्रा सहित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में सीसी रोड व नाली निर्माण,पट्टा, पेंशन, आत्मानंद स्कूल में एडमिशन, बिजली पोल हटाने, अवैध कब्जा हटाने, चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति की मांग, महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने, शहर क्षेत्र में सीसी कैमरा लगाने सहित अन्य आवेदन मिले। शिविर में पांच गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व 2 नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार किया गया। स्थल पर 30 से अधिक 30 किशोरी बालिकाओं का ब्लड टेस्ट किया गया। किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी पैड का वितरण भी किया गया। शिविर में लोगों के आधार कार्ड अपडेट किये गए।

सेना के शौर्य को नमन, भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों के सम्मान और धन्यवाद के लिए कुम्हारी भाजपा मंडल द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा शाम 5 बजे बाजार चौक गांधी चौरा वार्ड 5 से प्रारंभ हुई। यात्रा का एकत्रीकरण स्थल बाजार चौक था, जहाँ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आम नागरिक हाथों में तिरंगा झंडा लिए एकत्र हुए। यात्रा बाजार चौक से प्रारम्भ होकर प्रभात चौक होते हुए स्टेशन चौक ब्रिज के नीचे समाप्त हुई। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने हिंदुस्तान जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। भाजपा मंडल ने ऑपरेशन सिंदूर में देश की सुरक्षा के लिए अदम्य साहस दिखाने वाले जवानों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसमें नपाप अध्यक्ष मीना वर्मा, भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, कुम्हारी भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, पार्षद उमाकांत साहू, हरिदास वैष्णव, अश्वनी देशलहरे, ओंकार मारकंडे, पीएन दुबे, रामाधार शर्मा, रामकुमार सोनी, उमेश ध्रुव, फ़िरोश्वर साहू, आरपी गुप्ता, जेपी बैस, गौरव पटेल, छबि यादव, धानेश्वर सोनकर, खिलेश्वरी सोनकर आदि उपस्थित थे।

अन्य प्रदेश के 200 से अधिक प्राध्यापकगण, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों ने लिया भाग

शंकराचार्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी के बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा एक दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला राजीव गांधी राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा प्रबंधन संस्थान भारत सरकार नागपुर के सहयोग से राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन के अंतर्गत आयोजित की गई। इस कार्यशाला का विषय था दृ बौद्धिक संपदा अधिकार, पेटेंट एवं डिज़ाइन फाइलिंग, जिसमें मुख्य वक्ता कुमार राजू सहायक नियंत्रक,

पेटेंट एवं डिज़ाइन नागपुर ने अत्यंत उपयोगी एवं तकनीकी जानकारी साझा की। उन्होंने इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स पर जानकारी देते हुए उसके प्रकार, ट्रायल डिजाइन, विभिन्न क्षेत्रों में इसकी उपयोगिता के बारे में बताया साथ ही किस प्रकार अपने विचारों, नवाचारों और रचनात्मक कार्यों को पेटेंट, डिज़ाइन, और कॉपीराइट के माध्यम से कानूनी सुरक्षा दी जा सकती है। कुमार राजू ने कहा कि बेसिक ऑनलाइन फाइलिंग मिनिमम डॉक्यूमेंट फाइलिंग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार डिजाइन रजिस्ट्रेशन करवाकर किसी उत्पाद के सौंदर्यात्मक स्वरूप की सुरक्षा की जा सकती है। कॉपीराइट के अंतर्गत साहित्य, कला, संगीत, और सॉफ्टवेयर जैसे रचनात्मक कार्यों पर अधिकार प्राप्त कर कैसे क्लेम किया जा सकता है। उन्होंने पेटेंट ग्रांट प्रोसीजर इसमें आने वाले खर्च उसके नियम स्पेसिमेन रिप्रेजेंटेशन शीट बनाना, इससे संबंधित सुझाव एवं इंडियन प्च्त् पोर्टल, ऑनलाइन फाइलिंग सिस्टम और आईपीआर की वैधता अवधि जैसे विषयों पर भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम में तमिलनाडु, झारखंड, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र कर्नाटक, पश्चिम बंगाल एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न महाविद्यालय के 200 से अधिक प्राध्यापकगण, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पंजी. नं. 202503100400056 /वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका विमला बाई साहू आ./पति मोहन राम साहू निवासी जयंती नगर दुर्ग द्वारा ग्राम उरला प. ह. नं. 16 खसरा नं 678/6, रकबा 0.0186 हे. दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित आवासीय प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुनर्निर्धारण हेतु छ0ग0 भू0रा0सं0 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2) (5) के तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है ।

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उ?द्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति दावा स्वयं अयया अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति- दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पंजी. नं. 202503100400461 /वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका कंचन साहू आ0/पति मोहन राम साहू निवासी जयंती नगर दुर्ग द्वारा ग्राम उरला प. ह. नं. 16 खसरा नं 771/43, रकबा 0.0186 हे. दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित आवासीय प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुनर्निर्धारण हेतु छ0ग0 भू0रा0सं0 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2) (5) के तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है ।

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उ?द्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति दावा स्वयं अयया अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति- दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-02 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202505103400025 /अ-5/ वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जा है कि आवेदिका शारदाबाई जीजे केशवजी निवासी मकान नबर 209, आर्यनगर, दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम करजाभिलाई प.ह.न. 37 तह जिला दुर्ग में स्थित भूमि पुराना खान 92/1,2,3,4,5,6,7,8 का नया खान. 267 रकबा 3.16 है. भूमि भूस्वामी हक से राजस्व अभिलेख में दर्ज है पुराना खन. 02 व उसके बटांकन का बदोबस्त पूर्व का नक्शा वर्ष 1929-30 व 1958-59 कर सत्यप्रतिलिपि नक्शा की नकाल वर्तमान में उक्त भूमि का नया खसरा 267 का नक्शा वर्ष 2022-23 का ऑनलाईन नक्शा की कापी पाप्त किये है जिससे यह पता चलता है कि उपरोक्त वर्णित भूमि की नक्शा में मित्रता है। उक्त आवेदन में आवेदिका द्वारा नक्शा सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.05.2025 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति पेश कर सकतें हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: योगिता अग्रवाल | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202505100400268/अ-2/ वर्ष 24-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका योगिता अग्रवाल आ./पति श्री मुकेश अग्रवाल निवासी राधिका नगर सुपेला भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	39/106	0.0204 हें 2200 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: आरती देवांगन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202505100400263/अ-2/ वर्ष 24-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका आरती देवांगन आ./पति श्री राजकुमार देवांगन निवासी कौरीनभाठा राजनांदगांव तह.व जिला राजनांदगांव द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम सिकोला प.ह.न. 17 तह. व जिला दुर्ग	15/36	0.0139 हें 1500 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: यशोदा साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202505100400261/अ-2/ वर्ष 24-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका यशोदा साहू आ./पति श्री महाबीर निवासी पतोरा तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम सिकोला प.ह.न. 17 तह. व जिला दुर्ग	15/34	0.0139 हें 1500 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: यज्ञदत्त धावड़े | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202505100400262/अ-2/ वर्ष 24-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका यज्ञदत्त धावड़े आ./पति श्री स्वरुप राम धावड़े निवासी आशा नगर दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम सिकोला प.ह.न. 17 तह. व जिला दुर्ग	14/56	0.0195 हें 2100 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: संजय अग्रवाल | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202505100400256/अ-2/ वर्ष 24-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका संजय अग्रवाल आ./पति स्व. रामेश्वर दास अग्रवाल निवासी नेहरु नगर भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम डुमरडीह प.ह.न. 51 तह. व जिला दुर्ग	535/15	0.0558 हें 6000 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: अंजली तिवारी | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202505100400223/अ-2/ वर्ष 24-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका अंजली तिवारी आ./पति श्री छबिलाल तिवारी निवासी नयापारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बघेरा प.ह.न. 18 तह. व जिला दुर्ग	337/12	0.0110 हें 1200 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: सुशीला | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202505100400250/अ-2/ वर्ष 24-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका सुशीला आ./पति श्री वैंकट राव निवासी बोरसी दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	240/50	0.0072 हें 778.7 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: मीना रोहड़ा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202505100400254/अ-2/ वर्ष 24-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका मीना रोहड़ा आ./पति श्री हीरालाल रोहड़ा निवासी सुभाष नगर दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम दुर्ग प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	1214/23	0.009 हें 1000 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: अनुपाबाई साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202504100400304/अ-2/ वर्ष 24-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका अनुपा बाई साहू आ./पति श्री मन्तीर साहू निवासी विजय नगर दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	360/161	0.0110 हें 1250 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यूज गैलरी

कैंसर अस्पताल में वाटर कूलर का लोकार्पण

रायपुर/नवप्रदेश। संस्था देर ना हो जाए द्वारा मेकाहारा के कैंसर विभाग में मरीजों व परिजनों की सुविधा के लिए वाटर कूलर लगवाया गया है। इसका लोकार्पण कैंसर विभागाध्यक्ष व जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौथरी व मेकाहारा के अधिष्ठाता डॉ.संतोष सोनकर ने किया। इस अवसर पर मरीजों के परिजनों के लिए ठंडे शर्बत का वितरण भी किया गया जिसका लाभ सैकड़ों लोगों ने उठाया। डॉ. विवेक चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि संस्था देर ना हो जाए द्वारा समय-समय पर कैंसर विभाग में भर्ती बच्चों, पुरुषों व महिलाओं के लिए आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई जाती है और अस्पताल में भी व्हीलचेयर,स्ट्रेचर आदि दिया गया है जो सराहनीय है। इस अवसर पर चिकित्सकों राजीव रतन जैन, डॉ मंजुला बेक के साथ संस्था के संयोजक रानू लुनिया, मुकेश शाह, अध्यक्ष श्रीमती शीलू लुनिया,गौरव लुनिया,हिमांशु लुनिया,डॉ आवेश सिंग,तृप्ति लुनिया,मासूम लुनिया आदि उपस्थित रहे।

युवाओं ने किया रक्त दान का आयोजन

धमधा/नवप्रदेश। नगर के बजरंग चौक में युवा नेता तुषार सिंह राजपूत के नेतृत्व में सहारा बल्ड बैंक रायपुर के सौजन्य से रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया । वही इस मौके पर नगर के सारे जनप्रतिनिधि,युवा वर्ग के लोगों ने रक्त दान शिविर में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। वही इस आयोजन में लोगों के लिए निः शुल्क शुगर, बी पी जांच किया गया जिसमें नगर के लोगों ने भारी उत्साह दिखाया। वही इस आयोजन में धमधा नगर पंचायत अध्यक्छ श्रीमती श्वेता प्रशांत अग्रवाल,नगर पंचायत उपाध्यक्ष बृजेंद्र दानी,विधायक प्रतिनिधि आरुणि दानी ,सभी पार्षदगण मौजूद रहे। वहीआयोजन कर्ता तुषार सिंह राजपूत ने बताया कि साजा विधानसभा के लाडले विधायक ईश्वर साहू जी एवं जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक व भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट के दिशा निर्देश में यह जन कल्याणकारी आयोजन करवाया जा रहा है ।

जागेश्वर यादव का निधन

नगरी/नवप्रदेश। जागेश्वर यादव (जागु)उम्र 27 वर्ष का आकस्मिक निधन दिनांक 21/5/2025 को लंबी

बीमारी के चलते निजी हॉस्पिटल रायपुर में हो गया है जो स्वर्गीय महेश यादव के छोटे पुत्र एवं भोला यादव. कैलाश. राजू.परदेसी.यादव के भतीजा वाह हरीश यादव के छोटे भाई थे अंतिम संस्कार शांति घाट नगरी में किया गया जिसके अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु एवं नगर के लोग उपस्थित रहे जिसमें वही लोगों के बड़ी संख्या में श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की सशक्त महिला शासकों में से एक : कृष्णकांत

कुरूद/नवप्रदेश। अहिल्याबाई होल्कर जी की 300 वीं जयंती को ग्राम बगौद में चंडी मंदिर की साफ-सफाई कर मनाया गया । उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला मोर्चा व युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हुए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्णकांत साहू भाजपा मंडल अध्यक्षकुरूद , कुलेश्वर चद्राकर और मालक राम साहू वरिष्ठ भाजपा नेता रहे । कृष्णकांत साहू ने अपने उद्बोधन में अहिल्या बाई होलकर जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मालवा की पूजनीय रानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास में एक महान हस्ती हैं, जिन्हें न केवल उनके द्वारा बनवाए गए वास्तुशिल्प चमत्कारों के लिए बल्कि उनके प्रगतिशील शासन और उनके द्वारा शुरू किए गए दूरगामी सामाजिक सुधारों के लिए भी जाना जाता है। 1767 से 1795 तक शासन करते हुए,

अहिल्याबाई के शासनकाल को कल्याण, सामाजिक न्याय, मानव समानता और सतत विकास के लिए एक अटूट प्रतिबद्धता द्वारा चिह्नित किया गया था। वह एक अग्रणी थीं, जिन्होंने ऐसी नीतियां स्थापित कीं, जिन्होंने हाशिए के समुदायों का उत्थान किया, शिक्षा को उन्नत किया, स्वास्थ्य सेवा में सुधार किया और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का निर्माण किया, जिसने आर्थिक विकास और कनेक्टिविटी को बढ़ावा दिया। 18वीं सदी भारत में एक उथल-पुथल भरा दौर था, जो राजनीतिक विखंडन, आर्थिक चुनौतियों और सामाजिक अशांति से चिह्नित था। इस माहौल में, अहिल्याबाई एक मजबूत और सक्षम नेता के रूप में उभरीं।सामाजिक कल्याण और समावेशिता के सिद्धांतों पर आधारित अहिल्याबाई की दूरदर्शी नीतियों ने संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को पूर्वाभास दिया। उनका जीवन हमें याद दिलाता है कि सच्चा नेतृत्व केवल सत्ता पर काबिज होने के बारे में नहीं है, बल्कि सबसे कमज़ोर लोगों की रक्षा और उत्थान के बारे में है। उनके उदाहरण को याद करके हम एक अधिक समतापूर्ण, सहिष्णु और समृद्ध समाज के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम में भोजराम साहू मंडल उपाध्यक्ष ,बिसहत साहू वरिष्ठ कार्यकर्ता, हीरा साहू,घनश्याम चन्द्राकर ,कमलेश साहु ,शेषनारायण साहू ,दशोदा साहू सरपंच, ईश्वर साहु आदि उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय कविता लेखन प्रतियोगिता 'एक पेड़ मां के नाम' का आयोजन किया जा रहा

गरियाबंद/नवप्रदेश। शिक्षक साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में अखिल भारतीय काव्य लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गत वर्ष से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए सफल अभियान एक पेड़ मां के नाम की तर्ज पर शिक्षक साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से राष्ट्र स्तर पर एक पेड़ मां के नाम अखिल भारतीय काव्य लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

परिषद द्वारा पूरे भारतवर्ष से कविताएँ मंगाई जा रही हैं। प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क है जिसमें सभी वर्गों के रचनाकार भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के अंतर्गत 31 उत्कृष्ट रचनाओं को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र एवं ?1100 नगद राशि पारितोषिक के रूप में प्रदान की जाएगी। उक्त सम्मान में शिक्षक वर्ग के लिए 11 पुरस्कार पृथक रखे गए हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने की नियम व शर्तें इस तरह है – अखिल भारतीय स्तर पर कविताओं की उत्कृष्टता के आधार पर चयनित कवियों को सम्मान स्वरूप स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र तथा रु. 1100 की राशि भेंट की जाएगी। सम्मान एवं पुरस्कार हेतु 'एक पेड़ माँ के नाम' शीर्षक पर लिखित कविताएँ ही स्वीकृत की जाएँगी। कविता के साथ निर्धारित प्रपत्र में घोषणा–पत्र संलग्न किया जाना आवश्यक है। कविताएँ अधिकतम 24 पंक्तियों की होनी चाहिए। शिक्षक वर्ग हेतु उक्त में से 11 सम्मान एवं पुरस्कार पृथक हैं। निर्णायक मंडल व शिक्षक साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। कविताएँ ई–मेल एड्रेस – ह्यह्यश्चष्द25ञ्चद्दद्वड्डद्बद्य.ष्श्चद्व या वाट्सएप्प नंबर – 8839628223 पर प्रेषित किया जाना है। कविता प्रेषित करने की अंतिम तिथि 22 जून 2025 है।

कुरुद में शिक्षा का स्वर्णिम युग : सिर्री में नया महाविद्यालय, भखारा को मिला करोड़ों का बजट

कुरूद/नवप्रदेश। कुरुद विधानसभा क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में नित नई ऊँचाइयों को छू रहा है। क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर के सतत प्रयासों और प्रदेश सरकार की शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप, क्षेत्र में उच्च शिक्षा के विस्तार को अभूतपूर्व गति मिली है। एक ओर जहाँ सिर्री में एक नए शासकीय महाविद्यालय की स्थापना को स्वीकृति मिली है, वहीं दूसरी ओर भखारा के शासकीय महाविद्यालय को अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए करोड़ों का बजट आवंटित हुआ है। यह दोहरी उपलब्धि कुरुद विधानसभा क्षेत्र को शिक्षा के मानचित्र पर और भी मजबूती से स्थापित करेगी, जिससे यहाँ के युवाओं के लिए प्रगति के नए रास्ते खुलेंगे।

सिर्री में उच्च शिक्षा का नया अध्यायः चौथे शासकीय महाविद्यालय को मिली मंजूरी, 34 पदों का सृजन

कुरुद विधानसभा क्षेत्र, जहाँ पहले से ही तीन शासकीय महाविद्यालय ज्ञान की ज्योति जला रहे हैं, अब एक और

महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुँच गया है। विधायक अजय चंद्राकर के अथक प्रयासों और विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार की त्वरित निर्णय क्षमता के फलस्वरूप, सिर्री में चौथे नवीन शासकीय महाविद्यालय की स्थापना को हरी झंडी मिल गई है। इतना ही नहीं, इस शैक्षणिक सत्र 2024-25 से महाविद्यालय के सुचारू संचालन के लिए प्राचार्य सहित कुल 34 आवश्यक पदों का भी सृजन कर दिया गया है। इस विकास से कुरुद अब उच्च शिक्षा के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा, जो स्थानीय युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए नए द्वार खोलेगा।

जुलाई 2024 में छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र में विधायक अजय चंद्राकर ने सिर्री में नवीन महाविद्यालय की स्थापना की मांग को प्रमुखता से उठाया था। राज्य सरकार ने तत्परता दिखाते हुए 50 लाख रुपये के वित्तीय प्रावधान के साथ महाविद्यालय की घोषणा की। इसके बाद, श्री चंद्राकर ने मुख्य बजट 2024-25 के अनुपूरक बजट में महाविद्यालय के लिए आवश्यक पदों के सृजन का आग्रह किया, जिसे सरकार ने सहर्ष स्वीकार कर लिया।

छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने सिर्री के इस नए महाविद्यालय के लिए प्राचार्य (अकादमिक लेवल-14 + 2000 रुपये विशेष भत्ता) सहित सहायक प्राध्यापक (12 पद), ग्रंथपाल, क्रीड़ाधिकारी, प्रयोगशाला तकनीशियन (5 पद), सहायक ग्रेड-1, सहायक ग्रेड-2, सहायक ग्रेड-3, डाटा एंट्री ऑपरेटर, प्रयोगशाला परिचारक (5 पद), भृत्य, बुक लिफ्टर, स्वच्छ्क और चौकीदार सहित कुल 34 पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक अजय चंद्राकर का आभार जताया है। उनका कहना है कि इस महाविद्यालय की स्थापना से क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उनके गृह क्षेत्र में ही उपलब्ध हो सकेगी।

भखारा महाविद्यालय को मिली बड़ी सौगात

अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 2 करोड़ 8 लाख से अधिक का बजट स्वीकृत इसी क्रम में, कुरुद विधानसभा क्षेत्र के एक और महाविद्यालय, महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भखारा को भी एक बड़ी सौगात मिली है। महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण के लिए ? 2,08,32,050.00 की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह बजट वित्तीय वर्ष 2024-25 के नवीन मद प्रस्तावों के अंतर्गत भवन निर्माण योजना के तहत स्वीकृत हुआ है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का श्रेय भी पूर्व मंत्री एवं कुरुद विधायक प्रतिनिधि अजय चंद्राकर के अथक प्रयासों को जाता है।

उमरादेहान कौहाबाहरा ब्लाक नगरी में आज

नगरी/नवप्रदेश। उमरादेहान कौहाबाहरा ब्लाक नगरी में 24 मई दिन शनिवार 11:30 बजे रघु ठाकुर राष्ट्रीय संरक्षक लो.स.पा. की उपस्थिति में डॉ. राम मनोहर लोहिया प्रतिमा का अनावरण किया जा रहा है जिसमें स्थानीय प्रतिनिधि एवं क्षेत्र के समस्त ग्राम वासियों की उपस्थिति रहेगी साथ ही आयोजक समस्त ग्राम वासियों उमरादेहान कौहाबाहरा के उपस्थिति में होगी

महामाई मंदिर फरसिया मेला स्थल में श्रद्धालुओं के लिए नए तालाब का भूमि पूजन

नगरी/नवप्रदेश। महामाई मंदिर फरसिया मेला स्थल में श्रद्धालुओं के लिए नए तालाब का भूमि पूजन एवं ग्राम फरसिया में नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 का लोकार्पण कलेक्टर अविनाश मिश्रा, एसपी जिला पंचायत सीईओ मैडम, सरपंच केशव टेकाम ,जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा ,भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ,जनपद अध्यक्ष महेश गोठा उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनपद सदस्य शशि ध्रुव, पूर्व विधायक पिंकी शिवराज शाह महामाई समिति अध्यक्ष जवाहरलाल मरकाम, ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष सुभाष कश्यप एवं ग्रामवासी नागरिक गण उपस्थित रहे।

अघोषित बिजली कटौती से लोगों की दिनचर्या पर पड़ रहा असर : संध्या राव

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। चर्चा के दौरान नवापारा नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने कहा कि अघोषित बिजली कटौती से लोगों की दिनचर्या पर विपरीत असर पड़ने लगा है। एक तरफ लोगों को बिजली नहीं मिल रही है, वहीं दूसरी तरफ उन्हें हर महीने बढ़े हुए बिल थमाए जा रहे हैं। शहरों का यह हाल है तो ग्रामीण क्षेत्रों का क्या हाल होगा, इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। शहर में कब बिजली चली जाए, इसका कोई भरोसा नहीं है। दिन-रात में 3-4 बार बिजली कटौती की जा रही है, जिससे लोगों की नींद और काम दोनों प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर बिना पूर्व सूचना के अघोषित रूप से बिजली कटौती की जाती है, तो समस्या कई गुना बढ़ जाती है। बिजली कटौती अब असहनीय हो गई है। उन्होंने कहा कि अगर व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो आने वाले समय में बिजली दफ्तर के सामने उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

घर के बाहर खेल रही नाबालिग से अश्लील हरकत, आरोपी गिरफ्तार

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा क्षेत्र में घर के बाहर खेल से बच्ची से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2), 74 और पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार नवापारा थाना क्षेत्र में पीड़िता के परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें बताया कि 4 वर्ष बच्ची अपने घर के पास स्थिति तालाब किनारे खेल रही थी। इस दौरान कुर्रा निवासी समुंद तारक (39 वर्ष) बच्ची को बहला-फुसला कर अपने घर ले गया और बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने लगा। बच्ची जब रोने लगी, तो आरोपी बच्ची के साथ मारपीट की। बच्ची किसी तरह से वहां से भागकर अपने घर पहुंची।

जनपद सदस्य सरिता साहू ने किया कार्यों का निरीक्षण

राजनांदगाँव/नवप्रदेश। डोंगरगाँव जनपद पंचायत की सदस्य श्रीमती सरिता साहू ने अपने क्षेत्र के ग्राम आरगाँव पहुंचकर महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत चल रहे कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया । इस दौरान जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू भी साथ रहे । इन्होंने मनरेगा के श्रमिकों सहित ग्राम पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से ग्राम विकास व समस्याओं के बारे में चर्चा की । अपने नेता -नेत्री को अचानक अपने बीच पाकर ग्रामवासी गद्गद हो गये।

जनपद की सामान्य सभा की बैठक में नहीं पहुंचे तीन विभागों को नोटिस जारी

खैरागढ़/नवप्रदेश । जनपद पंचायत सामान्य सभा की पहली बैठक मे नदारद रहे तीन विभागों के अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है । सामान्य सभा की बैठक मे उपस्थित नही होने के चलते लोनिवि, पीएचई सहित कृषिविभाग के अधिकारियो के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया था । इसको लेकर जनपद पदाधिकारियो सहित सदस्यों ने नाराजगी जताते हंगामा भी किया था । सामान्य सभा की बैठक के दूसरे दिन ही जनपद अध्यक्ष राजेश्री त्रिपाठी ने जनपद पहुँच बैठक से नदारद रहे अधिकारियो के खिलाफ नोटिस जारी करवाया और विभागीय अधिकारियों से चर्चा भी की । जनपद अध्यक्ष राजेश्री त्रिपाठी ने बताया कि कृषि विभाग के अधिकारियों ने बैठक मे उपस्थित नही होने की गलती स्वीकारते भविष्य मे ऐसा नही होने का भरोसा दिया है । पीएचईविभाग के अधिकारी के अवकाश पर होने के चलते उपस्थिति को लेकर विभागीय अव्यवस्था बनने की जानकारी सामने आई है । जिस पर विभाग ने अगली बैठक से कोई दिक्कत नही होने का हवाला

दिया । अध्यक्ष त्रिपाठी ने बताया कि लोनिवि के अधिकारियो से भी चर्चा करने का प्रयास किया गया लेकिन वहाँ कोई बातचीत नही हो पाई । जिसके बाद त्वरित रूप से नोटिस जारी कर जवाबतलब किए जाने के निर्देश दिए गए है ।

प्रस्तावों, शिकायतों पर होगी त्वरित कार्यवाही

जनपद अध्यक्ष राजेश्री त्रिपाठी ने सामान्य सभा की बैठक को लेकर स्पष्ट कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्रो से चुनाव जीतकर आए हर जनपद सदस्य उस क्षेत्र के जिम्मेदार प्रतिनिधि है । ऐसे मे सभी सदस्यों की मांगों, समस्याओ और शिकायतो पर त्वरित कार्यवाही होगी । त्रिपाठी ने कहा कि पूरे जनपद क्षेत्र मे विकास कार्यो को लेकर कोई भेदभाव नही किया जाएगा । समुचित रूप से क्षेत्र का समग्र विकास करना जनपद पंचायत की प्राथमिकता होगी।

प्रथम पेज का शेष

ट्रंप की धमकी : एपल को अमेरिका...

एपल के सीईओ टिम कुक से बात की है और उनसे भारत में एपल के उत्पादन का विस्तार न करने के लिए कहा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने दोहा में एक कार्यक्रम में टिम कुक से कहा था कि हमें आपके भारत में निर्माण करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। वे अपना ख्याल खुद रख सकते हैं। वे बहुत अच्छा कर रहे हैं। दोहा में एक कार्यक्रम में डोनाल्ड ट्रंप ने एपल सीईओ टिम कुक से कहा था कि मुझे टिम कुक के साथ थोड़ी परेशानी थी। मैंने उनसे कहा कि टिम आप मेरे दोस्त हैं। मुझे लगता है। आप बहुत अच्छे हैं। आप 500 बिलियन डॉलर लेकर यहां आ रहे हैं।

भारत में एपल ...

इलेक्ट्रॉनिक्स में अधिक विदेशी निवेश आकर्षित करने और आयात पर निर्भरता कम करने के भारत के लक्ष्य को भी साकार करती हैं। हालांकि, ट्रंप के बयानों से इस पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

इससे पहले एक रिपोर्ट आई थी, जिसमें दावा किया गया था कि दिग्गज टेक कंपनी एपल अमेरिका में बिकने वाले सभी आईफोन का निर्माण अगले साल से भारत में करने की योजना बना रही है। इससे न सिर्फ मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि वैश्विक विनिर्माण हब बनने की दिशा में भारत की स्थिति मजबूत होगी। रिपोर्ट में दावा किया गया था एपल अमेरिका में बिकने वाले 6 करोड़ से ज्यादा आईफोन का उत्पादन 2026 के अंत तक पूरी तरह से भारतीय प्लांट में स्थानांतरित करना चाहती है।

आतंकवाद, माओवाद हिंसा ...

के विकास की एक बड़ी सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बुनियादी सुविधा, हर निवेश की पहली शर्त है। पूर्वोत्तर क्षेत्र बहुत समय तक अभाव में रहा था, लेकिन अब वहां भारी निवेश हुआ है। एक दशक में वहां 11 हजार किलोमीटर के नये राजमार्ग बने हैं, सैकड़ों किलोमीटर के नये रेल मार्ग विकसित हुए हैं, तथा हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी हो गयी है।

पूर्वोत्तर में पर्यटन की...

भरे एक नए पूर्वोत्तर क्षेत्र का उदय हुआ है।

उद्घाटन सत्र को उद्योगपति मुकेश अंबानी, अनिल अग्रवाल, गौतम अडाणी, हर्षवर्धन नेवतिया और पूर्वोत्तर के कुछ प्रमुख उद्यमियों ने भी संबोधित किया और क्षेत्र में निवेश की अपनी अपनी योजनाओं का एक मोटा खाका प्रस्तुत किया। इन उद्यमियों ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के संबंध में श्री मोदी के परिवर्तनकारी नेतृत्व की सराहना की।

पूरी दुनिया में बेनकाब हो ...

पाकिस्तान बार बार दावा करता रहा है कि वह आतंकवाद को समर्थन नहीं देता लेकिन ऑपरेशन सिन्दूर के बाद के घटनाक्रम ने उसे बेनकाब कर दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में शुरू किये गये ऑपरेशन सिन्दूर में भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में केवल नौ आतंकवादी अड्डों को तबाह किया था और सैन्य तथा असैनिक अड्डों को निशाना नहीं बनाया था।

नए कानूनों पर अमल ...

का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन आवश्यक। बैठक में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, आंध्र प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, महानिदेशक सहित गृह मंत्रालय और आंध्र प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैडमिंटन खेलने के बाद ...

हिमांशु को अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला, जिसमें दिखी हकीकत - पुलिस ने कोर्ट के भीतर-बाहर का फुटेज कब्जे में लिया है और मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है। खिलाड़ियों ने बताया कि खेलने के बाद हिमांशु थके हुए थे, लेकिन स्वास्थ्य बिलकुल ठीक दिख रहा था। खेलते या चलते-फिरते समय नौजवानों की दिल के दौरे से मृत्यु की खबरें मिलती रहती हैं, भले ही यह रेयर है। माना जा रहा है कि हिमांशु की मौत की वजह भी वैसी ही कुछ हो सकती है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छ.ग. गृह निर्माण मण्डल
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रेवती नेताम पति स्व. एम.एल. नेताम, निवासी-पाटन, तह. पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा भवन क्रमांक अटल आवास-54, पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस/वारिसानों श्री शशांक नेताम आ. स्व. एम. एल. नेताम ने आवंटित भवन को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक अटल आवास-54, पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) को श्री शशांक नेताम के नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. श्रीमती रेवती नेताम के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा।

अतः श्री शशांक नेताम के नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 19.05.2025 को जारी किया गया।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग)

न्यायालय तहसीलदार भिलाई 3 के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202505101600046
/विषय: अ-21(1)/ सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुगदा प.ह.न. 00013 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार - सुखीराम, केशरीबाई, फुलेश्वरी,
अनावेदक पक्षकार- राजस्व विभाग

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुखीराम पिता मनबोधी व अन्य 3, निवासी कुगदा, तह भिलाई 03, जिला दुर्ग की स्वामित्व की आदिवासी भूमि खसरा नं- 253/2 रकबा 0.2272 हेक्टे. मौज ग्राम कुगदा, प.ह.नं- 13, रा.नि.मं. कुम्हारी, तह भिलाई 03, जिला दुर्ग में स्थित है। जिसमें बतौर नाम सुखीराम, केशरी बाई, फुलेश्वरी, करेज लाल सभी पिता मनबोधी, का नाग संयुक्त खातेदार स्वीमी के रूप में दर्ज है जो कि आवेदक गोड जाति के अंतर्गत आते है तथा उक्त भूमि आदिवासी भूमि है इसलिय उक्त भूमि को विक्रय किये जाने की अनुमति प्रदा किये जाने बाबत् मय इस न्यायालय को आवेदन प्राप्त हुआ हैं।

उपरोक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने किसी अभिकर्ता/अधिवक्ता के माध्यम से लिखित रूप में नियत दिनाव 27.05.2025 के पूर्व इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार**
भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202505100700078
/अ-5/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती ममता तिवारी पति मनीष तिवारी निवासी बोरसी कालोनी दुर्ग द्वारा ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 38 रा.नि.मं. कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 161/182 रकबा 0.0984 हे. मे से 2183.8 वर्गफुट को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता श्रीमती शीतल जैन पति ऋषभ जैन से क्रय किया गया है। की नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 12.06.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.05.2025 को यह हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार**
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
अण्डा दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202505101200056
/अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री धनेश्वर सोनी पिता गोपी सोनी निवासी ग्राम चरोदा भिलाई मौजा ग्राम कुथरेल प.ह.न 37 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 328/23, 979 रकबा 0.010, 0.38 हे. रुपराम पिता लच्छन के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 09.12.2024 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 06.06.2025 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर **नायब तहसीलदार**
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय संपत्ति रायपुर-01
आम-सूचना

जारी दिनांक 16.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वोडाफोन आईडिया लिमिटेड पंजीकृत कार्यालय सुमन टावर, प्लाट नं. 18 सेक्टर-11 गांधी नगर गुजराती द्वारा आवेदित भूमि ग्राम रायपुरा प.ह.नं. 57 रा.नि.मं. 01 तह. व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 316/9/11, 317/3/4/6 रकबा 0.2430 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार/ अतिरिक्त/ नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 21.04.2025 के परिपालन में दिनांक 27.05.2025 को समय 01.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह नियत तिथि में प.ह.न. 57 के रायपुरा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं या किसी वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही है।

मुहर **राजस्व निरीक्षक**
रायपुर-01 (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चुम्मनलाल साहू पिता स्व. घनश्याम साहू निवासी अण्डा जिला दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा खिलावन साहू पिता लक्ष्मण साहू की जन्म/मृत्यु दिनांक 20.11.2016 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.06.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब/121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक योगेश्वर साहू आ. दौवाराम निवासी चुलगहन तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरी दादा स्व. बिन्दल दास साहु पिता उजियार दास साहू मृत्यु दिनांक 04.03.1997 को ग्राम चुलगहन प.ह.न. तहसील पाटन जिला दुर्ग में मृत्यु होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक योगेश्वर साहू आ. दौवाराम निवासी चुलगहन तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 30/05/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-74/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक चंदू निषाद पिता स्व. उमेंद्र निषाद निवासी ग्राम पुलगांव तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पुलगांव तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 4/1 रकबा 0.3650 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तामान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.06.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

सिंदूर शौर्य शोभायात्रा और सभा का आयोजन 25 को

महासमुंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच महासमुंद के बैनर तले सिंदूर शौर्य शोभा यात्रा और सभा का आयोजन स्थानीय लोहिया चौक में 25 मई को आयोजित होगा।

महासमुंद के स्थानीय स्वाध्याय केंद्र में जिला स्वाभिमान मंच की बैठक आहूत की गई। बैठक में सर्वप्रथम कार्यक्रम के लिए जिला संचालन टीम का गठन किया गया। सभी विकासखंडों को उक्त कार्यक्रम के लिए अधिक से अधिक संख्या के लिए लक्ष्य दिया गया। जैनेन्द्र चन्द्राकर भूपेंद्र राठौड़, उमेश गिरी, विपिन शर्मा, सालिक राम साहू, राजेश शर्मा, खगेन्द्र तारक, राकेश यादव, राधे सोनी, चन्दन डड़सेना, चेतन ठाकुर, त्रिलोक शर्मा, कुबेर गिरी, चंद्रबदन मिश्रा, सुदेश कन्नौजे, गुलाब सेन, खगेंद्र तारक को जिम्मेदारी दी गई है। उक्त कार्यक्रम मातृशक्तियों के सहयोग से किया जाएगा। इसके लिए मंच संचालन, वक्ता व आभार तक के सारे कार्यक्रम मातृशक्तियों के द्वारा किया जाना है। ताकि, ऑपरेशन सिंदूर की सार्थकता को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। इस टीम में महेश चंद्राकर, चुनेश्वरी साहू, वाणी तिवारी, सुनीता विश्वनाथन, डिगेश्वरी, राजश्री ठाकुर, संध्या शर्मा, रिंकू बैरागी, राजेश डड़सेना, वंदना सेन आदि होंगे।

बैंक खाता को किराए पर देने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

- म्यूल एकाउंट में डेढ़ करोड़ का लेन-देन का मामला
- 15 हजार रुपये में दिया था किराए पर

महासमुंद/नवप्रदेश। म्यूल एकाउंट में डेढ़ करोड़ रुपये की लेन-देन करने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर जुडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया है।

सिटी कोतवाली प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि जांच में ऐसे 7 म्यूल एकाउंट की जानकारी सामने आयी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गये तीनों खाताधारकों के खातों में डेढ़ करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ है। इसके अलावा 4 और बैंक खातों की जांच की जा रही है।

समन्वय पोटर्ल के माध्यम से मकान नं 331, पंजाबी पारा निवासी रविन्दर चावला (54), आजाद नगर कालोनी रायपुर निवासी दीपक तिलवानी (35) और स्टेशन रोड गुरूद्वारा के पीछे निवासी महेश साहू (60) के खातों की जांच की गयी। जांच में पता चला कि इन तीनों के खाते में कुछ अवधि के लिए डेढ़ करोड़ रूपयों का लेन-देन हुआ है। जिसमें 97 लाख का लेन-देन रविन्दर

चावला के खाते में पाया गया। बाद में पुलिस ने तीनों से पूछताछ की। उन्होंने बैंक खाते में लाखों रुपये के लेन-देन की कोई जानकारी नहीं होने की बात कही। उन्होंने बताया कि समन्वय पोर्टल के माध्यम से पुलिस को कुल 7 खाता नंबरों की जानकारी हुई है। पुलिस ने सभी के खिलाफ बीएन एस की थारा 317(2), 317(4), 318(4) 61(2),111 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभी उक्त तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनके अलावा 4 और बैंक खातों की जाँच की जा रही है। श्री दुबे ने बताया कि बैंक खाता खोलकर पास बुक, एटीएम कार्ड, बार कोड और ऑनलाइन बैंकिंग के लिये जरूरी पासवर्ड आदि सामने वाले तक किसी मध्यस्थ के जरिये पहुंचा दी जाती है। फिर इस खाते का उपयोग संबंधित व्यक्ति गैर कानूनी तरीके से आने वाले रुपये के लेन-देन के लिये करता है। इसके एवज में 15 हजार रुपए खाते का किराया के रूप में वास्तविक खाताधारकों को मिलते हैं। यह राशि भी अलग-अलग माध्यम से इन तक पहुँच जाती है।

कबीरधाम पुलिस ने मध्यप्रदेश बॉर्डर पर दी दबिश, 25 मिले संदिग्ध, जांच जारी

- पश्चिम बंगाल और अन्य राज्य के लोग शामिल

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में लंबे समय से अवैध रूप से रह रहे बाहरी व्यक्तियों तथा संदिग्ध गतिविधियों में संलग्न तत्वों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन पूरी गंभीरता और सख्ती के साथ अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में आज दिनांक 23 मई 2025 को एक और वृहद स्तर की कार्रवाई को अंजाम दिया गया, जिसमें 100 से अधिक पुलिस अधिकारी और जवानों की संयुक्त टीम ने दबिश दी।

टीम द्वारा नया पुलिस लाइन से लेकर चिल्फी एवं धवईपानी (मध्यप्रदेश बॉर्डर) तक कई किमी क्षेत्र में फैले झुग्गी-झोपड़ियों, ढाबों, निर्माण स्थलों, अस्थायी दुकानों और सड़क किनारे रह रहे लोगों की जांच की गई। इस दौरान 25 संदिग्ध लोगों को पुलिस के डग्गा वाहन में बैठाकर संबंधित थानों में लाया गया, जहां उनकी पुश्तैनी जानकारी, पहचान पत्र, निवास सत्यापन और संदिग्धता के आधार

पर पूछताछ की गई।

इनमें से अधिकांश व्यक्ति छत्तीसगढ़ के बाहर ङ्क उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र आदि राज्यों के पाए गए, जिनके पास वैध दस्तावेज़ नहीं थे और वे वर्षों से जिले में अज्ञात पते और फर्जी परिचय पत्रों के आधार पर रह रहे थे।

इससे पूर्व भी 13 मई 2025 को इसी तरह की कार्यवाही में कुल 18 व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (ब्न्हस्स्) की धाराओं 128, 126, 135(3) एवं 170 के तहत प्रकरण दर्ज किए गए थे।

इन सभी व्यक्तियों से पूछताछ जारी है। कुछ के तार पूर्व घटित आपराधिक घटनाओं से भी जोड़े जा रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह ने अभियान के अंत में सभी अधिकारियों को ब्रीफ करते हुए स्पष्ट किया कि कबीरधाम में अब कोई भी व्यक्ति बिना वैध दस्तावेज़ों के, या फर्जी नाम-पते से नहीं रह सकेगा। ऐसे अवैध प्रवासियों के खिलाफ हमारी कार्रवाई सतत् जारी रहेगी। पुलिस सत्यापन अनिवार्य है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही सीमावर्ती जिलों की सुरक्षा केवल सीमाओं की निगरानी से नहीं, बल्कि भीतर छिपे हुए अवैध, संदिग्ध और फर्जी पहचान वाले लोगों की शिनाख्त और निष्कासन से सुनिश्चित होती है।

इस अभियान के प्रमुख उद्देश्य रहे

सीमावर्ती क्षेत्रों में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना

बिना सत्यापन रह रहे प्रवासियों की पहचान

फर्जी दस्तावेज़ों पर रह रहे तत्वों की धरपकड़

जनसुरक्षा और सांप्रदायिक सौहार्द को प्रभावित करने वाले तत्वों पर लगाम

अपराधियों के लिए पनाहगाह बने इलाकों का सफाया।

कबीरधाम पुलिस अपील करती है कि यदि आपके आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति, किरायेदार, मज़दूर या दुकानदार है, जिसकी पहचान संदिग्ध है या पुलिस सत्यापन नहीं हुआ है ङ्क तो कृपया निकटतम थाना या डायल 112 को तत्काल सूचित करें। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। यह आपकी, आपके परिवार और पूरे जिले की सुरक्षा से जुड़ा विषय है।

जल स्त्रोतों की सफाई और संरक्षण में घोर लापरवाही : रश्मि

महासमुंद/नवप्रदेश। प्रदेश में

भीषण जल संकट के लिए साय सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद दुर्भावनापूर्वक नरवा संवर्धन योजना बंद कर दी गई, जिसके चलते भू-जल स्तर लगातार गिर रहा है। साय सरकार आने के बाद से जल स्त्रोतों की सफाई और संरक्षण में घोर लापरवाही बरती जा रही है, जिसका खामियाजा जनता भुगतने मजबूर है। सरकार की उपेक्षा, लापरवाही, अदूरदर्शिता और वर्षा जल संचयन के अभाव में पूरे प्रदेश में अप्रत्याशित जल संकट उत्पन्न हो गया है। पानी के अपव्यय और अनुशासनहीन उपयोग के कारण ही जनता को न पीने का पानी मिल पा रहा है और न ही खेतों में सिंचाई के लिए पानी है।

तापमान बढ़ने से बिजली की खपत दोगुनी

- एसी, कूलर और पंखे के सहारा

महासमुंद/नवप्रदेश। तेज गर्मी जहां लोगों बेचैनी बढ़ा रही है राहत के लिए एसी, कूलर और पंखा ही एकमात्र सहारा है। तो दूसरी ओर बढ़ते तापमान के कारण बिजली की खपत भी दो गुना अधिक हो गई है। भले ही बुधवार रात और गुरुवार को हुई बारिश के बाद लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। शुक्रवार सुबह और दोपहर आसमान में बादल छाए रहे। इस बीच बूंदा-बांदी भी होती रही। जिले में पड़ रही तेज गर्मी से निजात पाने घरों में कूलर, पंखे व एसी का उपयोग दिन-रात हो रहा है। जिससे बिजली की खपत दोगुनी हो चुकी है। केवल शहर में ही हर महीने 11 से 12 मेगावॉट तक बिजली की खपत है, जबकि सामान्य दिनों में यह खपत 8 से 9 मेगावॉट होती है। बिजली विभाग के अनुसार केवल शहर में ही 17 हजार 408 विद्युत

कनेक्शन हैं। जिसमें 14 हजार 200 घरेलू कनेक्शन, 2 हजार 620 व्यावसायिक और शेष अन्य कनेक्शन हैं। सामान्य दिनों में जहां बिजली की खपत हर माह 8 से 9 मेगावॉट (20-25 लाख यूनिट) वहीं इन दिनों पड़ रही तेज गर्मी और उमस से छुटकारा पाने घरों, दफ्तरों, दुकानों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कूलर, पंखे और एसी का दिन-रात उपयोग हो रहा है जिससे बिजली की खपत लगभग दोगुनी हो गई है। यह खपत अब 11 से 12 मेगावॉट (40-50 लाख यूनिट) पर पहुंच गई है। जिससे आए दिन ट्रांसफॉर्मरों में भी अधिक लोड के कारण तकनीकी समस्या आ रही है और बिजली बंद जैसी समस्या उत्पन्न हो रही है।

न्यूज गैलरी

पार्षद हिमानी साहू संग महापौर रामू रोहरा से की मुलाकात

धमतरी/नवप्रदेश। शहर के लाल बगीचा क्षेत्र के नागरिकों ने आज क्षेत्र की पार्षद हिमानी साहू के नेतृत्व में नगर निगम महापौर रामू रोहरा से भेंट की। इस दौरान नागरिकों ने क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की और समाधान की मांग रखी। मुलाकात के दौरान जलभराव, खराब सड़कें, कचरा प्रबंधन, स्ट्रीट लाइट्स की समस्या सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी को प्रमुखता से उठाया गया। पार्षद हिमानी साहू ने कहा कि क्षेत्रवासियों की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिनका शीघ्र निराकरण आवश्यक है। महापौर रामू रोहरा ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश देने की बात कही ताकि जल्द से जल्द सुधार कार्य प्रारंभ किए जा सकें। लाल बगीचा क्षेत्र के लोगों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान करेगा।

राजिम की सहकारी समितियों ने सूखत शून्य करने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

- धान खरीदी में सूखत को लेकर जताई आपत्ति, कहा- हमारी नहीं, सिस्टम की गलती है

गरियाबंद/नवप्रदेश। राजिम विधानसभा क्षेत्र की सभी सहकारी समितियों ने धान खरीदी में सूखत (वजन में कमी) को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने खरीदी में आई सूखत को शून्य करने की मांग की है। समितियों ने कहा कि इस बार जो सूखत हुआ है, वह प्राकृतिक और प्रशासनिक कारणों से हुआ है, जिसमें समितियों की कोई सीधी गलती नहीं है।

सोसायटी महासंघ के अध्यक्ष जितेंद्र सोनकर ने यह नुकसान हमारे द्वारा नहीं, बल्कि मिलर्स की लापरवाही, भंडारण की कमी और प्रशासनिक उदासीनता के कारण हुआ है। मिलर्स द्वारा धान का समय पर उठाव नहीं किया, जिससे धान महीनों तक केन्द्रों में जमा रहा। बफर लिमिट से अधिक धान संग्रहित होने के कारण सुरक्षित भंडारण में समस्या हुई। चूहा, दीमक जैसे जीवों के कारण बारदाना व

धान को क्षति पहुँची। खाली बारदाने का वजन कम था, जिससे वास्तविक वजन में फर्क आया। अधिकारियों को बार-बार सूचित करने पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

समिति प्रमुख ने बताया कि धान खरीदी के समय 17 प्रतिशत नमी रहती है, जो भंडारण व मौसम की स्थिति के कारण घटकर 11-12 प्रतिशत रह जाती है, जिससे स्वाभाविक रूप से वजन में हानि होती है। जिला नोडल अधिकारियों ने भी सुखत की पुष्टि की, फिर भी अनदेखी हुई। संस्थाओं ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि इन परिस्थितियों के बावजूद समिति प्रबंधकों को दोषी माना जाता है, तो इस प्रक्रिया में सम्मिलित समस्त उच्चाधिकारी भी समान रूप से उत्तरदायी हैं।

बी.पी.एड. व डी.पी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

कवर्धा/नवप्रदेश। शासकीय स्कूलों में कार्यरत सहायक शिक्षकों एवं छत्तीसगढ़ के मूल निवासी खिलाड़ियों के लिए शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में बी.पी.एड. एवं डी.पी.एड. पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण के लिए प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों से 10 जून 2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। जिन सहायक शिक्षकों की रूचि विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त करने में है, वे अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में अपने कार्यालय प्रमुख के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए, जिला शिक्षा अधिकारी, कबीरधाम कार्यालय में 10 जून 2025 तक जमा कर सकते हैं। प्रशिक्षण स्थल शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान, पेन्ड्रा निर्धारित किया गया है। वहीं सत्र 2025-26 हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी इच्छुक पुरुष एवं महिला खिलाड़ी भी बी.पी.एड. एवं डी.पी.एड. पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

साय सरकार जनता के व्दार यही सुशासन की निशानी : रामू रोहरा

- आमदी नगर पंचायत में आयोजित समाधन शिविर में शामिल हुए महापौर

धमतरी/नवप्रदेश। आज समाधान शिविर का आयोजन आमदी नगर पंचायत में किया गया था। इस शिविर में महापौर रामू रोहरा, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, आमदी नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू के अलावा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि साय सरकार व्दारा सुशासन तिहार के मद्देनजर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। धमतरी जिले में अब तक प्राप्त आवेदनों में से 96 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है इसके लिए मैं प्रशासन के साथ अधिकारी कर्मचारियों को धन्यवाद देता हूँ।

श्री रोहरा ने आगे कहा कि प्रदेश में साय सरकार बनने के बाद प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूर्ण किया जा रहा पिछले पांच साल से रूके हुए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास में से 11 लाख आवासों को स्वीकृति मिली है। साय सरकार आपके व्दार आकर समस्याओं का निराकरण कर रही है यही सुशासन का निशानी जिसमें सरकार जनता के व्दार पहुंचती है। श्री रोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य देश का दूसरा राज्य है जहां रजिस्ट्री के पश्चात नामांतरण तत्काल होगा। नहीं तो पहले रजिस्ट्री के बाद नामांतरण के लिए चक्कर काटने पड़ता था। मुख्यमंत्री साय व्दारा प्रदेश की जनता को सुविधाएं देने का का प्रयास किया ज रहा है।

प्रधानमंत्री आवास का सबसे ज्यादा फायदा आमदी नगर पंचायत को मिला है क्योंकि सबसे ज्यादा स्वीकृति इसी नगरपंचायत को मिली है। आज इस मंच पर मुझे तालाब सौंदर्यीकरण की मांग की गई है तो मैं आश्वस्त करता हूँ कि बहुत जल्द ही इसकी स्वीकृति दिलाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने उपस्थित जनों को आश्वस्त किया कि धमतरी के विकास में कोई कमी नहीं होगी।

पेवर ब्लॉक कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने नपाध्यक्ष ने दिए निर्देश

महासमुंद/नवप्रदेश। वार्ड क्रमांक 15 में चल रहे पेवर ब्लॉक कार्य का निरीक्षण आज नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने किया। ज्ञात हो कि वार्ड 15 में पंकज महाराज घर के पास से महामाया मंदिर चौक तक पेवर ब्लॉक सड़क किनारे लगाए जा रहे हैं। पेवर ब्लॉक लगने से वार्ड वासियों को कीचड़ से मुक्ति मिलेगी। तथा गंदे पानी का भराव नहीं होगा। नपाध्यक्ष ने कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने का सख्त निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिए। इस अवसर पर पार्षद ज्योति रिंकू चंद्राकर प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

हाथ भट्टी महुआ शराब की अवैध रूप से बिक्री पर रोक लगाने आबकारी टीम की कार्यवाही

गरियाबंद/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत अवैध महुआ शराब पर प्रतिबन्ध लगाने हेतु दिनांक 21/05/2025 को आबकारी आयुक्त प्रबंध संचालक श्याम धावड़े तथा कलेक्टर भगवान सिंह उइके के मार्गदर्शन में उपायुक्त आबकारी श्री अनिमेष नेताम से प्राप्त निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में गरियाबंद जिले की आबकारी टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही ; सघन गश्त के दौरान आरोपी मन्नू निषाद पिता शंभू निषाद उम्र 35 वर्ष साकिन हरदी थाना

छुरा के कब्जे से अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब की कुल मात्रा 13.00 बल्क लीटर जप्त कर आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा क्रमशः 34 (2) एवं 59 'क' के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर आज दिनांक 22.05.2025 को न्यायिक अभिरक्षा में लिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में आबकारी वृत्त गरियाबंद आबकारी उपनिरीक्षक नागेशराज श्रीवास्तव एवं वृत्त देवभोग प्रभारी रजत चन्द ठाकुर, आबकारी आरक्षक पीताम्बर चौधरी, वाहन चालक शैलेन्द्र कश्यप तथा महिला सैनिक हेमबाई साहू का विशेष व सराहनीय योगदान रहा।

सेन सौर्य यात्रा के साथ जन्मोत्सव मनाया गया

- सेन प्रतिभा का किया गया सम्मान

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के कवर्धा नगर में जिला स्तरीय महासम्मेलन जिला सर्व नाई सेन श्रीवास समाज द्वारा आयोजन किया गया जिसमे सुबह 7:30 पर सेन भवन का लोकार्पण विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन व कैलाश चंद्रवंशी उपाध्यक्ष जिलापंचायत, नंद श्रीवास उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बोड़ला के शुभ हाथो से किया गया उक्त कार्यक्रम में सर्व नाई सेन समाज के जिलाध्यक्ष मनहरण श्रीवास व वरिष्ठ उपाध्यक्ष नंद श्रीवास के द्वारा उपमुख्यमंत्री के स्वागत के बाद छत्तीसगढ़ महतारी व सेन महराज के पूजा के बाद प्रारम्भ किया गया भवन लोकार्पण पश्चात लालाजी श्रीवास के टीम मन भौवरा के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दिया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रान्त अध्यक्ष सर्व नाई सेन समाज श्री त्रिलोक चंद श्रीवास और संभागीय अध्यक्ष श्री दिनेश सेन रहे उक्त आयोजन में जिला सेलून व्यपार संघ

कबीरधाम के द्वारा अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन किया गया जिलाध्यक्ष भगत राम श्रीवास और शहर अध्यक्ष राजू श्रीवास जिला कोषाध्यक्ष युवा प्रकोष्ट जिलाध्यक्ष होलीराम श्रीवास युवा प्रकोष्टसचिव रामकुमार श्रीवास महामंत्री राजेश श्रीवास के उद्बोधन पश्चात् मनहरण ने सभा को सम्मबोधित करते हुए कहा की सैन एकता आज वृहद स्वरुप में है आज सेन समाज शासन और प्रसाशन के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा हैं शहर कोषाध्यक्ष महेन्द्र श्रीवास ने कहा की समाज आज विभन्न प्रकोष्ठ और नेतृत्व को लेकर आगे बढ़ने में प्रयासरत हैं के बाद बच्चो द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया गया इस दौरान कार्यक्रम का संचालन कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजकुमार श्रीवास द्वारा किया गया।

शिक्षा प्रणाली ... जनप्रतिनिधियों की बैठक में सरकारी शिक्षा व्यवस्था को लेकर उठी गंभीर चिंताएं

शिक्षा में समानता की ओर कदम : बागबाहरा में 'वन नेशन, वन एजुकेशन' की जोरदार मांग

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा विकासखंड के जनपद पंचायत सभागार में आई ई सी एनजीओ संस्थान द्वारा शिक्षा प्रणाली को सशक्त बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर एवं उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार उपस्थित रहे। इस अवसर पर बागबाहरा ब्लॉक के लगभग सभी पंचायतों के सरपंच और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के राज्य समन्वयक अतीक जैदी द्वारा संस्था की गतिविधियों और उद्देश्यों की जानकारी से हुई। उन्होंने बताया कि संस्था शिक्षा के क्षेत्र में समरसता लाने और प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। शिक्षा मे समरसता पर जोर देते हुए जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के शासकीय स्कूलों का नियमित निरीक्षण करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त न करें। उन्होंने कहा कि, हम सबको मिलकर बच्चों के भविष्य के लिए काम करना होगा।

वहीं अपने वक्तव्य में जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार ने कहा, जैसे देश 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की दिशा में अग्रसर है, वैसे ही अब समय आ गया है कि हम 'वन नेशन, वन एजुकेशन' की बात करें। उन्होंने शासकीय शिक्षा की गिरती स्थिति पर चिंता जताई और कहा कि आज के समय में सरकारी स्कूल गरीब और किसान के बच्चों तक सीमित होकर रह गए हैं, जबकि संपन्न वर्ग निजी स्कूलों की ओर भाग रहा है।

उन्होंने कहा कि शासकीय स्कूल अब दाल-भात केंद्र बन चुके हैं, शिक्षा के साथ ऐसा समझौता किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं। उन्होंने शासन-प्रशासन से अपील की कि वे सरकारी स्कूलों की दशा पर गंभीरता से ध्यान दें।

कार्यक्रम समन्वयक आशीष शुक्ला ने जानकारी दी कि संस्था हर जिले में शिक्षा को लेकर जागरूकता फैला रही है और बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि विकसित करने हेतु विभिन्न प्रयास कर रही है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की। विकासखंड समन्वयक रश्मिता सेठ द्वारा लगातार पंचायतों में जाकर शैक्षणिक कार्य किए जा रहे हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। उनके कार्यों की सराहना जनपद उपाध्यक्ष ने की और पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम. एल. मंडावी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी के. के. वर्मा, बीआरसी भूपेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस बैठक के माध्यम से शिक्षा के प्रति समर्पण और एकरूपता की दिशा में एक मजबूत कदम उठाया गया, जिसकी व्यापक सराहना की जा रही है।

डिजिटल समावेशन और सुलभता' पर एकदिवसीय संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने विचार रखे

■ आयोजन वैश्विक स्तर पर डिजिटल समावेशन की बढ़ती महत्ता के अनुरूप आयोजित किया गया

गरियाबंद/नवप्रदेश। ग्लोबल एक्सेसिबिलिटी अवेयरनेस डे के अवसर पर 'डिजिटल समावेशन और सुलभता' विषय पर एकदिवसीय ऑनलाइन संगोष्ठी का सफल आयोजन हुआ। वक्ता के रूप में सम्मिलित जिले की व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ ने बताया कि शैक्षिक वार्ता मंच के तत्वावधान में आयोजित इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य समाज में डिजिटल तकनीकों की समावेशिता और दिव्यांगों के लिए सुलभता को लेकर व्यापक जागरूकता फैलाना था। यह आयोजन वैश्विक स्तर पर डिजिटल समावेशन की बढ़ती महत्ता के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से तकनीकी विशेषज्ञों, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और अपने विचार साझा किए। संगोष्ठी में अध्यक्षता कर रही के. शारदा, दुर्ग ने अपने 'डिजिटल इंडिया और सुलभता? : सबके लिए तकनीक का अधिकार" विषय पर विचार रखे। दिव्यांग युवाओं के लिए डिजिटल रोजगार, फ्रीलांसिंग और रिमोट वर्क के अवसरों की विस्तृत जानकारी देते हुए शिक्षिका समीक्षा गायकवाड़ ने फ्रीलांसिंग से होने वाले लाभों को बताया।

सक्ति जिले की चंचला चंद्रा ने दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित और बौद्धिक रूप से दिव्यांग छात्रों के लिए शिक्षा में डिजिटल समावेशन की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

महेन्द्र कुमार चन्द्रा, सक्ति ने वेबसाइट और मोबाइल ऐप्स की एक्सेसिबिलिटी से जुड़ी चुनौतियों और समाधान पर चर्चा की, वहीं रिंकल बग्गा, महासमुंद ने e-Governance और डिजिटल सेवाओं को दिव्यांगजनों के लिए सहज बनाने के उपाय बताए। प्रीति शांडिल्य, धमतरी ने सरकारी पोर्टल्स और योजनाओं की सुलभता पर प्रश्न उठाया और सुझाव प्रस्तुत किए। रश्मि वर्मा,रायगढ़ ने ब्रेल डिस्प्ले, स्क्रीन रीडर, वॉयस असिस्ट और AI जैसी तकनीकों के उपयोग पर व्याख्यान दिया। ब्रजेश्वरी रावटे ,नारायणपुर ने डिजिटल समावेशन की नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी पर जोर दिया। ज्योति सराफ,चांपा ने नीति निर्माण में दिव्यांगजनों की भागीदारी को रेखांकित किया।

लक्ष्मण बांधेकर,कबीरधाम ने अंतरराष्ट्रीय डिजिटल एक्सेसिबिलिटी की श्रेष्ठ प्रथाओं से भारत को प्रेरणा लेने की आवश्यकता बताई। यशवंत कुमार पटेल, दुर्ग ने सुलभता ऑडिट और प्रमाणन की प्रक्रिया की जानकारी दी। जबकि ममता सिंह, सुकमा ने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर समावेशी सोच को बढ़ावा देने के सामाजिक उपाय साझा किए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि डिजिटल सुलभता केवल तकनीकी सुविधा नहीं, बल्कि एक मौलिक मानवीय अधिकार है। हम सभी की सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है कि हम एक ऐसा डिजिटल वातावरण बनाएं, जिसमें सभी नागरिक समान रूप से भागीदारी कर सकें। इस अवसर पर धर्मानंद गोजे, हिमकल्याणी सिन्हा, बसंती स्वर्णकार, शहनाज़ खान, अमरदीप भोगल सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे और बेबिनार को सार्थकता प्रदान की।

■ न्यूज गैलरी

कोपरा बस स्टैंड में मूलभूत सुविधा के लिए तरस रहे लोग

नवापारा/नवप्रदेश। नगर पंचायत कोपरा में मूलभूत सुविधा के लिए भी लोग तरस रहे हैं। कोपेश्वर नाथ की धर्म नगरी कोपरा में सर्व सुविधायुक्त सार्वजानिक शौचायल बस स्टैंड में बन कर तैयार हैं। जिसका शुभारंभ भी नहीं हुआ हैं। जिसका निर्माण कार्य 5 वर्ष पूर्व चालू हुआ था, जो आज भी पूर्ण नहीं हुआ हैं। सार्वजानिक शौचालय योजना ठंडे बस्ते में जाते हुए प्रतीत हो रही हैं। 10 मार्च को नगर अध्यक्ष रूप नारायण साहू एवम पार्षद गण के द्वारा शपथ ग्रहण समारोह में शपथ लेने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि सार्वजानिक शौचालय चालू होगा लोगों को सुविधा मिलेंगी। लेकिन 2 माह बाद भी समस्या जस की तस हैं। जिसे लेकर व्यापारी संघ के दुकानदार भी नाराज हैं। अप्रैल एवम मई माह में भी विवाह के समय बस स्टैण्ड में महिलाओं को प्रसाधन के लिए भटकना पड़ा। नेशनल हाइवे 130 सी राजधानी रायपुर से देवभोग एवं राजिम से गरियाबंद तक रोज बस चल रहीं हैं। कोपरा बस स्टैण्ड में सर्व सुविधा युक्त यात्री प्रतीक्षालय भी नहीं हैं। यात्रीगण रोड़ में खड़े होकर करते हैं बस का इंतजार कब मिलेंगी लोगों को सुविधा। यहां ठहरने के लिए न ही कोई कोई छायादार भवन हैं और न ही धूप से बचने के लिए कोई छत हैं। देवभोग के लिए रवाना हो रहे यात्री सोहन लाल साहू से पूछने पर उन्होंने कहा कि यह कोपरा का ही नहीं बल्कि हमारा भी दुर्भाग्य हैं कि छत्तीसगढ़ राज्य बने हुए 25 वर्ष हो गए और कोपरा बस स्टैण्ड में सर्वसुविधा युक्त एक सार्वजानिक शौचायल नहीं हैं। प्रसाधन के लिए भटकना पड़ता है।महिलाओं को भी बस स्टैण्ड में प्रसाधन के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा हैं। ये हाल हैं नए नगर पंचायत कोपरा बस स्टैण्ड का।

मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री और कृषि मंत्री के सहयोग से संभव हुआ

भावना बोहरा के अथक प्रयासों से गन्ना उत्पादक किसानों के खाते में 20.27 करोड़ का भुगतान

कवर्धा/नवप्रदेश। पण्डरिया क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों के लिए आज का दिन राहत और खुशी भरा रहा। पंडरिया विधायक भावना बोहरा के सतत प्रयासों और राज्य सरकार के सहयोग से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पण्डरिया द्वारा कुल 20.27 करोड़ रूपये की राशि का भुगतान 5333 गन्ना विक्रेता कृषकों को किया गया।

यह भुगतान गन्ना पेराई सत्र 2024-25 के तहत एफआर.पी. 315.10 रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी गई गन्ने की राशि के रूप में जारी किया गया है।

यह उपलब्धि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप एवं मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक महेन्द्र सिंह सवन्नी के सहयोग से संभव हुई, लेकिन इसके पीछे सबसे प्रमुख भूमिका पंडरिया विधायक भावना बोहरा की रही, जिन्होंने लगातार शासन-प्रशासन से संपर्क कर किसानों को उनका हक दिलाने का कार्य किया। किसानों को अब शेष राशि का भुगतान भी शीघ्र मिलेगी।

किसान हमारे देश की रीढ़ हैं : बोहरा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं, और उनके कठिन परिश्रम का सही मूल्य मिलना बेहद जरूरी है। गन्ना उत्पादक किसानों के लिए यह एक अहम कदम है, क्योंकि समय पर भुगतान से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होता है और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। यह केवल एक आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि हमारे किसानों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और जनप्रतिनिधि के रूप में मेरी जिम्मेदारी का भी परिचायक है। पंडरिया विधायक बोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, मंत्री श्री केदार कश्यप और अन्य अधिकारियों के सहयोग से यह संभव हो सका है।

गन्ना उत्पादक किसानों को श्रम का पूरा मूल्य समय पर मिले : भावना

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने यह सुनिश्चित किया कि गन्ना उत्पादक किसानों को उनके श्रम का पूरा मूल्य समय पर मिले। उन्होंने समय-समय पर शक्कर कारखाने के प्रबंधन, विभागीय अधिकारियों और शासन के उच्च पदाधिकारियों से संवाद कर किसानों के भुगतान में आ रही अड़चनों को दूर करवाया। किसानों की समस्याओं को उन्होंने मजबूती से उठाया, जिसके सकारात्मक परिणाम आज सामने आए हैं।

उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक भुगतान नहीं, बल्कि किसानों के आत्मसम्मान और विश्वास की पूर्ति है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पण्डरिया क्षेत्र के प्रत्येक किसान, श्रमिक और आम नागरिक के अधिकारों की रक्षा के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगी। भविष्य में भी क्षेत्र के किसानों के हितों के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा, ताकि खेती लाभ का सौदा बने और किसान सशक्त बन सकें। मैं उनके प्रति आभार व्यक्त करती हूँ। हम लगातार यह सुनिश्चित करेंगे कि किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य समय पर मिले और वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। यह मेरी प्राथमिकता है कि पण्डरिया क्षेत्र के सभी किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाए और उनका जीवन स्तर ऊंचा उठे।

कविता लेखन प्रतियोगिता 'एक पेड़ मां के नाम' का आयोजन किया जा रहा

गरियाबंद/नवप्रदेश। शिक्षक साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में अखिल भारतीय काव्य लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गत वर्ष से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए सफल अभियान एक पेड़ मां के नाम की तर्ज पर शिक्षक साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से राष्ट्र स्तर पर एक पेड़ मां के नाम अखिल भारतीय काव्य लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। परिषद द्वारा पूरे भारतवर्ष से कविताएँ मंगाई जा रही हैं। प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क है जिसमें सभी वर्गों के रचनाकार भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के अंतर्गत 31 उत्कृष्ट रचनाओं को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र एवं ?1100 नगद राशि पारितोषिक के रूप में प्रदान की जाएगी। उक्त सम्मान में शिक्षक वर्ग के लिए 11 पुरस्कार पृथक रखे गए हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने की नियम व शर्तें इस तरह है - अखिल भारतीय स्तर पर कविताओं की उत्कृष्टता के आधार पर चयनित कवियों को सम्मान स्वरूप स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र तथा रु. 1100 की राशि भेंट की जाएगी। सम्मान एवं पुरस्कार हेतु 'एक पेड़ माँ के नाम' शीर्षक पर लिखित कविताएँ ही स्वीकृत की जाएँगी। कविता के साथ निर्धारित प्रपत्र में घोषणा-पत्र संलग्न किया जाना आवश्यक है। कविताएँ अधिकतम 24 पंक्तियों की होनी चाहिए। शिक्षक वर्ग हेतु उक्त में से 11 सम्मान एवं पुरस्कार पृथक हैं। निर्णायक मंडल व शिक्षक साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। कविताएँ ई-मेल एड्रेस - ह्यह्यश्चष्द25ञ्चद्दद्वड्डद्बद्य.ष्शद्व या वाट्सएप्प नंबर - 8839628223 पर प्रेषित किया जाना है। परिषद के संयोजक सागर शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का देशव्यापी प्रचार प्रसार हो रहा है तथा देशभर के सभी राज्यों से सभी वर्गों के रचनाकार जोर शोर से प्रतियोगिता में भाग ले रहे और अधिकाधिक रचनाएं प्राप्त हो रही।

अजय चंद्राकर को मंत्री तत्काल बनाया जावे : मुरलीधर

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं राजिम विधानसभा क्षेत्र के प्रखर वक्ता मुरलीधर सिन्हा ने मांग किया कि छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा की सरकार बने डेढ़ वर्ष बीत गए हैं जिसमें मंत्री पद के तीन पद अब रिक्त है, मंत्री परिषद में एक वजनदार,दमदार, युवा हृदय सम्राट और सबके सुनने वाले मंत्री बृजमोहन अग्रवाल रायपुर लोकसभा से सांसद चुने जाने के कारण मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं हुआ है जिसके कारण कार्यकर्ता भी मायूस है । राज्य सरकार के मुखिया विष्णुदेव साय से अनुरोध है कि अविलंब मंत्री परिषद का विस्तार करते हुए कुरूद विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय उत्कृष्ट विधायक अजय चंद्राकर जी को कैबिनेट मंत्री बनाने की कृपा करें, अजय चंद्राकर के मंत्री परिषद में शामिल होने से धमतरी, गरियाबंद एवं महासमुंद जिले का तेजी से विकास होंगे, और रोजगारोन्मुखी राज्य बनेंगे। इसके साथ ही संसदीय सचिव भी विधायकों को जल्द बनाया जावे।

जनसंपर्क विभाग ने त्रिवेणी परिसर में जिला स्तरीय इवेंट का किया आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के उपलक्ष्य में आज त्रिवेणी परिसर में जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय इवेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम रोचकता, उत्साह, उल्लास एवं खुशी के माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही विभिन्न रूचिकर गतिविधियों का आयोजन किया गया।

नि :शुल्क कैरियर गाइडेंस शिविर में युवाओं को दी महत्वपूर्ण जानकारी

कुरूद/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक धमतरी सूरज सिंह परिहार ने कम्युनिटी आउटरीच प्रोग्राम के तहत ग्राम कातलबोड में परिक्षेत्र साहू समाज बानगर द्वारा शास. उच्चत्तर माध्यमिक शाला कातलबोड में आयोजित निःशुल्क शैक्षणिक कैरियर मार्गदर्शन शिविर में पहुंचकर अपने मोटिवेशन स्पीच से युवाओं को कैरियर के संबंध में मार्गदर्शन दिया। साथ ही युवाओं को आह्वान कर अधिक से अधिक युवा पुलिस मित्र बनने के लिए प्रेरित भी किया गया। समाज में हो रहे फ्रॉड,डिजिटल अरेस्ट एवं सायबर फ्रॉड,एटीएम फ्रॉड एवं अलग-अलग प्रकार से हो रहे फ्रॉड के संबंध में भी जानकारी देकर सचेत किया,साथ ही गुड टच बेड टच के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा जीवन के हर पहलू में सफलता के लिए समय का विशेष महत्व है। सभी विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण कर स्वप्रेरित होकर अध्ययन-अध्यापन करने मोटिवेट किया।साथ ही जीवन में योग, व्यायाम,खेलों का महत्व, मोबाइल एवं सोशल मीडिया से नुकसान एवं फायदे, दैनिक समाचार का महत्व,अपने राष्ट्र के प्रभुता, संस्कृति के प्रति समर्पण वेद, उपनिषद, पुराणों के प्रति सम्मान, महापुरुषों के जीवनी पढ़ना एवं उससे से प्रेरणा लेना एवं यूपीएससी परीक्षा एवं आवश्यक तैयारी संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर अनेक उदाहरण सूक्ति एवं श्लोक के माध्यम से विद्यार्थियों को मोटिवेट किया। पुलिस अधीक्षक को अपने बीच पाकर बच्चे काफी उत्साहित और प्रभावित नजर आए, विद्यार्थियों ने अनेक प्रश्न पूछे और पुलिस अधीक्षक ने बड़े ही सहजता से जवाब देकर उनके जिज्ञासाओं को शांत करके मार्गदर्शन दिये। उन्होंने पूरे धमतरी जिले में साहू समाज द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क कोचिंग क्लास,निःशुल्क कैरियर गाइडेंस एवं निःशुल्क समर कैंप की सराहना करते हुए इस बात की विशेष सराहना की इस कैंप में केवल साहू समाज के बच्चे ना होकर के सभी समाजों के जरूरत मंद बच्चे सहभागिता कर रह हैं।

23 मई को किया जाएगा 'समाधान शिविर' का आयोजन

बालोद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने शुरू की गई 'सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 23 मई को नगर पालिका दल्लीराजरा के बीएसपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02 एवं बालोद विकासखण्ड के ग्राम सांकरा क के धान खरीदी केन्द्र के समीप 'समाधान शिविर' का आयोजन किया जाएगा।

सुशासन तिहार : मंगल सिंह को मिला श्रवण यंत्र

कवर्धा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत पण्डरिया विकासखंड के ग्राम सारपानी निवासी मंगल सिंह द्वारा श्रवण यंत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। समाज कल्याण विभाग ने सुशासन तिहार के अंतर्गत उक्त आवेदन का त्वरित निराकरण करते हुए आवश्यक कार्रवाई की। 21 मई 2025 को मंगल सिंह को उनका श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। यह कार्यवाही समाज कल्याण विभाग द्वारा तत्काल की गई, जिससे मंगल सिंह को उनकी सुनने की समस्या का समाधान मिल सका और वे अपनी जीवनशैली में सुधार महसूस कर सकेंगे। समाज कल्याण विभाग द्वारा इस प्रकार की त्वरित कार्यवाही मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों को बढ़ावा देने का एक उदाहरण है, जिसके तहत विशेष रूप से गरीब, वंचित और जरूरतमंद व्यक्तियों को समय पर सहायता प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर विभाग द्वारा इस प्रकार की योजनाओं का निरंतर संचालन किया जा रहा है, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाया जा सके।

यातायात पुलिस ने ग्रामीणों को बताया सड़क सुरक्षा का महत्व

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के अंतिम छोर थाना मेचका के सुदूर ग्राम तुमडीबहार के साप्ताहिक बाजार में आये, ग्रामीणों को दिया गया यातायात नियमों की जानकारी पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशानुसार,उप पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री मोनिका मरावी के नेतृत्व में यातायात प्रभारी खेमराज साहू एवं यातायात स्टॉफ द्वारा आमजनों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने एवं सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक करने के लिये निरंतर कार्य किया जा रहा है,जिसके तहत जिले के अंतिम छोर थाना मेचका के ग्राम तुमडीबहार के साप्ताहिक बाजार एवं समाधान शिविर रांवा में आये, ग्रामीणों, व्यापारियों, वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाते हुए यह भी बताया गया की वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी नही बैठाना चाहिए, वाहनों को निर्धारित गति में चलाना चाहिए, दो पहिया वाहन चलाने के समय सड़क सुरक्षा उपकरण हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करना चाहिए, वाहन चलाने के समय फोन का उपयोग नही करना चाहिए, मार्ग में लगे संकेत बोर्ड में दिये निर्देशों का पालन करना चाहिए, चौक-चौराहों में सावधानी पूर्वक चलना चाहिए,नशा पान कर वाहन नही चलाना चाहिए,माल वाहक वाहनों में यात्रा नही करना चाहिए।ऐसे यातायात संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया,बाजार व शिविर में आये लोगों को यातायात नियमों के संबंध में जागरूकता संबंधी पंपलेट का भी वितरण किया गया। उसमें दिये गए जीवन रक्षक उपायों को पढ़कर अनुशरण करने बताया गया। साथ ही थाना के पास वाहनों की चेकिंग किया गया जिसमें यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही कर यातायात नियमों का पालन करने समझाईश दिया गया।उक्त कार्यक्रम में यातायात से सउनि रामकृष्ण साहू, प्रआर. जितेन्द्र कृदत्त, पेमन साहू, थाना प्रभारी मेचका राधेश्याम बंजारे चालक आर. जीवन साहू थाना मेचका के स्टॉफ उपस्थित रहे।

खादी ग्रामोद्योग... **खादी उत्पादन केवल रोजगार का माध्यम न होकर ग्रामीण आत्मनिर्भरता की पहचान बने**

खादी को आत्मनिर्भरता से जोड़ने की दिशा में राज्य सरकार प्रतिबद्ध : राकेश पाण्डेय

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय बुधवार को गरियाबंद और मैनपुर क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिले में संचालित खादी उत्पादन केंद्रों का निरीक्षण किया और ग्रामोद्योग से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। पाण्डेय दोपहर में सर्किट हाउस गरियाबंद पहुंचे, जहां से वे खादी केंद्र पहुंचे और कार्यरत महिला कर्मियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि खादी

उत्पादन केवल रोजगार का माध्यम न होकर ग्रामीण आत्मनिर्भरता की पहचान बने। स्थानीय उद्यमियों फ्लाई एस ब्रिक्स एवं यात्री वाहन (बस) के हित ग्राहीयो से की मुलाकात

एवं निरीक्षण के बाद पाण्डेय ने खादी एवं ग्रामोद्योग से जुड़े स्थानीय उद्यमियों से भी संवाद किया। उन्होंने उनके अनुभवों को जाना, समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया कि बोर्ड उनकी जरूरतों के अनुरूप तकनीकी और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शिता की तारीफ

बातचीत के दौरान पाण्डेय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी की दूरदर्शिता और नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में खादी एवं ग्रामोद्योग को नई दिशा मिली है। उन्होंने न केवल इस क्षेत्र को प्राथमिकता दी है, बल्कि इसे राज्य की अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ बनाने का प्रयास भी किया है। मुख्यमंत्री की सोच है कि आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना गांवों से शुरू हो, और खादी इस अभियान की रीढ़ बने। उनके मार्गदर्शन में हमें यह दायित्व मिला है और हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ इसे निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि ग्रामोद्योग से जुड़े छोटे-छोटे प्रयासों को बड़े स्तर पर आगे लाने की आवश्यकता है।

पाण्डेय ने आगे कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के विज़न को छत्तीसगढ़ सरकार जमीनी स्तर पर साकार कर रही है। खादी को लेकर लोगों में नई जागरूकता आई है और युवाओं में इसका आकर्षण बढ़ा है। इस दौरान ये रहे उपस्थित ड्ड जिला अध्यक्ष अनिल चंद्रकार नपा अध्यक्ष रिखी राम यादव वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव हुंडल आशीष शर्मा सागर मयानी राधे श्याम सोनवानी पूर्व अध्यक्ष मिलेश्वरी साहू सभापति रेणुका साहू एवं खादी ग्राम उद्योग के उपसंचालक के पी वास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 20.05.2022 को प्राचार्य डॉ.मनदीप खालसा के मार्गदर्षन में स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत केरल के मूल निवासी एवं आयुर्वेदिक विषेशज्ञ श्री डी.मोहन कुमार नायकर द्वारा आयुर्वेद के महत्व एवं उपयोगिता के बारे में व्याख्यान दिया गया। डी.मोहन कुमार नायकर जी ने पंचतत्व, योगमुद्रा एवं सही खाद्य पदार्थो का सही तरह से उपयोग तथा उसकी जानकारी प्रदान की गई । मनुश्य को स्वस्थ रहने के लिये अपने षारीरिक देखभाल हेतु जागरुक रहने के लिये प्रेरित किया । उन्होने विभिन्न प्रकार के योग मुद्राओ के बारे में बताया एवं मात्र दो मिनट भी इसे करने से षारीरिक एवं मानसिक रुप से व्यक्ति स्वस्थ होगा एवं उसके प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होगी । साथ ही केरल राज्य में पायी जाने वाली महत्वपूर्ण औशधि पार्थीमुगम जो कि बहुमुखी औशधि है के बारे बताया जिसमें उच्च एवं निम्न रक्तचाप, डाईबिटिज, रक्त षुद्धि, पाचन जैसी बीमारियां दूर हो सकती है।

ओटगन सरपंच ने मानसून पूर्व कराई नालियों की सफाई

सिमगा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत ओटगन में सरपंच द्वारा मानसून के पूर्व की तैयारी युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। ताकि बरसात के दिनों में ग्रामीणों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। सरपंच हिमांशु तिवारी ने बताया कि बारिश के दिनों में लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो सके इसलिए बरसात के पहले नालीयो की साफसफाई कराया जा रहा है। इस मौसम में सामान्यत: बिजली तार ढ़ीले होने के कारण टूट जाने का खतरा बना रहता है साथ ही पानी निकासी की समस्याएं अधिक रहती है। गलियों में जलभराव न हो इन सबका भी उचित प्रबंध किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्राम के गलियों एवं मुख्य मार्ग में यत्र-यत्र फैले कुड़े कचरे के ढ़ेर, तथा नालीयों की साफ सफाई, बिजली खंभों से ढीले व लटकते विद्युत तारों का दुरूस्तीकरण का कार्य प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है। साथ ही साथ ग्राम के मुख्य मार्ग में निर्मित प्रवेश द्वार का जिर्णोद्धार करते हुए रंग रोगन भी कराया गया है।

ईश्वर तुम्हें जिस स्थिति में रखें, उसे संतोष मानकर ईश्वर का स्मरण करना चाहिए : डॉ. रमाकांत

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर के बढ़ईपारा स्थित श्री नीलकंठ महादेव मंदिर में भागवत कथा में आचार्य डॉक्टर रमाकांत महाराज ने कथा के तृतीय दिवस संबोधित करते हुए कहा कि आत्मदेव ने कहा कि मेरे पास खाने पीने के लिए बहुत कुछ है। किंतु मेरे बाद खाने वाला कोई नहीं है अत: मैं दुखी हूं। महात्मा ने कहा तुम्हें कोई संतान नहीं है यह तो परमात्मा की कृपा है, पुत्र परिवार में ना हो तो समझ लो ईश्वर ने तुम्हारे ऊपर बड़ी कृपा की। वह तुम्हारे हाथों से ही सब कुछ करना तुम्हारे भाग्य में लिखा है, इसलिए कोई संतान नहीं है।

ईश्वर तुम्हें जिस स्थिति में रखें उसे संतोष मानकर ईश्वर का स्मरण करना चाहिए। एकनाथ महाराज श्री विठ्ठल नाथ जी के मंदिर में दर्शन करने जाते थे। पत्नी सहयोगी मिली थी, वह कहते थे मुझे स्त्री का साथ नहीं बल्कि पत्नी के रूप में सत्संग मिले। थोड़ी देर के बाद इस मंदिर में भक्त तुकाराम जी महाराज आए तुकाराम महाराज जी की पत्नी बड़ी कर्कसा थी, किंतु तुकाराम जी महाराज ने अपने झगड़ालू पत्नी के लिए भगवान का उपकार माना। कहते थे अच्छी और सुंदर पत्नी दी होती तो सारा दिन उसी के पीछे लगा रहता और फिर मैं आपको भूल जाता। अच्छा ही किया आपने मुझे कर्कश पत्नी दी। एकनाथ जी महाराज को अनुकूल पत्नी मिली उसे उसी में आनंद है तुकाराम जी महाराज को प्रतिकूल पत्नी मिली तो भी आनंद है, दोनों अपनी स्थिति से संतुष्ट हैं और भगवान का उपकार मानते यह तीनों महात्मा अपनी अपनी स्थिति से संतुष्ट है।

आचार्य ने प्रवचन करते हुए कहा कि सच्चा वैष्णव वहीं है जो किसी भी परिस्थिति में परमात्मा की कृपा का अनुभव करता है। बड़ा पुण्य है माता-पिता को अपने पुत्र के लिए बड़ी चिंता रहती है।

इस प्रकार महाराज जी द्वारा वामन अवतार, श्री राम कथा, श्री कृष्ण प्राकट्य उत्सव के विषय पर विस्तार से प्रवचन के माध्यम से बताया। कथा श्रवण हेतु रमेश पहाड़िया, राम विनोद शर्मा, श्रीकांत गुप्ता, श्याम किशोर गुप्ता, डॉ प्रकाश, डॉ उमा गुप्ता, डॉ प्रमोद गुप्ता, जय कुमार गुप्ता, विजयलक्ष्मी शर्मा, विद्या शर्मा, रश्मि शर्मा, आशा शर्मा, आरती गुप्ता, ईशा गुप्ता, हेमलता शर्मा, नीति शर्मा, योगेश शर्मा, श्रुति शर्मा, देवांश पांडे, शिवांश पांडे, रानी तिवारी, ललिता पांडे, पिंकी शर्मा, खुशी शर्मा, शिवम गुप्ता, शिवांक गुप्ता, राजेंद्र शर्मा एवं सैकड़ो की संख्या में बढ़ई पारा एवं ब्राह्मण पारा के श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उपस्थित थे।

पार्षद ने दिव्यांग महिला का राशनकार्ड बनवाया

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद राजा पवार ने अपने ही वार्ड की दिव्यांग मंजू प्रजापति का राशन कार्ड मात्र दो ही दिन में उसे बनाकर दे दिया जिससे मंजू के चेहरे पर खुशी झलक उठी मंजू ने हमारे संवाददाता को बताया कि हमारे वार्ड के पार्षद सुबह हमारे वार्ड में भ्रमण करने आए थे। जिस पर मैंने उसे अपनी दिव्यांकता होना बताया एवं दिव्यंक पप्रमाण पत्र कि जानकारी दी जिस पर उन्होंने मेरे घर से ही पूरे दस्तावेज ले जाकर महज 2 दिन में मेरा राशन कार्ड बनवा कर दे दिया। जिससे मैं बहुत प्रसन्न हूं पार्षद राजा पवार ने इसे अपना कर्तव्य बताते हुए स्थानीय स्तर पर अभियान चलाकर और भी छूटे हुए और जरूरतमंद लोगों का राशन कार्ड एवं अन्य शासन की योजनाएं वार्डवासियों को मिल सके इसके लिए प्रयासरत हूं मुझे जैसे ही मेरी वार्ड की मतदाता ने मुझे बताया कि मेरा राशन कार्ड नहीं है जिस पर मैंने उनके दस्तावेजों की जानकारी ली जिससे ज्ञात हुआ कि वह महिला दिव्यांग है और इस दिव्यांग सर्टिफिकेट के बेस पर उसका राशन कार्ड बनाया जा सकता है जिस पर मेरे द्वारा नगर पंचायत नगरी में आवेदन किया गया और महज दो दिन की प्रक्रिया में नगर पंचायत नगरी के खाद्य विभाग के अधिकारी द्वारा मुझे राशन कार्ड बना कर दे दिया गया।

शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी अधिकारी नियमित तौर पर करें दौरा : कलेक्टर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार सभी अधिकारी नियमित तौर पर दौरा करेंगे और जमीनी स्तर पर शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी लेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं सभी विभागों के अधिकारी मुख्यालय में रहना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्व के छोटे-छोटे कार्यों के लिए नागरिकों को भटकना न पड़े। सभी राजस्व अधिकारी जनमानस के लिए संवेदनशीलतापूर्वक एवं तत्परता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड शासन की महती योजना है। इसके क्रियान्वयन के लिए यह जरूरी है कि डोर-टू-डोर सर्वे करने के साथ ही ऐसे व्यक्ति जो पलायन कर गए हैं या जिनका आधार अपडेट नहीं है, उनके आयुष्मान कार्ड निरस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड तथा आयुष्मान वय वंदन कार्ड के निर्माण में गति लाएं। उन्होंने कहा कि विद्युत व्यवस्था बाधित होने पर उसके मेंटेनेंस का कार्य शीघ्र होना चाहिए। वास्तविक खपत से अधिक खपत होने की स्थिति में कार्रवाई की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को वास्तविक बिजली की खपत की जानकारी देना चाहिए। उन्होंने रीवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम अंतर्गत स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य के अंतर्गत स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य में गति लाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि विद्युत कनेक्शन में प्राथमिकता के आधार पर स्मार्ट मीटर लगाने की जरूरत है। बिजली के क्षेत्र में विद्युत के उपयोग एवं देयक को पारदर्शी बनाने के लिए स्मार्ट मीटर के क्रियान्वयन के लिए कहा। उन्होंने सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि जिले में इस योजना से अधिक से अधिक जनसामान्य को लाभान्वित कराएं, इससे बिजली के बिल में कमी आएंगी। कलेक्टर ने जिले में निर्माण कार्य से जुड़े पीडब्ल्यूडी, आरईएस सहित अन्य विभागों को निर्माण कार्यो को यथा शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्रेडा, नगर निगम एवं निर्माण कार्य से जुड़े अन्य विभागों को गुणवत्ता कार्य नहीं होने पर कान्ट्रेक्टर का ठेका निरस्त करने तथा ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने टीएल में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि शासन द्वारा 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान के द्वारा खरीफ पूर्व राष्ट्रव्यापी अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कृषि, उद्यानिकी, पशु पालन, मत्स्य पालन एवं अन्य संबंधित विभाग समन्वित तरीके से कार्य करेंगे। इसके अंतर्गत प्रमुख खरीफफसल की नवीनतम तकनीक के संबंध में किसानों को जानकारी देने के साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के संबंध में भी बताया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि शहर के विभिन्न उद्यानों के रख-रखाव का कार्य उद्योगों को भी दें। उन्होंने शहर के सभी गार्डन के सौदर्यीकरण, रख-रखाव एवं मरम्मत के लिए मिशन मोड में कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचना चाहिए।

बजरंग प्लांट की पाइप लाइन मरम्मत में बिजली चोरी

सिमगा/नवप्रदेश। नगरपालिका सिमगा के शिवनाथ नदी से तिल्दा स्थित बजरंग पावर प्लांट को पानी की सप्लाई होती है। जिसका पाईप लाईन फटने से विगत 5 दिनों से सिमगा तिल्दा मार्ग में स्थित देशी शराब दुकान से ओव्हर ब्रीज तक घुटनों तक पानी भर गया। एक तरफ जीवन दायिनी शिवनाथ नदी में घुटनों तक पानी नहीं है वहीं पावर प्लांट को प्रतिदिन पानी की सप्लाई होती है। उसमें से पाईप फटने से हजारों लीटर पानी यूं ही बर्बाद हो गया।

वहीं आज दोपहर 12 बजे बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली को इसकी जानकारी मिलने पर तत्काल मौके पर आकर काम बंद करवाते हुए बिजली विभाग के एई संतराम पटेल व जेई सौरभ देवांगन को इसकी सूचना दी।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00017 सिकोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430107400063

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00017 के अंतर्गत ग्राम सिकोला के वर्तमान भूमिस्वामी रुखमणी बाई पिता/पति गिरधारीलाल रम्मा ध.प. सुखराम पता अमलीडीह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 43/21(0.0090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता देवेन्द्र कुमार साहू पिता/पति गिरधारी लाल साहू पता मकान नं. 06 कन्हैयापुरी कसारीडीह दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202505103300027 /अ-5/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.क्रं. 202505103300027/3-5 /वर्ष 2024-25 आवेदक केदार पिता गरीबा साहू निवासी ग्राम गनियारी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम गनियारी प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. अंजोरा (ख) तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 667/2 रकबा 0.0100 हे. भूमि आवेदक के नाम व खसरा नंबर 667/1 रकबा 0.0100 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में रजवंतीन पिता गंभीर साहू के नाम पर एवं खसरा नंबर 666 रकबा 0.0200 हे. भूमि मानदास पिता मेहतरू वगैरह के नाम पर भूमि स्वामी हक मे दर्ज है। उक्तरोक्त खसरा नंबरो की भूमि की नक्शा मे त्रुटि हो जाने पर आवेदक द्वारा के द्वारा नक्शा त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.05.2025 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति पेश कर सकतें हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.ई.पंजी./202505082200015/ अ-6/वर्ष 2024-25

आवेदक समीर मोहम्मद आ बशीर मोहम्मद साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्र.-16 सी भू-खण्ड क्र. 37/3 क्षेत्रफल 49.23 व.मी. जो नजूल संधारण खसरा में सलमा कुरैशी पति निहाल कुरैशी साकिन कवर्धा के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। मूल धारिका द्वारा आवेदक के पक्ष में उक्त भू-खण्ड के संपूर्ण क्षेत्रफल को पंजीकृत बयनामा दिनांक 18.02.2025 निष्पादित किए जाने से अपना नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 23/06/2025 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 22/05/2025 को इस न्यायालय के पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 22/05/2025
पेशी दिनांक 23/06/2025

सील — नजूल अधिकारी, कबीरधाम

कार्यालय, नगर पंचायच कूंरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

e-mail- npkunra2016@gmail.com

क्रं./265/लो.नि.वि./न.पं./2025-26 — कूंरा, दिनांक 21.05.2025

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

Mail : Portal : http://eproc.cgstate.gov.in
UADD Portal : http://uad.cg.gov.in

नगर पंचायत कूंरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सिस्टम टेंडर क्रमांक	कार्य का नाम	निविदा राशि (लाख में) SOR	निविदा राशि (लाख में) NON SOR	अमानत राशि	समयावधि	निविदा आनलाईन करने की प्रारंभिक/ अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	168818	अटल परिसर निर्माण कार्य, वार्ड क्रं. 10 दर्री तालाब के पास।	7.52	12.07	15000/-	02 माह	प्रारंभिक तिथि 21.05.2025 अंतिम तिथि 12.06.2025

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी देखी/ डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत कूंरा

कलेक्टर ने किया भूलाटोला हाईटेक नर्सरी का निरीक्षण

खैरागढ़/नवप्रदेश । खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम भूलटोला स्थित हाईटेक नर्सरी का निरीक्षण कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने किया। वन विभाग द्वारा संचालित इस नर्सरी में पहुँचकर उन्होंने नर्सरी के संचालन, पौधों तैयारियों एवं उत्पादन गतिविधियों का विस्तृत अवलोकन किया। कलेक्टर ने नक्शे के माध्यम से नर्सरी की कुल संरचना, क्षेत्रफल और उपयोग की जा रही भूमि की जानकारी ली। वर्तमान में यह हाईटेक नर्सरी लगभग 15 एकड़ क्षेत्र में फैली हुई है, जिसमें फलदार पौधे, औषधीय वृक्ष, हरित पौधे एवं मौसमी सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है। नर्सरी न केवल पौधों तैयार कर वन विभाग की आवश्यकताओं को पूरा कर रही है, बल्कि ग्रामीणो के लिए रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करा रही है ।

नवापारा क्लस्टर में समाधान शिविर आयोजित

कटघोरा/नवप्रदेश। सुषासन तिहार के तृतीय चरण अंतर्गत 21 मई को ज.प. कटघोरा के तीसरी कलस्टर में समाधान शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत नवापारा के माध्यमिक शाला प्रांगण में किया गया। जिसमें 10 ग्राम पंचायत के 2321 मांग 4 शिकायत कुल 2325 आवेदनों का निराकरण किया गया 73 आवेदन लंबित रहे आज 65 आवेदन पत्र शिविर में अतिरिक्त रूप से प्राप्त हुआ।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
नोटिस

रा.प्र.क्र./अ-06/ सन्- 2024-25

प्रति,
श्री नारायण चंद्र परिडा पिता स्व. आर.डी. परिडा उम्र 75 वर्ष, पता मकान नं. 132 सड़क 6 बी शांति नगर कोहका भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

आवेदक/आवेदिका श्रीमती कश्मीर कौर आ. श्री जोगेन्दर सिंह साकिन शांतिनगर कोहका द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग मे स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 6936 रकबा 0.010 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 09.03.2011 को आपसे क्रय किया था, जिसका नामांतरण हेतु आवेदक पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त प्रकरण में आपसी उपस्थित के लिए दिनांक 30.05.2025 नियत किया गया है। उपरोक्त तिथि को उपस्थित नही होने पर एक पक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.05.2025 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग
-: सूचना पत्र :-

क्रमांक 44 रा.नि. 25/
कोहका दिनांक 16.05.2025

प्रति,
आवेदक 1. विपीन कुमार सिंह आ. स्व. लालबदन सिंह, 2. रुपा देवी पति प्रमोद सिंह

विषय :- सीमांकन/ स्थल जांच के संबंध में सूचना बाबत्।

ग्राम कुरुद प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1379/5 रकबा 2400 वर्गफीट हे. का सीमांकन/स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/ अधीक्षक भू-अभिलेख/सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक - 02505101000059 दिनांक 08.05.2025 के परिपालन में दिनांक 04.06.2025 को समय 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन/स्थल जांच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

मुहर — राजस्व निरीक्षक, कोहका

न्यायालय नायब तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./वर्ष 2025-26
ग्राम-पेण्ड्रावन, प.ह.न. 02

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक इस न्यायालय को राजस्व प्रकरण क्रमांक 202504103200012 अ/6 वर्ष 2024-25 पक्षकार जलेश्वरी साहू पति चोवाराम साहू निवासी ग्राम पेण्ड्रावन तहसील धमधा जिला दुर्ग द्वारा प्रमाणीकरण के संबंध में आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम पेण्ड्रावन स्थित भूमि खसरा नं. 17/2, 17/5, 17/11, 17/13, 17/15, 191/4 316/3, 316/7, 316/10, 598. 1143/3, 1273/1 1273/8, 1423/3, 1423/7. 1432/4 1432/5, 1432/8, 1432/10 कुल खसरा 19 कुल रकबा 2.49 हे मू. राजस्व 2.36 रू. की भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में रामसहाय पिता तुलसीराम के नाम पर एकल खाता भूनिस्वामी मद में दर्ज हैं। जिस पर खातेदार द्वारा आवेदिका जलेश्वरी पति चौवाराम के नाम पंजीकृत बयनामा दिनांक 31.03.2025 को कय किया गया हैं। जिस पर आवेदिका अपने नाम पर प्रमाणीकरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज इस न्यायालय में पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में कोई आपत्ति, दावा होता स्वंय अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में तशी दिनाक 26.05.2025 को निमि में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किय जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 16.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)
आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सीमा वर्मा पति श्री कमलेश वर्मा, निवासी-मकान क्रमांक-11/171,श्रीनगर खमतराई, वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक 07 पोस्ट डब्ल्यू.आर.एस. कॉलोनी खमतराई, रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग अन्तर्गत भवन क्रमांक एल.आई.जी. 70 (प्रथम तल) जुनवानी भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुर्ग से दिनांक 16.08.2011 एवं फ्री होल्ड दिनांक 06.09.2013 के अनुसार, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 19.03.2025 को श्री चंदर कुमार वर्मा आ. श्री रविन्द्र नाथ वर्मा के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्री चंदर कुमार वर्मा के द्वारा आवेदन एवं पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः नवीन क्रेता श्री चंदर कुमार वर्मा के नाम पर हस्तान्तरण/नामांतरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तीय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 19.05.2025 को जारी किया गया।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00041 तितुरडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430103800030

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00041 के अंतर्गत ग्राम तितुरडीह के वर्तमान भूमिस्वामी अबीर राय पिता/पति रंजीत राय पिता रविन्द्रनाथ पता सिंधिया नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 10/74(0.0220) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अबीर राय पिता/पति रंजीत राय पिता रविन्द्रनाथ पता सिंधिया नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430103900232

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी सुनीति गोवर्धन पिता/पति स्व. रामराव गोवर्धन पता स्टेशन रोड दुर्ग, विजय गोर्वधन पिता/पति स्व. रामराव गोवर्धन पता स्टेशन रोड दुर्ग, अजय गोवर्धन पिता/पति स्व. रामराव गोवर्धन पता स्टेशन रोड दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1364/3 (0.1540) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अजय गोवर्धन पिता/पति स्व. रामराव गोवर्धन पता स्टेशन रोड दुर्ग, विजय गोर्वधन पिता/पति स्व. रामराव गोवर्धन पता स्टेशन रोड दुर्ग, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD

No.02-03/CE (S&P)/ACE/NIT/ 2521 — Raipur, dt. 23.05.2025

NOTICE INVITING TENDER

Sealed tenders, for the following items are invited:-

Tender Specification No.	Item	Approx. tender value (₹ in Lakhs)	Purchase /download of Tender document fee with GST (₹)	Last date of tender submission
02-03/CE (S&P) /907	AC Tong Tester.	43.42	5000/-	16.06.2025
02-03/CE (S&P) /908	Officer Table, Visitor Chairs and Sofa.	5.74	2000/-	18.06.2025

IMPORTANT: (I) Please note that any Notice for Corrigendum or extension of due date of tender opening shall not be published in newspapers. It will be displayed only on official website of the company.
(II) The tenders will be processed through *e-bidding* module of SAP-SRM. Bidders are advised to visit our website www.cseb.gov.in/cspdcl for viewing detailed instructions regarding submission of offer through SAP-SRM.
(III) Date of "Pre-Bid" meeting to be held will be intimated separately on our website.
For details, visit our web site: **www.cseb.gov.in/cspdcl**

SAVE ELECTRICITY — S-43936/2 — CHIEF ENGINEER (S&P)

संविदा भर्ती के लिए पात्र-अपात्र सूची जारी

कवर्धा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला कबीरधाम में पोषण पुनर्वास केन्द्र के रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति के लिए जारी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अटेंडेंट एनआरसी एवं कुक एनआरसी पदों की पात्र-अपात्र सूची जारी कर दी गई है। यह सूची 18 अक्टूबर 2024 को प्रकाशित विज्ञापन के संबंध में जारी की गई है, जिसमें कुल 4 प्रकार के 9 पदों पर भर्ती की जानी है। जारी की गई पात्र-अपात्र सूची को जिले की आधिकारिक वेबसाईट पर देखा जा सकता है, साथ ही यह सूची कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कबीरधाम के सूचना पटल पर भी चस्पा कर दी गई है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्युशन कं. लिमि.
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)(छ.रा.वि.मं. की एक उत्तरवर्ती कंपनी)

// बिजली बंद की सूचना //

(सं./ सं.) संभाग छ.स्टे.पा.डिस्ट्री.कं. लिमि. कसडोल संभाग के वितरण केन्द्र गिधौरी के समस्त उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है की प्री मानसून पूर्व लाईन मेंटनेंस कार्य हेतु निम्नांकित दिनांक को प्रातः 08:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक नीचे दर्शाये गये क्षेत्रानुसार विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

क्र.	दिनांक	उपकेन्द्र का नाम	प्रस्तावित फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	26.05.2025	पचरी	टूण्डरी फिडर	अमलडीहा, ठाकुरदिया, नवीन अमलीडीह
2	26.05.2025	पुरगांव	सिंधीटार फिडर	पुरगांव, सिंघीटार, भोथीडीह
3	28.05.2025	पचरी	टूण्डरी फिडर	टूण्डरी, कोरकोटी, खपरीडीह
4	28.05.2025	बरपाली	टूण्डरा फिडर	टूण्डरा, मोहतरा
5	31.05.2025	बरपाली	पुरगांव फिडर	खपराडीह, टूण्डरा-कटिया, नवरंगपुर, लिमतरी, मौहाडीह, तौलीडीह
6	31.06.2025	बरपाली	कुम्हारी फिडर	कुम्हारी, खपरीडीह 3 क्रेशर, 5 ट्रांसफार्मर, पहंदा, पुलेनी
7	02.06.2025	बरपाली	गिधौरी फिडर	कोटियाडीह, बरपाली, अमलीडीह, सेमरा, परसापाली, गिधौरी, घटमडवा,
8	04.06.2025	बरपाली	हसुवा फिडर	बरपाली 1 ट्रांसफार्मर, हसुवा, बलौदा
9	12.06.2025	33/11 केवी बरपाली	33/11 केवी बरपाली के 11 केवी. सभी फिडर	प्रभावित क्षेत्र के समस्त उपभोक्ता

आवश्यतकतानुसार समय में परिवर्तन संभव है।
"स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा का संरक्षण करें"

बी.के. वर्मा 91549939
कार्यपालन यंत्री (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमि. कसडोल

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग धमतरी (छ.ग.)

Email ID- ee.dhamtari@nic.in

क्रमांक 3038/NIT-11/2025-2026/व.ले.लि. — दिनांक 19/05/2025

// निविदा आमंत्रण सूचना //
प्रथम आमंत्रण

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 09/06/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 17/06/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 18/06/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे

एनआईटी क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में)/बैंक सालवेंसी
11 T0029	लाईवलीहुड कालेज भवन धमतरी में सेनेटरी एवं पेवर ब्लाक का कार्य प्रथम आमंत्रण	8.94 6800.00 300000.00
11 T0030	लाईवलीहुड कालेज भवन धमतरी में ग्रेडिंग वाटर प्रूफिंग एवं सौंदर्यीकरण का कार्य प्रथम आमंत्रण	7.95 6000.00 300000.00
11 T0031	लाईवलीहुड कालेज भवन धमतरी में खिड़की एवं नाली का कार्य प्रथम आमंत्रण	7.96 6000.00 300000.00

1. प्रत्येक निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 750.00।
2. प्रत्येक कार्यों का निविदा की श्रेणी द से अ श्रेणी के लिए है
3. एनआईटी क्र. T0029, T0030, T0031 समयावधि डेढ़ माह वर्षा ऋतु सहित
4. टीप EMD के साथ क्लास C D हेतु अनेक्जर 2,3 में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
5. निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। जिसका अवलोकन कार्यालयीन समय में संभागीय कार्यालय में देखी जा सकती है।

जी-252601088/1

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग
धमतरी (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई, जिला- दुर्ग
निविदा सूचना

क्रमांक/लो.क.वि./जोन-2/2025/258/63 — भिलाई, दिनांक 21/05/2025

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग के भवन निर्माण एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015/ रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 विद्युत एस.ओ.आर. 01.06.2020 एवं अद्यतन संशोधन के आधार पर कम/अधिक एवं आयटम दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु निम्नानुसार दिनांक एवं समय तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1 निविदा जारी करने की तिथि	- 21.05.2025
2 आवेदन की अंतिम तिथि	- 12.06.2025 सायं 5:30 बजे तक
3 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि	- 18.06.2025 सायं 5:30 बजे तक
4 निविदा खोले जाने की तिथि	- 19.06.2025 to till date

क्र.	कार्य का नाम	निविदा लागत	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समयावधि
1	पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड क्र.-14 सड़क नं. 30 में भवन का शेड संधारण कार्य।	7.00	7000.00	750.00	60 दिन
2	पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड क्र.-27 शास्त्री नगर ब्रेड लाईन गली में 19 नं. रोड से झुमुक साहू निवास तक एवं उड़िया मोहल्ला मुन्ना होटल निवास तक सीमेंटीकरण मार्ग सहित नाली निर्माण कार्य।	1.00	2000.00	300.00	45 दिन

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं चिप्स की वेबसाईट www.eproc.cgstate.gov.in और bhilai.urbanecg.gov.in से देखी जा सकती है।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-02
नगर पालिक निगम, भिलाई

छत्तीसगढ़ शासन
25 रजत जयंती वर्ष छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
कृषि और किसान
कल्याण
किसानों को विभिन्न योजनाओं के तहत
₹1 लाख करोड़
का भुगतान
कृषक उन्नति योजना के लिए
₹10000 करोड़
का प्रावधान
मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए Q.R. Code स्कैन करें
सुशासन से समृद्धि की ओर
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
संवाद -43863/1

सुशासन तिहार में विधायक पुंरदर मिश्रा ने लोगों से किया सीधा संवाद

निगम अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम द्वारा सुशासन तिहार के अंतर्गत 23 मई 2025 को जोन क्रमांक 07 स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना एवं शासन की योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करना था।

इस अवसर पर रायपुर के लोकप्रिय विधायक पुरंदर मिश्रा जी ने अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराते हुए जनता से सीधा संवाद किया और जनसमस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए प्रशासन को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ÷सुशासन का असली अर्थ तभी सार्थक होगा जब जनता को बिना भटके, सरल और पारदर्शी सेवा उपलब्ध हो। इस समाधान शिविर का उद्देश्य भी इसी सोच पर आधारित है।÷

विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने शिविर के दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता की समस्याएं केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनका वास्तविक समाधान ज़मीनी स्तर पर हो। उनकी संवादशैली, सहजता और जन-सेवा के प्रति प्रतिबद्धता ने लोगों पर सकारात्मक प्रभाव डाला। कार्यक्रम में सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक श्री राजेश मूणत, महापौर श्रीमती मिलन चौबे, निगम आयुक्त, स्छरूसहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों की समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया।

किसानों को साय सरकार ने समय पर बिजली पानी उपलब्ध नहीं कराया : भूपेश बघेल

रायपुर/ नवप्रदेश। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ किसानों का प्रदेश है एक तरफ किसानों को रबी फसल की कीमत नहीं मिल रही हैं किसानों का फसल को नुकसान हुआ लेकिन अभी तक मुआवजा नहीं मिला है और साय सरकार ने समय में बिजली और पानी उपलब्ध नहीं कराया है। इस कारण किसानों को बहुत नुकसान हुआ है सरकार के द्वारा कोई सर्वे नही

कराया गया है। मंडी बंद है धान की खरीदी नहीं हो रही है। इस साल किसान राईस मिलरों को 1400-1500 रुपये में क्विंटल की दर में धान बेचने को बाध्य हुये। किसान बरसात की फसल के लिये तैयारी कर रहे है लेकिन बीज और खाद की कोई व्यवस्था नहीं है। इसके कारण किसानों को बहुत ही ज्यादा समस्या का सामना करना पड़ेगा। नकली खाद मार्केट में आ गया है और किसान से जुड़े संगठन भी आंदोलन कर रहे है। कवर्धा में गन्ना उत्पादक किसानों को गन्ना की कीमत नही मिल रही है। पिछले समय 4 महीने गन्ना खरीदी होती थी पर इस साल सिर्फ 44 दिन खरीदी हुयी है और जो गन्ना की खरीदी हुयी उसका भी भुगतान नहीं हुआ है। साय सरकार किसान विरोधी सरकार है।

सुशासन त्यौहार चल रहा है आवेदन ले लिया है और पावती नहीं दिये है। मस्तूरी विधानसभा में आयोजित सुशासन तिहार में जनता ने पूर्व में दिये आवेदन के निराकरण की जानकारी मांगी तो अधिकारियों ने पावती मांगी, जबकि आवेदन लेते समय पावती नहीं दी गयी थी जिससे जनता आक्रोशित हुई अधिकारी भाग गये। दूसरी तरफ भाजपा के नेता वसूली करने में लगे हुये है।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री की पहल से जशपुर जिले में होगा आवागमन की सुविधा सुगम

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जशपुर वासियों को स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी और सड़कों के विस्तार हेतु सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास कर रहे हैं जिसका साकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है जशपुर में नागरिकों के आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए छः सड़कों के निर्माण कार्य हेतु 18 करोड़ 46 लाख 87 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। इन मार्गो के निर्माण से लोगों के आवागमन में सुगमता होगी। जिले के लोगों में मिलने वाली सुविधा से खुशी की लहर है।

राज्य शासन से स्वीकृति कार्यो में वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल जिला जशपुर के ग्राम चटकपुर से रेंगारबहार पहुंच मार्ग लम्बाई 2.46 किमी. के निर्माण हेतु 02 करोड़ 89 लाख 86 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसी प्रकार कुनकुरी-औरीजोर-मतलूटोली-पटेलापारा पहुंच मार्ग लंबाई 2.54 किमी. निर्माण कार्य हेतु 03 करोड़ 01 लाख 95 हजार, एन.एच.43 के किमी. 540/4 से मयाली डेम तक मार्ग लंबाई 2.28 किमी. निर्माण हेतु 02 करोड़ 85 लाख 01 हजार, मयाली नेचर कैम्प से मधेश्वर मंदिर तक मार्ग लंबाई 2.20 किमी. निर्माण हेतु 2 करोड़ 71 लाख 89 हजार, रानीबंध चौक से चिडराटांगर होते हुए पंडरीआमा-उपरकछार मार्ग लंबाई 3.44 किमी. निर्माण कार्य हेतु 3 करोड़ 29 लाख 58 हजार और जोकरी से मधेश्वर पहाड़ तक पहुंच मार्ग लंबाई 2.88 किमी. निर्माण कार्य हेतु 3 करोड़ 68 लाख 58 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है।

सौगातों की बारिश से ग्रामीणों के चेहरे खिले

सीएम विष्णु देव साय ने बासिंग में लगाई चौपाल, खोला सौगातों का पिटारा

रायपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के तहत छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नारायणपुर जिले के ओरछा ब्लॉक स्थित ग्राम बासिंग में बीएसएफ कैम्प परिसर में चौपाल लगाकर जनसंवाद किया। नीम वृक्ष की छांव में खाट पर बैठकर मुख्यमंत्री ने न केवल ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, बल्कि मौके पर ही एक करोड़ रुपये से अधिक की सौगातों की घोषणा कर लोगों का दिल जीत लिया।

चौपाल में मुख्यमंत्री श्री साय के साथ उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन एवं मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 8 अप्रैल से पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसंवाद और योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति जानने के लिए वे स्वयं क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं।

चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने पारंपरिक साफा और कलगी पहनाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। समर कैम्प में प्रशिक्षण प्राप्त युवतियों ने स्वहस्तनिर्मित गुलदस्ते भेंट किए।

मुख्यमंत्री ने कक्षा 10वीं के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया और हॉफ मैराथन विजेता छात्र को प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना की समीक्षा की और कहा कि कोई भी पात्र महिला इस योजना से वंचित नहीं रहेगी। ग्रामवासी श्रीमती महेश्वरी दुग्गा और श्रीमती मनकाय ने योजना के लाभ साझा करते हुए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री ने नक्सल समस्या पर दो टूक कहा कि अबूझमाड़ क्षेत्र के लोगों के सहयोग से नक्सलवाद को समाप्त करने का राष्ट्रीय संकल्प मार्च 2026 तक पूरा होगा। उन्होंने आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए बनी पुनर्वास नीति को देश की सर्वश्रेष्ठ नीति बताया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, नोनी सशक्तिकरण, मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत हितग्राहियों को चाबियां, चेक और नकद सहायता राशि प्रदान की। उन्होंने दिव्यांग हितग्राही को व्हीलचेयर भी सौंपी।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर मुरहापदर में पुलिया निर्माण हेतु 20 लाख रुपये, बासिंग में खेल मैदान और बालक आश्रम/शाला मरम्मत हेतु 20 लाख रुपये,मुरहापदर और एहनार में आंगनबाड़ी भवन हेतु 24 लाख रुपये, बासिंग में हाट बाजार से बस्ती तक सीसी सड़क हेतु 25 लाख रुपये, कुंदला, बासिंग व मुरहापदर में नवीन घोटूल हेतु 15 लाख रुपये की घोषणा की। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने ओरछा में आदिवासी विकास विभाग द्वारा 8 करोड़ की लागत से निर्मित 250 सीटर छात्रावास भवन, जल आपूर्ति एवं विद्युतीकरण कार्य का लोकार्पण भी किया।

पुलिस विभाग में शनिवार की छुट्टी रद्द करना अधिकारी, कर्मचारियों के साथ अन्याय

- **पुलिस विभाग में नई भर्ती से बचने के लिए पुलिस मितान बनाया जा रहा शनिवार छुट्टी रद्द की जा रही**

रायपुर/ नवप्रदेश। पुलिस विभाग में बीते चार साल से शनिवार को दी जा रही छुट्टी को रद्द करने पर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में पुलिस विभाग में भी सप्ताह में 5 दिन कार्य दिवस और शनिवार को अवकाश देने की शुरुआत हुई थी बीते 4 साल से पुलिस विभाग में शनिवार अवकाश दिया जा रहा था। जिसे अचानक रद्द कर दिया गया है सरकार का यह निर्णय पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों के साथ अन्याय है। यह उनके मौलिक अधिकार का हनन है, जब केंद्र में सप्ताह में 5 दिन कार्य दिवस है ऐसे में डबल इंजन की सरकार क्यों पुलिस विभाग के शनिवार की छुट्टी को निरस्त कर रही है? धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार पुलिस विभाग में नयी भर्ती करने से बचने के लिए पुलिस मितान बना रही है। पुलिस विभाग में शनिवार की छुट्टी को खत्म करके अधिकारी, कर्मचारियों के ऊपर काम का अतिरिक्त बोझ डाल रही है। पुलिस विभाग में बल के कमी के चलते थानों में पुलिस की सक्रियता में कमी है। जिसके चलते आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं, वाहन दुर्घटनाएं हो रही है। कानून व्यवस्था संभल नहीं रही है। सरकार पुलिस विभाग की मूल समस्या मेन पावर की कमी को दूर करने के बजाय शॉर्टकट तरीका अपना रही है और शनिवार की छुट्टी को खत्म कर रही है। पुलिस मितान बनाने से तब तक लाभ नहीं होगा जब तक पुलिस मितान के द्वारा की गई शिकायत पर पुलिस त्वरित कार्यवाही ना करें।

कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि पुलिस विभाग में काम कर रहे अधिकारी, कर्मचारियों को अपने सामाजिक और पारिवारिक जिम्मेदारियां का निर्वहन करने के, आराम करने काम का तनाव कम करने लिए शनिवार की छुट्टी शुरू की गई थी। लेकिन एक बार और पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी को मिलने वाली छुट्टी को खत्म करके उन पर बोझ डालना अन्याय है।

रहननाला एनीकट निर्माण के लिए 3.22 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग ने मुंगेली जिले के विकासखण्ड पथरिया अंतर्गत ग्राम जेवरा के पास रहननाला एनीकट निर्माण कार्य के लिए 3 करोड़ 22 लाख 43 हजार रूपए स्वीकृत किए है। योजना से पेयजल, निस्तारी और भूजल संवर्धन किया जाएगा। इसी तरह क्षेत्र के किसानों द्वारा करीब 120 हेक्टेयर क्षेत्र में स्वयं के साधन से सिंचाई की जाएगी। एनीकट निर्माण से क्षेत्र में आवागमन की भी सुविधा उपलब्ध होगी।

प्रदेश के अस्पतालों को मिले 7 नए विशेषज्ञ चिकित्सक

रायपुर/नवप्रदेश।प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने की दिशा में एक और कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (ह॥रू) ने 7 विशेषज्ञ चिकित्सकों की संविदा नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। इन चिकित्सकों की तैनाती प्रदेश के विभिन्न जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में की गई है।स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में 07 संविदा विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। इससे त्वरित और बेहतर उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी तथा चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा।इन चिकित्सकों को संबंधित जिलों के ग्रामीण एवं शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है।

रविवार 1 जून को नि :शुल्क कार्यशाला

- **पर्यावरण की वीभत्सता: दर्शक बनें या समाधान खोजें?**
- **प्रकृति की ओर सोसाइटी द्वारा आगामी विश्व पर्यावरण दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन**



रायपुर/नवप्रदेश। प्रकृति की ओर सोसाइटी द्वारा 1 जून (रविवार) को आगामी विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक ऐसा विचार/संगोष्ठी जो श्रोताओं को पर्यावरण बचाने के लिए प्रेरित करेगा । यह कार्यक्रम पर्यावरणीय संकटों की गंभीरता पर चर्चा करने और उनके समाधान हेतु सामूहिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

संगोष्ठी का विषय है पर्यावरण, वीभत्सता की ओर... दर्शक की भूमिका निभाएं या इसके रोकथाम हेतु कारगर उपाय भी सोचेंजो आज के समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक को रेखांकित करता है।इस अवसर पर प्रो. एस. एन. शुक्ला, कुलपति - पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, एवं प्रदीप टंडन, अध्यक्ष ङ्क जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता होंगे श्री नितिन सिंघवी, जो एक सक्रिय पर्यावरण प्रेमी हैं और समाज को पर्यावरण के प्रति सजग करने के लिए सतत प्रयासरत हैं।

कार्यक्रम विवरण:दिनांकः 01 जून, रविवारसमयः सायं 5:30 से 7:30 बजे तकस्थानः वृंदावन हॉल, सिविल लाइन, रायपुरसोसायटी के अध्यक्ष श्री मोहन वल्र्यानी और सचिव श्री निर्भय धाडीवाल ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस जागरूकता अभियान में सहभागी बनें और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाएं।

नानगुर एवं माड़पाल में 90 लाख की लागत से होगा बाजार शेड का निर्माण

- **विधायक किरणदेव ने दी क्षेत्र की जनता को सौगात**

जगदलपुर/ नवप्रदेश। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आज नानगुर एवं माड़पाल में में आधुनिक बाजार शेड निर्माण का विधिवत भूमिपूजन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने किया। नानगुर बाजार स्थल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने 40 लाख की लागत से आधुनिक बाजार शेड निर्माण , माड़पाल में 40 लाख रूपए की लागत से आधुनिक बाजार शेड निर्माण कार्य, माड़पाल में कोदाईबुड़ी माता गुड़ी में 05 लाख की लागत से आहता निर्माण,कोटगुड़ीन लिंगई मंदिर में 05 लाख की लागत से शेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर क्षेत्र की जनता को सौगात दिया गया।

विकास कार्य में किसी तरह का समझौता नहीं होगा- बाजार शेड भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए

कहा कि नानगुर एवं माड़पाल क्षेत्र में क्षेत्र की देवतुल्य जनमानस की बहुत पुरानी मांग रही है। क्षेत्र की जनता को बाजार स्थल में उचित स्थान नहीं मिलता था। जिससे हमारे जनता को बाजार में आने से समस्या होती थी। क्षेत्र की जनता के मांग के अनुरूप पंचायत ग्रामीण विकास विभाग से बाजार शेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। विकास कार्य में किसी तरह का समझौता नहीं होगा। श्री देव ने कहा जनता के मांग के अनुरूप क्षेत्र का विकास किया जायेगा। जनता को सड़क, पानी, विद्युत, पुलिया, शिक्षा जैसे मूलभूत सुविधा देना हमारा कर्तव्य है। हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में चहुंमुखी विकास कार्य हो रहा है। जिसके लिए मुख्यमंत्री का सहृदय आभार।

शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं

प्रदेश सरकार सुशासन तिहार के माध्यम से जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को दूर करने का कार्य हमारी सरकार कर रही है। शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा जनता के बीच पहुंचकर उनकी हर छोटी-बड़ी मांगों को सुनकर उसका समाधान किया जा रहा है। जनता ने हम पर विश्वास जताया है उस पर हम लगातार कार्य कर रहे हैं । नानगुर एवं माड़पाल में बाजार शेड निर्माण एवं माता मंदिर में शेड व आहता निर्माण से क्षेत्र की जनता को काफी लाभ होगा। हमारे क्षेत्र की जनता आधुनिक शेड में बैठकर अपना व्यवसाय करेंगे। भूमिपूजन पश्चात निर्माण कार्य तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ करने का निर्देश दिया।

नवनियुक्त | **उपमुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यक समुदाय के लिए एक हॉस्टल का भी उद्घाटन किया**

छाबड़ा ने अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष का पदभार संभाला

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि विष्णुदेव साय सरकार में जिम्मेदार, गंभीर और समर्पित कार्यकर्ताओं को चुन-चुनकर दायित्व दिया गया है। शर्मा ने कहा कि ऊँचाई पर पहुंचना कठिन होता है, और उस ऊँचाई पर बने रहना उससे भी कठिन होता है। शर्मा प्रदेश के अल्पसंख्यक आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा के गुरुवार को राजधानी स्थित अटलबिहारी वाजपेयी सभागार (मेडिकल कॉलेज परिसर) में पदभार ग्रहण

कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री जी ने अल्पसंख्यक आयोग के हॉस्टल का उद्घाटन भी किया।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने अल्पसंख्यक आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा को बधाई देते हुए कहा कि कुछ लोग पद से सुशोभित होते हैं, परंतु अमरजीत छाबड़ा जैसे कर्मशील व्यक्ति से यह पद सुशोभित होगा।अमरजीत छाबड़ा सबको साथ में लेकर कार्य करने वाले कार्यकर्ता हैं।

आज मुझे जो दायित्व सौंपा गया है, मैं उसे ईमानदारी से निर्वहन करूंगा-छाबड़ा

इस दौरान आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रदेश संगठन के आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि आज मुझे जो दायित्व सौंपा गया है, मैं उसे ईमानदारी से निर्वहन करूंगा। अल्पसंख्यक वर्ग के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं सभी तक पहुंचें, इस दिशा में काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। सभी वर्गों को साथ में लेकर हम देश और प्रदेश को विकसित बनाने में अपना सहयोग दें। केंद्र सरकार के प्रधानमंत्री नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रमों को पूरा करने का काम किया जाएगा।

शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि कर्मठ कार्यकर्ता छाबड़ा के कार्यकाल में आयोग द्वारा नए कीर्तिमान स्थापित किए जाएंगे।

आज कुम्हारी टोल प्लाजा बंद कराने कांग्रेस चलाएगी हस्ताक्षर अभियान

- **चरणबद्ध तरीके से बंद कराने के लिए करेंगे आंदोलन-विकास**

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि कल कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद किये जाने की मांग को लेकर कुम्हारी टोल प्लाजा में सुबह 11 बजे ''हस्ताक्षर अभियान'' के माध्यम से आम जनता से हस्ताक्षर लिये जाएंगे। विकास उपाध्याय ने इस कुम्हारी टोल प्लाजा संबंधित सभी जनहितैषी सांसदों को पत्र प्रेषित कर कहा कि यहाँ चल रही अवैध टोल वसूली को अविलंब बंद कराया जाए, इस प्रकार की अनियमितताओं में संलिप्त एजेंसी अथवा व्यक्तियों पर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए स्थायी निगरानी व्यवस्था बनाई जाने की मांग उठाई है। विकास उपाध्याय के नेतृत्व में समस्त कांग्रेसजनों द्वारा कुम्हारी टोल प्लाजा को लेकर लगातार चरणबद्ध आंदोलन किये जा रहे हैं, पूर्व में एनएचएआई दफ्तर पहुँचकर प्रोजेक्ट डायरेक्टर दिग्वीजय सिंह से भी चर्चा किये थे, कुम्हारी टोल प्लाजा में पूर्व में कई बार प्रदर्शन किये जा चुके हैं, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जी को पत्र प्रेषित गया था, भारतीय जनता पार्टी के 10 लोकसभा सांसदों को पत्र भी प्रेषित किया गया है, अब कल कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद किये जाने की मांग को लेकर आम जनता से ''हस्ताक्षर अभियान'' के तहत हस्ताक्षर लेकर यह आंदोलन जारी रखेंगे और उपाध्याय ने कहा कि कुम्हारी टोल प्लाजा में चल रहे अवैध वसूली को पूरी तरह से बंद करने का उन्होंने संकल्प ले लिया है।

संक्षिप्त खबरें

चरित्र संदेह : पत्नी को उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम बेलटुकरी में चरित्र पर संदेह कर पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में खरोरा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बेलटुकरी निवासी आरोपी विष्णु राम धीवर 74 वर्ष ने अपनी पत्नी शांति बाई धीवर 68 वर्ष के चरित्र पर संदेह कर गला घोंटकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म करेन का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती निवासी 25 वर्षीय प्रार्थिया ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि आरोपी डिगेश्वर प्रसाद साहू 25 वर्ष ने शादी का प्रलोभन देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाया और फिर शादी से इंकार कर दिया।

जमीन का सौदा तय कर दूसरे को बेचा

रायपुर/नवप्रदेश। जमीन का सौदा तय कर किसी दूसरे को बेचने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया दिग्विजय सिंह ठाकुर 60 वर्ष ईदगाहभाठा आजाद चौक की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी के.पदमा और के.रम्न्ना ने गोंदवारा स्थित जमीन को प्रार्थिया के पास 15 लाख 30 हजार रुपए में सौदा तय कर पैसा लिया और जमीन किसी दूसरे को बेच दिया।

कंपनी के सीए ने की 7 लाख रुपए की हेराफेरी

रायपुर/नवप्रदेश। जीएसटी रकम ना पटाकर 7 लाख का हेराफेरी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विभूति नारायण बैसवाड़े 55 वर्ष संजयनगर चौक टिकरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी नितिन ठक्कर प्रार्थी के गार्गी ट्रेडर्स दुकान में सीए के पद पर कार्य करता था। बताया जाता है कि प्रार्थी ने आरोपी को जीएसटी रकम पटाने के लिए 7 लाख रुपए दिया था, जिसे आरोपी ने ना पटाकर स्वयं उपयोग कर लिया।

मोपेड की डिक्की से तीन नग मोबाइल पार

रायपुर/नवप्रदेश। रविभवन के पार्किंग में खड़ी जूपिटर वाहन के डिक्की से अज्ञात चोर ने तीन नग मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी धीरेन्द्र कुमार साहू 30 वर्ष जोरापारा मौदहापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी जूपिटर क्रमांक सीजी 04 एलएस 9286 को रवि भवन के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने वाहन की डिक्की में रखे 3 नग मोबाइल पार कर दिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत करीब 40338 रुपए के आसपास बताई जा रही है।

इलाज के नाम पर धर्मांतरण की कोशिश, नाबालिग की संदिग्ध मौत

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के सुरसाबांधा गांव से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक नाबालिग बच्ची को इलाज के नाम पर तीन महीने तक बंधक बनाकर रखा गया और धर्मांतरण का प्रयास किया गया। परिजनों का आरोप है कि बच्ची की तबीयत लगातार बिगड़ती रही, लेकिन उसे न तो किसी डॉक्टर को दिखाया गया और न ही मेडिकल इलाज कराया गया। अंततः बच्ची की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई। घटना राजिम थाना क्षेत्र की है। मृतका के परिजनों ने गांव की महिला ईश्वरी साहू पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

युवती से गैंगरेप, चार आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में एक युवती से गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पचधारी डैम से नहाकर लौट रही 19 वर्षीय युवती को घर छोड़ने का झांसा देकर, दो नाबालिगों सहित चार लोगों ने अपनी पिकअप वैन में बिठाया। इसके बाद, वे उसे एक सुनसान इलाके में ले गए और सामूहिक दुष्कर्म को अंजाम दिया। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। बता दें कि बुधवार दोपहर करीब 12 बजे युवती पचधारी डैम नहाने गई थी। शाम को जब वह घर लौटी, तो उसकी फटी हुई कुर्ती देखकर उसकी नानी ने पूछताछ की। युवती ने अपनी आपबीती सुनाई, जिसमें उसने बताया कि डैम से लौटते समय पुल के पास उसके मोहल्ले के दो नाबालिगों समेत चार लोग बैठे थे। उन्होंने उसे घर तक छोड़ने की बात कही और वह उनकी पिकअप में बैठ गई। हालांकि, घर छोड़ने के बजाय आरोपियों ने गाड़ी को एक सुनसान जगह की ओर मोड़ दिया। जब युवती ने विरोध किया, तो उन्होंने उसे डराया-धमकाया और उसका मुंह दबाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बाद युवती किसी तरह अपने घर पहुंची। गुरुवार को युवती के पिता ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वह सब्जी बेचने का काम करते हैं और बुधवार को सुबह से ही बाहर थे। जब वह दोपहर में घर लौटे तो बेटी घर पर नहीं थी, लेकिन उन्होंने सोचा कि वह आसपास होगी और फिर से सब्जी बेचने चले गए। रात में उन्हें घटना की जानकारी नहीं मिल पाई। सुबह उनकी मां ने उन्हें बेटी के साथ हुई घटना के बारे में बताया।

वन्य प्राणी की सुरक्षा को लेकर विभाग अलर्ट, ट्रैप कैमरे से रखी जा रही नजर

8 से अधिक जगह में की गई पानी की व्यवस्था

जितेंद्र नामदेव

कवर्धा/नवप्रदेश। भोरमदेव अभ्यारण क्षेत्र मेंकल पर्वतों की श्रृंखला से जुड़ा हुआ है और यहां अनेक प्रकार के वन्य जीव भी देखने के लिए मिलते हैं वर्तमान समय में वन्यजीवों के लिए जहां वन विभाग के द्वारा पानी की व्यवस्था की जा रही है तो इसके साथ ही 8 से अधिक जगह पर पानी की व्यवस्था भी की गई है ।

वर्तमान समय में जंगलों में मानव दबाव कम होने के कारण वन्य प्राणी बस्तियों की ओर रूख करते हैं, इसे लेकर वन विभाग कवर्धा ने लोगों को अपील करते हुए वन्य प्राणियों की जानकारी मिलने पर इसकी सूचना तत्काल कवर्धा वन विभाग या संबंधित थाने सहित, रेंज ऑफिस में देने के लिए अपील की है। वहीं भोरमदेव अभयारण्य क्षेत्र में 8 से अधिक जगह वन्य प्राणियों के लिए अस्थाई रूप से पानी की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही प्राकृतिक रूप से बह रहे पानी की भी साफसफाई की जा रही है, जिससे वन्य प्राणियों को स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सके तथा टंकियों में भी पानी भरकर रखा जा रहा है। इसके साथ ही समय-समय पर इस पानी टंकी की सफाई भी विभाग के द्वारा कराई जा रही है। वहीं पानी टैंकर का उपयोग कर पानी की व्यवस्था की जा रही है । इससे वन्यप्राणियों को पानी के लिए न भटकना पड़े और उन्हें वनांचल क्षेत्रों में ही पानी की उपलब्धता हो सके। वन विभाग के द्वारा वन्य प्राणियों की देखभाल के लिए विशेष पहल भी किया गया है। इसके साथ ही ऐसे जगह को चिन्हाकिंत कर पानी की व्यवस्था की गई है जहां ज्यादातर वन्य जीवों की चहलकदमी बनी रहती है। वनांचल क्षेत्रों में जहां गतिविधियां बढ़ा दी गई है वहीं ट्रैप कैमरे का भी उपयोग कर वन्य प्राणियों पर नजर रखा जा रहा है तथा वन्य प्राणियों के लिए पानी की व्यवस्था बनाए रखने पानी टैंकर का भी उपयोग किया जा रहा है।

क्षेत्र में 100 से अधिक प्रजातियां

भोरमदेव अभयारण्य क्षेत्र में अनेक प्रकार के वन्य जीव विचरण करते देखे जा सकते हैं। इस क्षेत्र में बाघ, तेंदुआ, मोर, कोयल, खरगोश, हिरण, मैना, तोता, भालू, जंगली सूअर, बायसन, हाथी, वनभैंसा सहित अनेक प्रकार के वन्यजीव यहां निवास करते हैं। कबीरधाम जिले में सौ से अधिक प्रकार की पक्षियों की प्रजातियां भी पाई जाती है। इसके साथ ही वनांचल क्षेत्रो में ऐसे स्थानों को चयन कर वन्यप्राणियों की सुरक्षा को लेकर ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं जहां वन्यप्राणियों की मौजूदगी ज्यादातर बनी रहती है।

> वर्तमान में वनांचल क्षेत्रों में मानव दबाव कम होने के कारण वन्यप्राणी अगर कहीं बस्तियों की ओर रूख करते हैं तो इसकी जानकारी तत्काल ही वन विभाग, रेंज ऑफिस या फिर तत्काल संबंधित थाने को दी जाए, जिससें होने वाली हानि से बचा जा सकता है। वहीं वन्यप्राणियों के लिए वनांचल क्षेत्रों में प्राकृतिक स्रोत से मिलने वाले जलों को जहां स्वच्छ किया जा गया है। अस्थाई रूप से भी पानी की व्यवस्था वन्यप्राणियों के लिए की गई है।
>
> **निखिल अग्रवाल**
> **वनमंडलाधिकारी, कबीरधाम**

> भोरमदेव अभयारण्य क्षेत्र में 8 से अधिक जगह अस्थाई रूप से वन्यप्राणियों के लिए पानी की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही प्राकृतिक जल स्रोतों को भी स्वच्छ किया जा रहा है, जिससे वन्यप्राणियों को वनांचल क्षेत्रो में ही पानी की उपलब्धता हो सके।
>
> **दिलीप सिंह ठाकुर,**
> **भोरमदेव अभयारण्य क्षेत्र अधिकारी कवर्धा**

सीएमएचओ की बहन बनी जिला अस्पताल की 'सुपर बॉस'!

गरियाबंद के डॉक्टरों ने दी हड़ताल की धमकी

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिला अस्पताल में सीएमएचओ डॉ. गार्गी यदु की बहन सृष्टि यदु के कथित दुव्यवहार से तंग आकर 60 से अधिक डॉक्टरों और स्टाफने 48 घंटे में कार्रवाई की मांग की है। नहीं तो अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार होगा।

सीएमएचओ की बहन, मतलब नियमों से ऊपर ?

गरियाबंद जिला अस्पताल अब इलाज का नहीं, 'इल्ज़ामों का केंद्र' बन चुका है। यहां डॉक्टर मरीजों की नहीं, बल्कि सीएमएचओ डॉ. गार्गी यदु की बहन सृष्टि यदु की मनमानियों की दवा ढूंढ रहे हैं। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत संविदा पर नियुक्त सृष्टि यदु अब सिर्फ काउंसलर नहीं बल्कि कुर्सी पर बैठी खौफकी देवी' बन चुकी हैं ऐसा कहना है अस्पताल के स्टाफका।

'बहन जी' का अस्पताल दर्शन: धमकी, डांट और दबाव

चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफका आरोप है कि सृष्टि यदु रोज़ अस्पताल आकर स्टाफ को डांटने-फटकारने का ठेका लिए बैठी हैं। तुम्हारा वेतन कटवा दूंगी छ्रहह मेरी बहन हैं,

तुम्हें नौकरी से निकलवा दूंगी जैसे वाक्य अब नाश्ते की तरह रोज़ सुने जा रहे हैं। यहां तक कि मरीजों और उनके परिजनों के सामने भी डॉक्टरों को अपमानित किया जाता है।

काम छोड़ो या सम्मान छोड़ो डॉक्टरों की हालत बदतर

डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें अपने नियमित चिकित्सकीय कार्यों से हटाकर ऐसे काम थमाए जा रहे हैं, जिनका न तो चिकित्सा से लेना-देना है, और न ही कोई औपचारिक आदेश। विरोध करने पर सीधा धमकी निकाल देंगे नौकरी से।। सवाल उठता है, क्या अस्पताल अब स्वास्थ्य का केंद्र है या किसी का पारिवारिक अखाड़ा?

अल्टीमेटम जारी: 'सीएमएचओ और उनकी बहन जाएं, वरना अस्पताल ठप!'

स्थिति अब इतनी बिगड़ चुकी है कि समस्त चिकित्सकों और कर्मचारियों ने लिखित में जिला प्रशासन को 48 घंटे की डेडलाइन दी है। मांग है डॉ. गार्गी यदु और उनकी बहन सृष्टि यदु को तत्काल गरियाबंद से हटाया जाए, नहीं तो आपात सेवा को छोड़कर पूरा अस्पताल कार्य बहिष्कार पर चला जाएगा।

प्रशासन की परीक्षा शुरू: शासन की नीति चलेगी या परिवारवाद?

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि स्वास्थ्य विभाग न्याय को प्राथमिकता देता है या नातेदारी को। गरियाबंद के लोग इलाज मांगते हैं, ईगो की एंट्री नहीं।

कवर्धा के दो मासूम भाई-बहन की कूलर की चपेट में आने से बिलासपुर में निधन

गरमी की छुट्टी मनाने गए थे गांव

कवर्धा/नवप्रदश। कवर्धा से अपनी बड़ी माँ के घर छुट्टियां मनाने बिलासपुर बिल्हा थाना क्षेत्र के बरतोरी गांव गए दो मासूम भाई-बहनों की कूलर में करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे से पूरा गांव हतप्रभ है।

मिली जानकारी के अनुसार सिंगारपुर गांव निवासी 14 वर्षीय गीतू जायसवाल और 13 वर्षीय राजू जायसवाल छुट्टियों में अपने परिजनों के साथ बिलासपुर जिला के बरतोरी गांव गए हुए थे। भीषण गर्मी के चलते दोनों बच्चों ने घर में मौजूद कूलर को चालू करने की कोशिश की लेकिन कूलर में पहले से करंट दौड़ रहा था। जिसके कारण करंट की चपेट में आने से दोनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि हादसे के वक्त घर में कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। जब परिजन लौटे और यह भयावह दृश्य देखा, तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

बताया जाता है कि गर्मी की वजह से जीतू ने कूलर चालू करने के लिए बटन दबाया, तब अचानक उसे करंट लगा और वह कांपने लगी। उसे देखकर लक्की उसे बचाने के लिए कूलर के पास दौड़ा। वह भी बटन बंद नहीं किया और जीतू को खींचने लगा, जिससे वो भी करंट से चिपक गया। इस हादसे में दोनों बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। कुछ देर बाद लक्की के चाचा राजू जायसवाल को घटना की जानकारी मिली। वह घर के बाहर किराना दुकान चलाता है। दो बच्चों को बेहोश देखकर उसने पुलिस के डायल 112 को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उन्हें बिल्हा अस्पताल पहुंचाया। लेकिन, जांच के बाद डॉक्टर ने दोनों को मृत बता दिया।

सूचना मिलते ही बिल्हा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। पुलिस ने प्राथमिक जांच शुरू कर दी है और कूलर में करंट प्रवाहित होने के कारणों की तकनीकी जांच कराई जा रही है। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। गांव के लोग अभी भी इस हादसे को लेकर स्तब्ध हैं। गर्मी की छुट्टियों में जो घर खुशियों से भरा था, अब वहां सिर्फ आंसू और सन्नाटा पसरा हुआ है।

दक्षिण बस्तर में नमी आने से हो रही वर्षा

- राजधानी सहित अनेक स्थानों में होगी वर्षा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश सहित दक्षिण बस्तर में इस समय खाड़ी से नमी आने से वर्षा शुरू हो गई है। आज राजधानी में भी बादल छाए रहे, जिसके कारण उमसभरी गर्मी से लोग परेशान रहे। यहां पर तापमान में गिरावट आई है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार खाड़ी में प्रचुर मात्रा में नमी आने से बस्तर के तहसील, दरभा में 42.2, बकावण्ड में 63.3 एमएम तथा बस्तर में 33.1 वर्षा हुई है। इस तरह जिले में 38.9 एमएम औसत वर्षा हुई है, जिसका योग 88 एमएम है।

कृषि कार्य में तेजी

मानसून के आते ही कृषि कार्य में तेजी आ गई है। यहां पर खाद-बीज संग्रहण करने के लिए सरकार बीज निगम के माध्यम से प्रयास कर रही है। मौसम वैज्ञानिक चंद्रा से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून दक्षिण अरब सागर के कुछ भाग, मालदीव, कॉमरीन क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग, उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग में मानसून सक्रिय है।

दक्षिण पश्चिम मानसून के कुछ और भाग में सक्रिय होने के लिए अनुकूल परिस्थितियों बनी हुई है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मंडल तक पूर्व-मध्य अरब सागर, उत्तर कर्नाटक और गोवा तट से सुदूर स्थित है। इसके प्रभाव एक कम दबाव का क्षेत्र इसी स्थान पर बना है। इसके बाद इसके और अधिक प्रबल होकर अवदाब के रूप में अगले 24 घंटे में बनने की संभावना है। (चक्रवात बनने की सम्भावना है)

एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका पंजाब से पूर्वी बांग्लादेश तक हरियाणा, उत्तर प्रदेश, झारखंड, उप हिमालयीन पश्चिम बंगाल तथा सिक्किम होते हुए 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी का आगमन निम्न स्तर पर हो रहा है।

प्रदेश में आज कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश के सरगुजा संभाग और बस्तर संभाग के जिलों में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने, जबकि बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।

डीएपी की कमी, भटक रहे किसान

- कृषि विभाग ने विकल्प के रूप में अन्य प्रोडक्ट का उपयोग करने की सलाह दी
- सहकारी समितियों के माध्यम से बांटी जा रही खाद

रायपुर/नवप्रदेश। मानसून के दस्तक देते ही अब किसान रसायनिक खाद के लिए भटक रहे हैं। इस समय डीएपी खाद की कमी है, जबकि यूरिया और फॉस्फोरस का स्टॉक पर्याप्त है।

मिली जानकारी के अनुसार राज्य में मार्कफेड के माध्यम से करीब 700 टन रासायनिक खाद की आपूर्ति की जाती है। कृषि विभाग द्वारा इसका डिमांड नोट दिया जाता है। अधिकारियों के अनुसार इस समय डीएपी की कमी है। इसमें यूरिया तथा फॉस्फोरस अलग-अलग मात्रा में होती है, इसलिए इसकी डिमांड ज्यादा है। कृषि विभाग ने आदेश जारी कर इसके विकल्प के रूप में ग्रोमोर खाद का उपयोग करने का सुझाव दिया है। यह सभी इफको के प्रोडक्ट है, इसलिए कृषि विभाग ने इसके विकल्प के रूप में अन्य प्रोडक्ट की उपयोग करने की सलाह दी है।

रायपुर केन्द्रीय सहकारी बैंक इस समय प्रदेश का सबसे बड़ा सहकारी बैंक है। यह बैंक रायपुर, बलौदाबाजार, महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी जिले आते हैं, यहां पर बैंक द्वारा 2 लाख टन का खाद का वितरण किया जाता है। पूरे प्रदेश में इस समय खाद वितरण का जिम्मा मार्कफेड के पास है। कच्चा मॉल नहीं होने के कारण डीएपी का उत्पादन नहीं हो रहा है। इसलिए इसके ब्लैक में बिकने की संभावना है। बैंक द्वारा सहकारी समितियों के माध्यम से इसका वितरण किया जाएगा। इसकी कटौती लिंकिंग के माध्यम काट ली जाती है। वर्तमान में यूरिया, फॉस्फोरस की कीमत ज्यादा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com